2017-18

56 वीं वार्षिक रिपोर्ट

मॉयल लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उपक्रम)

इस्पात को शक्तिशाली बनाये

दृष्टीकोण, लक्ष्य एवं उद्देश्य

मॉयल लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)

लक्ष्य

हमारा लक्ष्य प्रभावी, सुरक्षित, किफायती और पर्यावरण अनुकूल तरीके से प्राकृतिक संसाधनों के अन्वेशण और विकास के माध्यम से अपने पणधारियों के लिए दीर्घकालीन लाभ उत्पन्न करना।

दृष्टीकोण

रणनितिक गठबंधन और तकनीकी उन्नयन के माध्यम के मैंगनीज उद्योग बाजार में अपनी अग्रणी प्रतिष्ठा को बनाए रखना तथा वैश्विक विविधीकरण उपक्रम बनना।

रणनीतिक उद्देश्य/ प्राथमिकताएं

- २०३० तक अपना उत्पादन ३ एमएन एमटी बढाकर देश में मैंगनीज की मांग को पूरा करने के उद्देश्य के लिए प्रयास करना।
- संबंधित उद्योगों और भौगोलिक क्षेत्रों में विभिन्न विविधीकरण विकल्पों को तलाशना तथा पणधारियों को लाभ प्रदान करना।
- कर्मचारियों के जीवन को उँचा उठाना और विकास के उत्तम अवसर उपलब्ध करना।
- अपने खनन क्षेत्रों को हरा-भरा और पर्यावरण अनुकूल बनाना।

विषयवस्तु

कार्यनिष्पादन एक नजर में 4
अध्यक्ष का वक्तव्य 6
मंडल की रिपोर्ट अनुबंधों सहित 8
सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट 74

एकल वार्षिक लेखे

एकल वार्षिक लेखों पर स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट 76
भारत के नियंत्रक व महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां तुलनपत्र 82
तुलन पत्र 83
लाभ व हानी विवरण 84
नकदी प्रवाह विवरण 86
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां 87
लेखो पर टिप्पणियाँ 92
व्यवसाय क्षेत्रों के बारे में सूचना 106

समेकित वार्षिक लेखे

समेकित वार्षिक लेखों पर स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट 107
भारत के नियंत्रक व महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां 112
तुलन पत्र 113
लाभ व हानी विवरण 114
नकदी प्रवाह विवरण 116
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां 117
लेखो पर टिप्पणियाँ 123

सदस्यों के लिये महत्वपूर्ण सूचना

कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने कंपनियों को कागजरहित अनुपालनों की अनुमति प्रदान करते हुए कंपनी अभिशासन में पर्यावरण की रक्षा संबंधी पहल की है । सरकार द्वारा पर्यावरण की रक्षा हेतु की गई इस पहल का पूरी तरह से समर्थन करने की दृष्टि से सभी सदस्यों से अनुरोध है कि जिन्होंने अभी तक अपने ई मेल पते दर्ज न कराए हों वे अपनी इलेक्ट्रॉनिक धारित पूंजी (होल्डिंग) के संबंध में अपने ई मेल पते अपने संबंधित निक्षेपागार सहभागी (डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट) के जरिये निक्षेपागार में दर्ज करा दें । जिन सदस्यों के शेयर भौतिक रूप में हों उनसे अनुरोध है कि वे अपने ई मेल पते मॉयल लिमिटेड में या हमारे आर एंड टी एजेंट के पास दर्ज करा दें । पर्यावरण की रक्षा हेतु भारत सरकार द्वारा की जा रही पहल के अनुरूप कंपनी संक्षिप्त वित्तीय विवरण के मुख्य अंश फॉर्म एओसी–३ए में भेज रही है।

अस्वीकरण– कंपनी ने इन दस्तावेजों के मुद्रण में अत्यंत सतर्कता बरती है । तथापि, शेयरधारकों से अनुरोध है कि किसी भी विसंगति की स्थिति में कंपनी को उससे अवगत कराएं। ऐसी स्थिति में कंपनी के निदेशक बोर्ड द्वारा अनुमोदित मूल दस्तावेजों में निहित सूचना अभिभावी होगी ।

निदेशक मंडल

श्री एम.पी. चौधरी
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक

कार्यकारी निदेशक

श्री टी.के. पटनाईक
निदेशक (वाणिज्य)

श्री डी. शोम
निदेशक (उत्पादन एवं योजना)

श्री राकेश तुमाने
निदेशक (वित्त)

सरकारी निदेशक

श्री टी श्रीनिवास
संयुक्त सचिव, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार

श्री सुनील पोरवाल
अतिरिक्त मुख्य सचिव – (उद्योग), महाराष्ट्र शासन

स्वतंत्र निदेशक

श्रीमती सुनंदा प्रसाद

श्रीमती संगीता गैरोला

श्री वी.एम. चरियार

मुख्य सतर्कता अधिकारी

श्री शरत चंद्र तिवारी
मुख्य सतर्कता अधिकारी

कार्यकारी निदेशक

श्री रवि वर्मा
कार्यकारी निदेशक(उत्पादन)

श्री पि.व्ही.व्ही. पटनायक
कार्यकारी निदेशक(परियोजना एवं विविधता)

श्री डी.व्ही. राजू
कार्यकारी निदेशक(कार्मिक)

महाप्रबंधक

श्री टी.के. मंडल
महाप्रबंधक (वित्त)

श्री सी.बी.अतुलकर
महाप्रबंधक (खान)

श्री. पि. करैया
महाप्रबंधक(खान)

श्री एन.एम. शेष
महाप्रबंधक (सतर्कता)

श्री एस.सी. राय
महाप्रबंधक (तकनीकी)

श्री आर.के. वर्मा
महाप्रबंधक (यांत्रिकी)

कंपनी सचिव

श्री एन.डी. पाण्डेय
कंपनी सचिव

कार्यनिष्पादन एक नजर में

विवरणके	2017-18	2016-17	2015-16	2014-15	2013-14
वित्तिय आंकडे (करोडो में)					
परिचलनों से आय	**1323.46**	989.84	634.60	831.16	1028.45
अन्य आय	**177.72**	221.13	252.15	316.61	303.32
कुल आय	**1501.18**	1210.97	886.75	1147.77	1331.77
सकल मुनाफा (ईबीआडीटीए)	**710.37**	516.61	322.72	695.65	804.51
कर पूर्व लाभ	**647.92**	461.90	270.26	650.57	769.33
करोपरांत लाभ	**421.99**	305.83	172.98	428.01	509.56
कुल व्यापक आय	**398.55**	299.27	172.98	428.01	509.56
लाभांश	**159.82**	146.51	84.00	142.80	126.00
इक्विटी शेयर पूंजी	**257.61**	133.19	168.00	168.00	168.00
अन्य ईक्विटी	**2541.59**	2672.16	3285.37	3213.70	2959.33
नेटवर्थ	**2799.20**	2805.35	3453.37	3381.70	3127.33
उधार राशिया	**0.00**	0.00	0.00	0.00	0.00
सकल खंड	**810.47**	734.56	671.88	610.72	510.07
कार्यशील पूंजी	**2212.72**	2362.78	3061.87	3030.68	2805.27
नियोजित पूंजी	**2560.49**	2688.98	3372.76	3324.59	3054.14
महत्वपूर्ण अनुपात					
नियोजित पूंजी पर कर पूर्व लाभ %	**25.30**	17.18	8.01	19.57	25.19
विक्रि पर कर पूर्व लाभ %	**48.96**	46.66	42.59	78.27	74.80
ईक्विटी अनुपात पर कर्ज	**0.00**	0.00	0.00	0.00	0.00
(रु. १० के अंकित मूल्य पर प्रति शेयर आय)	**21.08**	20.21	10.30	25.48	30.33
राजकोश में अंशदान (करोड में)					
आयकर	**225.00**	135.00	97.81	193.83	260.87
लाभांश वितरण कर	**32.54**	13.56	17.31	28.55	21.87
विक्री करव वैट, प्रवेश कर, सेवा कर व जीएसटी	**43.97**	27.58	13.61	20.23	26.75
रायल्टी व उपकर, डीएमएफ, एन मेट	**78.95**	58.61	30.57	35.06	39.78
उत्पाद शुल्क	**4.53**	8.26	5.86	7.91	7.17
म.प्र. सडक उपकर	**25.58**	16.40	10.91	14.12	17.81
कुल	**410.57**	259.41	176.07	299.70	374.25
उत्पादन					
मैंगनीज अयस्क (एमटी)	**1201113**	1004845	1032275	1139156	1134508
ईएमडी (एमटी)	**875**	731	612	950	923
फेरो मैंगनजी (एमटी)	**10573**	9950	6519	10045	10042
पवन चक्कियों से बिजली (केडब्ल्यूएच)	**29009933**	32305629	36370789	32808711	33206045

















बोनस (1.1) इशु के पश्चात

अध्यक्ष का वक्तव्य

श्री एम.पी. चौधरी
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक

प्रिय शेयरधारकों,

56वीं वार्षिक सामान्य बैठक के अवसर पर आपसे चर्चा करते हुए और वित्तीय वर्ष 2017-18 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत गौरव तथा प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है । गतिविधियों के विभिन्न क्षेत्रों, जैसे अब तक के सर्वोच्च पण्यावर्त, अपरिष्कृत धातु की अब तक की सर्वोच्च बिक्री, अपरिष्कृत धातु के अब तक के सर्वोच्च उत्पादन एवम् अब तक के सर्वोच्च पूंजीगत व्यय में आपकी कंपनी के ऐतिहासिक कार्यकलाप आपसे साझा करते हुए मैं वस्तुतः बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ ।

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान भी धातु एवम् खनन उद्योग में सकारात्मक प्रवृत्ति जारी रही और पिछले वर्षों के मुकाबले अच्छा कार्यनिष्पादन हुआ । यह संपूर्ण इस्पात व पण्य बाजार हेतु एक बेहतर वर्ष रहा जहां विशेषकर धातु क्षेत्र में पण्य बाजार में ऊर्ध्वमुखी प्रवृत्ति देखने को मिली । पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष के दौरान मूल्य उच्चतर स्तरों पर रहे और धातु क्षेत्र की कई कंपनियों ने वित्तीय वर्ष के दौरान बेहतर कार्य निष्पादन किया ।

वर्ष 2017-18 का आरंभ मैंगनीज खनन उद्योग में कुछ अनिश्चितताओं के साथ हुआ जिसके फलस्वरूप ज को वर्ष के आरंभ में मैंगनीज धातु के मूल्यों को कम करना पड़ा । बाद में उद्योग में मजबूती दिखायी दी और जून 2017 से वह एक सकारात्मक दिशा में बढ़ने लगा तथा मैंगनीज अयस्क के मूल्यों में भी वृद्धि हुई । औसत बिक्री उगाही पिछले वर्ष के रु.8018 पीएमटी के मुकाबले बढ़ कर चालू वर्ष में रु.10201पीएमटी हो गई जिससे पिछले वर्ष के मूल्यों के मुकाबले 27% की वृद्धि परिलक्षित हुई । बाजार में इस प्रकार के सकारात्मक उतार - चढ़ाव के साथ - साथ विपणन की अच्छी रणनीति, मूल्यन की अच्छी नीति व बेहतर उत्पाद मिश्रण के कारण आपकी कंपनी अपनी गतिविधियों के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर पायी । कंपनी ने पिछले वर्ष के 10.05 लाख टन के मुकाबले 12.01 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया जो पिछले वर्ष के मुकाबले 20 % अधिक है और पिछले 10 वर्षों में सर्वाधिक उत्पादन है ।

आपकी कंपनी मैंगनीज अयस्क की बिक्री वित्तीय वर्ष 2016-17 के 11.29 लाख एमटी के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2017-18 में 11.87 लाख एमटी तक बढ़ाते हुए 5.13 % की वृद्धि दर्ज कर पायी ।

कंपनी ने सकल बिक्री में 33.70 की रेकॉर्ड वृद्धि दर्ज करते हुए पिछले वर्ष के रु. 989.84 करोड के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान रु. 1323.46 करोड की सकल बिक्री दर्ज की । कंपनी ने पिछले वर्ष के रु.461.90 करोड व 305.83 करोड के कर पूर्व लाभ व करोपरांत लाभ के मुकाबले क्रमशः रु.647.92 करोड व रु. 421.99 करोड का कर पूर्व लाभ व करोपरांत लाभ दर्ज किया ।

मॉयल पिछले कई वर्षों से लाभांश देने वाली कंपनी रही है और मुझे यह सूचित करते हुए प्रसन्नता होती है कि आपकी कंपनी के निदेशक मंडल ने वर्ष 2017-18 के लिये 25 % के लाभांश अर्थात रु. 2.50 प्रति ईक्विटी शेयर की सिफारिश की है । इस प्रकार वर्ष 2017 - 18 हेतु कुल लाभांश रु. 5.50 प्रति ईक्विटी शेयर होता है । रु. 5.50 में से आपकी कंपनी ने शेयरधारकों को मार्च 2018 में रु. 3.00 प्रति ईक्विटी शेयर के अंतरिम लाभांश का भुगतान पहले ही कर दिया है ।

आपकी कंपनी हमेशा से ही कंपनी अभिशासन की प्रथाओं यथा विश्वसनीयता संविदा के कार्यान्वयन, आचार संहिता व एक सुपारिभाषित आंतरिक नियंत्रण संरचना को अपनाते हुए कंपनी अभिशासन के सर्वोच्च स्तर को प्राप्त करने के प्रयास करती रही है जिससे कंपनी की व्यावसायिक प्रथाओं में अधिक पारदर्शिता आ सकी है । मॉयल, कंपनी अभिशासन पर सरकारी दिशानिर्देशों व सूचीबद्ध करारों का पालन करती है। तथापि, निदेशकों के रिक्त पदों की भर्ती, जो कंपनी अभिशासन की आवश्यकताओं में से एक है, सरकारी स्तर पर प्रक्रियाधीन है । कंपनी अभिशासन के अनुपालन पर एक रिपोर्ट को बोर्ड की रिपोर्ट में शामिल किया गया है । आपकी कंपनी को कंपनी अभिशासन के विभिन्न मानदंडों के अनुपालन हेतु सरकारी उपक्रम विभाग (डीपीई) से उत्कृष्ट योग्यता - क्रम प्राप्त होता रहा है । मुझे विश्वास है कि वर्ष 2017 - 18 के लिये भी हमें उत्कृष्ट योग्यता क्रम प्राप्त होगा ।

एक अच्छी नागरी कंपनी होने के नाते मॉयल आंतरिक व बाहरी हितधारकों एवम् व्यापक समाज के लोगों के जीवन स्तर का विकास व सुधार करते हुए समाज के जरूरतमंद लोगों के उत्थान हेतु सहायता उपलब्ध कराने में सदैव अग्रणी रही है । कंपनी ने अपने परिचालन के निकटवर्ती क्षेत्रों व अन्य स्थानों पर स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़कों /स्कूलों के निर्माण, जलापूर्ति की सुविधाओं व बाह्य विकास तथा खेल- कूद व सांस्कृतिक विकास के क्षेत्र में कई सीएसआर गतिविधियों को अंजाम दिया है । सीएसआर के अंतर्गत मॉयल द्वारा पूर्ण की गई एक प्रमुख परियोजना यथा चिकला में डीएवी मॉयल पब्लिक स्कूल को निकटवर्ती स्थानों के लोगों से उत्कृष्ट प्रतिसाद प्राप्त हुआ है । यह विद्यालय जो कुछ वर्षों पहले 434 विद्यार्थियों के साथ शुरू किया गया था, में अब 985 विद्यार्थी हैं । कंपनी ने ग्रामीण युवाओं के लिये कौशल विकास गतिविधियां शुरू की हैं । कंपनी अपनी मनसर खदान के पास डीएवी के सहयोग से एक और विद्यालय खोलने की योजना बना रहा है ।

मॉयल फाउंडेशन के अंतर्गत बीएआयएफ डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन, पुणे की एक संस्था महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी ट्रांसफर फॉर रूरल एरियाज़ (मित्रा) के साथ मिल करआपकी कंपनी बड़े पैमाने परअपनी खदानों के आस पास के 21 ग्रामों में सामुदायिक विकास कार्यक्रम चला रही है जिसमें विभिन्न गतिविधियों जैसे सुधारित कृषि कार्य, भू - स्वास्थ्य कार्ड,मवेशी विकास, जल संसाधन प्रबंधन, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, बायो गैस संयंत्रों की स्थापना, महिला स्व - सहायता समूहों की स्थापना, सौर लैंप लगाना शौचालय निर्माण, महिला सशक्तिकरण योजनाएं व शिक्षण व कौशल विकास कार्यक्रम चला रही है । सीडीपी के अंतर्गत चलाये जा रहे कार्यों की सर्वत्र सराहना हो रही है । कंपनी ने वर्ष 2017-18 के दौरान सीएसआर गतिविधियों पर रु. 9.22 करोड की रकम खर्च की है(जिसमें मॉयल फाउंडेशन को अंतरित निधि शामिल है ।)

आपकी कंपनी के पास दि. 31.03.2018 को महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश में 1743.77 हेक्टेयर क्षेत्र के खनन पट्टे उपलब्ध थे । सरकार द्वारा महाराष्ट्र के नागपुर एव भंडारा जिलों में मैंगनीज अयस्क की संभावनाओं का पता लगाने हेतु मॉयल के पक्ष में 814.71 हेक्टेयर भूमि आरक्षित की है । इसमें से सरकार ने 11 क्षेत्रों में कुल 599.74 हेक्टेयर भूमि के भावी लाइसेंस (पीएल) प्रदान किये हैं और शेष लाइसेंस प्रक्रियाधीन हैं । मॉयल ने 211.60 हेक्टेयर से अधिक भूमि हेतु खनन लाइसेंस (एमएल) प्रदान करने का आवेदन किया है । 3 खनन लाइसेंस (एमएल) में से दो खनन लाइसेंसों (एमएल) के सैद्धांतिक अनुमोदन की सूचना दी है और एक आवेदन प्रक्रियाधीन है । सरकारी प्राधिकारियों से यथावश्यक अनुमोदन के बाद शेष भावी लाइसेंस के क्षेत्रों पर स्थायी खनन कार्य शुरू किया जाना है । इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश शासन ने भी

मैंगनीज अयस्क के उत्पादन हेतु बालाघाट में मॉयल के पक्ष में 372.701 हेक्टेयर भूमि का आरक्षण किया है । आपकी कंपनी ने इन पट्टों को खनन पट्टों में परिवर्तित करने हेतु आवश्यक कदम उठाये हैं ताकि ताकि नयी खदाने खोली जा सकें मौजूदा खदानों का विस्तार किया जा सके ।

विश्व की सबसे बड़ी मैंगनीज अयस्क खनन कंपनी बनने की परिदृष्टि लिये और इस्पात उद्योग की मैंगनीज अयस्क की मांग की पूर्ति तथा मैंगनीज अयस्क उत्पादन के क्षेत्र में बाजार को नेतृत्व प्रदान करते रहने का उद्देश्य लिये आपकी कंपनी ने अपनी मौजूदा खदानों के विकास हेतु निवेश की योजना बनायी है । इस दिशा में आपकी कंपनी ने गुमगांव खदान एवम् बालाघाट खदानों में अत्यधिक गति वाले ऊर्ध्वमुखी कूपकों को लगाने का कार्य पहले ही शुरू कर दिया है । वित्तीय वर्ष 2025 तक इन परियोजनाओं का उत्पादन लगभग 3.70 लाख टन से बढ़ कर 7.40 लाख टन तक बढ़ कर दुगुना हो जाने का अनुमान है । इनके अतिरिक्त आपकी कंपनी ने डोंगरी बुजुर्ग खदान में खुले ढलवां विकास कार्य के अलावा चिकला. कांदरी, उकवा और मनसर खदानों पर कूपकों को गहरा करने व गाड़ने की परियोजनाएं हाँथ में ली हैं ।

विशेषकर खदानों में ऊर्जा की आवश्यकता की पूर्ति एवम् गैर – परंपरागत ऊर्जा व पर्यावरण – अनुकूल ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आपकी कंपनी ने मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र की अपनी खदानों में 10.5 मेगा वैट के सौर्य ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना हेतु यथावश्यक कार्रवाई की है । इसके अतिरिक्त मॉयल मध्य प्रदेश के राजगढ़ खास में 20 मेगा वैट की सौर्य ऊर्जा परियोजना के कार्यान्वयन हेतु भी आवश्यक कार्रवाई कर रहा है ।

भारत का इस्पात उत्पादन 6.18 % की वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2016 में 95.50 मिलियन टन से बढ़ कर वर्ष 2017 में 101.40 मिलियन टन हो गया जबकि इसी अवधि के दौरान विश्व के इस्पात उत्पादन की वृद्धि केवल 3.81 % रही । कच्चे लोहे के सबसे बड़े उत्पादक चीन ने 2.98% की वृद्धि दर्शायी जबकि दूसरे सबसे बड़े उत्पादक के रूप में जापान 0.10 % की नकारात्मक वृद्धि दर्ज की ।

मैंगनीज खनन उद्योग का कार्य निष्पादन इस्पात उद्योग से संबद्ध रहता है । वर्ल्ड स्टील असोसियेशन (डब्ल्यू एसए) के अनुसार जनसंख्या में बढ़ोतरी, इस्पात के बढ़ते उपयोग और अधिक उन्नत उपयोगों की संभावनाओं को देखते हुए आगामी 50 वर्षों में वैश्विक इस्पात बाजार में 700 मिलियन टन से 1000 मिलियन टन तक की वृद्धि होने की संभावना है और इसी के साथ यह बाजार आज के मुकाबले 60 % अधिक बड़ा हो जाएगा ।

फिलहाल, वर्ष 2017 – 18 हेतु देश के अनुमानित उत्पादन को मुकाबले आपकी कंपनी लगभग 50 % के मैंगनीज उत्पादन सहित देश की सबसे बड़ी मैंगनीज अयस्क उत्पादक कंपनी है । वर्ष 2017 – 18 के दौरान आयात लगभग 87 % की वृद्धि दर्ज करते हुए 1.91 मिलियन टन से बढ़ कर 3.57 मिलियन टन हो गया । इससे मैंगनीज अयस्क की मांग और आपूर्ति में विद्यान भारी अंतर का पता चलता है जिससे मॉयल को विशेषकर उच्च श्रेणी वाले मैंगनीज अयस्क के उत्पादन को बढ़ाने का अवसर प्राप्त होता है ।

सतत रूप से जारी खनन व अन्वेषण कार्यों के कारण आपकी कंपनी मैंगनीज के अपने भंडार व आरक्षित संसाधनों में वृद्धि कर पायी है जो बढ़ कर 90.66 मिलियन टन हो गया है । इसके साथ ही मॉयल अपनी प्रभावपूर्ण स्थिति, मध्यम से उच्च श्रेणी के अयस्क भंडार,खदानों की केंद्रीकृत अवस्थिति तथा कम उत्पादन लागत व मजबूत ग्राहक संबंधों के कारण भारत की इस्पात मांग में वृद्धि से लाभ उठाने की भी स्थिति में है ।

मूलभूत ढाँचागत विकास पर भारत सरकार द्वारा दिये जा रहे ध्यान को देश के आर्थिक एजेंडे में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है । इस दिशा में सरकार ने कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं जैसे सस्ते आवास, सबके लिये आवास, सड़कों एवम् रेलवे के निर्माण तथा स्मार्ट शहरों के विकास की परियोजनाओं हेतु बड़े निवेश आदि । ऐसे कई उद्योग हैं जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मूलभूत ढँचागत विकास पर निर्भर रहते हैं और इस्पात उद्योग इनमें प्रमुख है । यदि ऐसा हुआ तो मैंगनीज अयस्क की मांग भी बढ़ेगी ।

नवीनतम राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 के अनुसार भारत ने वर्ष 2030 – 31 तक 300 मिलियन टन इस्पात उत्पादन का लक्ष्य रखा है । मुझे विश्वास है कि इससे देश में मैंगनीज अयस्क की मांग लगभग 10 मिलियन टन तक बढ़ जाएगी((जिसमें निर्यात की मांग शामिल नहीं है) भारत का प्रति व्यक्ति इस्पात उपभोग विश्व के 214 किलोग्राम के औसत उपभोग के मुकाबले 65.20 किलोग्राम के निचले स्तर पर बना हुआ है और इस कारण से भी इस्पात उद्योग को अवसर मिलते हैं । इस प्रकार भारत की इस्पात मांग में वृद्धि की पर्याप्त संभावनाएं हैं । इससे मॉयल को अपना उत्पादन बढ़ाने व अपने बाजार अंश में वृद्धि करने के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे ।

इस्पात उद्योग की बढ़ती मांग को पूरा करने व अपने देश में मैंगनीज उद्योग के क्षेत्र में बाजार में अग्रणी स्थान बनाए रखने हेतु मैंगनीज अयस्क का उत्पादन बढ़ाना जरूरी है । तदनुसार मॉयल ने 1.20 मिलियन एमटी के मौजूदा स्तर को बढ़ा कर वर्ष 2021 तक 2.00 मिलियन एमटी,2025 तक 2.50 मिलियन एमटी और वर्ष 2030 तक 3.00 मिलियन एमटी तक बढ़ाने की योजना बनायी है , जिसके लिये एक रणनीतिक योजना पहले ही तैयार कर ली गई है । इस दिशा में आपकी कंपनी ने मौजूदा खदानों के विकास, देश में और देश से बाहर नयी खदानों के अधिग्रहण, खदानों के निकटवर्ती क्षेत्रों में खदानों के अधिग्रहण व मूल्य संवर्धन / विविधीकरण परियोजनाएंआदि स्थापित करने हेतु निवेश करने की योजना बनायी है । जैसा कि आप जानते हैं कि आपकी कंपनी ने वर्ष 2016 – 17 के मुकाबले अपना उत्पादन 20 % से पहले ही बढ़ा दिया है जिसमें वर्ष 2018 – 19 तक और 15 % बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है ।

आपकी कंपनी देश के उन सरकारी उपक्रमों में से है जिसे पिछले कई वर्षों के दौरान उद्योग में उतार – चढ़ाव के बावजूद सतत रूप से उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिये जाना जाता है ।कंपनी को विभिन्न क्षेत्रों में किये गये अच्छे कार्यों , जैसे गुणवत्ता समूह पुरस्कार, कंपनी अभिशासन उत्कृष्ट रेटिंग, सर्वोत्कृष्ट नियोक्त पुरस्कार, सर्वाधिक वृद्धिशील सरकारी उपक्रम पुरस्कार आदि के रूप में राष्ट्रीय व क्षेत्रीय मान्यताएं प्राप्त होती रही हैं । मुझे सूचित करते हुए प्रसन्नता होती है कि आपकी कंपनी की दो और खदानों को खदान मंत्रालय, भारत सरकार से पाँच सितारा रेटिंग प्राप्त हुई है ।

मैं इस अवसर पर भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय, पर्यावरण एवम् वन मंत्रालय, महाराष्ट्र एवम् मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों, सभी सरकारी विभागों, हमारे बहुमूल्य ग्राहकों, कंपनी के बैंकरों, आपूर्तिकर्ताओं, स्टाफ, कामगार यूनियनों, अधिकारी संघ व सभी मॉयलवासियों को कंपनी के कार्यनिष्पादन में उनके महान योगदान हेतु धन्यवाद देता हूँ। साथ ही मैं कंपनी के निदेशक बोर्ड द्वारा प्रदत्त बहुमूल्य मार्गदर्शन की भी सराहना करता हूँ जिसके बिना कंपनी को प्रगामी दिशा प्रदान करना संभव ही नहीं होता। मैं कंपनी के सभी हितधारकों से उनके सतत समर्थन एवम् प्रतिबद्धता की कामना करता हूँ ताकि शेयरधारकों का मूल्य संवर्धन करते हुए कंपनी को नयी ऊँचाइयों पर ले जाया जा सके।

एम.पी.चौधरी

अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक

शेयरधारकों हेतु मंडल की रिपोर्ट

प्रिय शेयरधारकों,

निदेशक बोर्ड की ओर से आपकी कंपनी की 56 वीं वार्षिक रिपोर्ट तथा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट एवम् 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरण प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है ।

➢ वित्तीय विवरण:

वर्ष 2017 – 18 तथा पिछले वर्ष के वित्तीय परिणाम नीचे दिये गये है:

रु. करोंडे में

विवरण	एकल		समेकित	
	2017-18	2016-17	2017-18	2016-17
परिचालकों से आय	1323.46	989.84	1323.46	989.84
अन्य आय	177.72	221.13	177.72	221.13
कुल आय	1501.18	1210.97	1501.18	1210.97
ब्याज पूर्व लाभ, मूल्यहास व कर (ईबीआइडीटीए)	710.37	516.61	705.81	518.18
मूल्यहास	62.45	54.71	62.45	54.71
कर पूर्व लाभ (पीबीटी)	647.92	461.90	643.36	463.47
घटाएं कराधान हेतु प्रावधान	225.93	156.07	225.93	156.07
करोपरांत लाभ (पीएटी)	421.99	305.83	417.43	307.40
अवधि हेतु कुल व्यापक आय	398.55	299.28	393.98	300.85
सामान्य प्रारक्षित निधि को अंतरण	220.00	125.00	220.00	125.00

महत्वपुर्ण वित्तीयअनुपात (एकल परिणाम)

अनुपात	2017-18	2016-17
बिक्री पण्यावर्त में ईबीआइडीडीए (%)	53.68	52.19
निवल साख में पीएटी (%)	15.08	10.90
नियोजित औसत पूंजी में ईबीआइडीटीए (%)	27.06	17.04
प्रति शेयर अर्जन (प्रत्येक रु. १० के अंकित मूल्य पर)	21.08	20.21
प्रति शेयर बही मूल्य *	108.66	210.63

*चूँकि कंपनी ने वर्ष 2017 – 18 के दौरान 1 : 1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी किये थे अतः शेयरों की संख्या में वृद्धि के कारण प्रति शेयर बहीमूल्य में कमी आथयी है।

➢ लाभांश:

मॉयल कई वर्षों से एक लाभांश अदा करने वाली कंपनी रही है । इस प्रथा को वर्ष 2017 – 18 में भीजारी रखते हुए मार्च 2018 में 30 % की दर से अर्थात रु. 3.00 प्रति ईक्विटी शेयर की दर से अंतरिम लाभांश अदा किया गया । आपके निदेशक बोर्ड ने वर्ष हेतु 25 % की दर से अर्थात रु.2.50 प्रति ईक्विटी शेयर की दर से अंतिम लाभांश की सिफारिश की है । इस प्रकार वर्ष 2017 – 18 हेतु कुल लाभांश बढ़े हुए ईक्विटी शेयरों पर रु. 5.50 प्रति ईक्विटी शेयर (पिछले वर्ष रु.11.00) आता है । इस वर्ष का लाभांश बोस पूर्व शेयर पूंजी पर पिछले वर्ष के लाभांश के बराबर है । इस वर्ष हेतु लाभांश वितरण कर सहित कुल लाभांश परिव्यय रु. 173.82 करोड (पिछले वर्ष रु. 176.33 करोड) निकलता है ।

55 वीं वार्षिक साधारण सभा

➢ वित्तीय कार्य निष्पादन:

आपकी कंपनी ने पिछले वर्ष की रु. म989.84 करोड के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2017 – 18 के दौरान रु. 1323.46 करोड की अब तक की सर्वाधिक सकल बिक्री दर्ज की ।इस वर्ष हेतु कर पूर्व लाभ पिछले वर्ष के रु. 461.90 करोड के मुकाबले इस वर्ष 40.27 % से बढ़ कर रु. रु. 647.92 करोड हो गया । कंपनी ने पिछले वर्ष के रु. 305.83 करोड के मुकाबले इस वर्ष रु. 421.99 करोड का करोपरांत लाभ(पीएटी) दर्ज किया । इस वर्ष की कुल व्यापक आय रु. 398.55 करोड रही । उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि के फलस्वरूप अधिक मात्रा में बिक्री की उपलब्धता, बेरतर उत्पाद /बिक्री मिश्रण व इसके परिणामस्वरूप औसत उगाही में हुई वृद्धि के साथ – साथ वर्ष 2017 – 18 के दौरान बाजार की बेहतर स्थिति इस उत्कृष्ट कार्य परिणामों के प्रमुख कारक रहे । सरकारीदिशानिर्देशों के अनुसार आपकी कंपनी ने अधिशेष निधियों का विनियोजन मीयादी जमाराशियों व म्यूचुअल फंडों में किया तथा ब्याज का अर्जन किया जिसे रु. 160.92 करोड के कुल प्राप्त ब्याज (पिछले वर्ष रु. 185.60 करोड) में शामिल किया गया है, जिसे अन्य आय के अंतर्गत रखा गया है । ब्याज आय में कमी मुख्यतः शेयरों की पुनर्खरीद के कारण रु. 210.40 करोड की नकदी का बहिर्गमन और औसत ब्याज दर में कमी के कारण हुई ।

➢ बिक्री :

वित्तीय वर्ष 2017 – 18 में मॉयल ने 33.70 % से अधिक की वृद्धि दर्ज करते हुए पिछले वर्ष के रु. 989.84 करोड के पण्यावर्त के मुकाबले रु.1323.46 का अब तक का सर्वाधिक पण्यावर्त हांसिल किया ।वित्तीय वर्ष 2017 – 18 के दौरान आम तौर पर आयातित मैंगनीज अयस्क और कच्ची धातु के मूल्यों में ऊर्ध्वमुखी प्रवृत्ति देखने में आयी, जिससे भारतीय लौह अयस्क उद्योग में सकारात्मक रुझान आया । मूल्यों में इस ऊर्ध्वमुखी प्रवृत्ति से लाभ उठाने तथा बेहतर वसूली उगाही प्राप्त करने की दृष्टि से जब कभी संभव हुआ मॉयल ने तिमाही पुनरीक्षण के बजाए मासिक आधार पर मूल्यों का पुनरीक्षण जारी रखा । वर्ष के दौरान औसत बिक्री उगाही रु.8018 से बढ़ कर रु.10201 हो गयी और कंपनी का बिक्री पण्यावर्त 33.74 % की वृद्धि सहित रु. 905.34 करोड से बढ़ कर रु. 1210.79 करोड हो गया । एक विवेकपूर्ण विपणन एवम् मूल्यन नीति के साथ आपकी कंपनी मैंगनीज अयस्क की बिक्री में लगभग 5.13% की वृद्धि करते हुए उसे वित्तीय वर्ष 2016 – 17 के 11.29लाख एमटी से बढ़ा कर वित्तीय वर्ष 2017 – 18 में रु. 11.87 लाख एमटी कर पायी, जिसमें अपरिष्कृत मैंगनीज अयस्क की अब तक की सर्वाधिक बिक्री भी शामिल है, जो कंपनी का मुख्य व्यवसाय है । बिक्री को बढ़ाने हेतु बाजार की स्थितियों से सर्वोत्कृष्ट लाभ उठाने की दृष्टि से कंपनी ने वर्ष के दौरान विभिन्न सकारात्मक कदम उठाना जारी रखा जैसे दूरदराज के खरीदारों को रेल भड़े की आँशिक प्रतिपूर्ति करना आदि ।

मॉयल की ग्राहक बैठक

कंपनी के निर्मित उत्पादों यथा इलेक्ट्रोलिटिक मैंगनीज डाइ ऑक्साइड (ईएमडी) व फेरो मैंगनीज के संबंध में कुल निवल बिक्री पिछले वर्ष के दौरान रु.76.67 करोड के मुकाबले वर्ष 2017 – 18 के दौरान रु.105.65 करोड थी । अपेक्षातः कम पिछले स्टॉक के फलस्वरूप ईएमडी की मात्रात्मक बिक्री वर्ष 2016 – 17 के 952 एमटी से जरा सा घट कर वर्ष 2017 – 18 में 915 एमटी हो गयी। किंतु फेरो मैंगनीज की मात्रात्मक बिक्री 16.30 % से बढ़ कर वर्ष 2016 – 17 के 9540 एमटी से बढ़ कर वर्ष 2017 – 18 में 11095 एमटी हो गयी ।

➢ उत्पादन व उत्पादकता:

आपकी कंपनी ने मैंगनीज अयस्क की विभिन्न श्रेणियों के पिछले वर्ष के 10.05 लाख टन के उत्पादन के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2017 – 18 में 12.01 लाख टन का उत्पादन किया, जो पिछले 10 वर्षों का सर्वाधिक उत्पादन है । वर्ष के दौरान 0.862 टन के प्रति व्यक्ति पाली (ओएमएस) उत्पादन(पिछले वर्ष 0.722 टन) में भारी सुधार देखने में आया । ईएमडी का उत्पादन 19.70 % वृद्धि दर्ज करते हुए पिछले वर्ष के दौरान 731 टन के मुकाबले बढ़ कर 872 टन हो गया । फेरो मैंगनीज का उत्पादन पिछले वर्ष के 9950 एमटी के मुकाबले 6.26 % से बढ़ कर 10573 एमटी हो गया ।

बालाघाट खदान पर तीव्र गति वाले ऊर्ध्वमुखी कूपक लगाने हेतु भूमि पूजन

➢ शेष माल:

कंपनी के पास दि. 31.03.2017 को रु.81.89 करोड मूल्य के 1.42 लाख टन के मैंगनीज अयस्क के शेष स्टॉक के मुकाबले दि. 31.03. 2018 को रु. 58.70 करोड मूल्य का 1.21 लाख टन मैंगनीज अयस्क का शेष स्टॉक था।

फेरो मैंगनीज का शेष स्टॉक दि. 31.03.2017 के रु. 10.99 करोड मूल्य के 3008 टन के मुकाबले दि. 31.03.2018 को रु.15.74 करोड मूल्य का 2486 टन था । ईएमडी का शेष स्टॉक दि. 31.03.2018 को 33 एमटी (पिछले वर्ष73 एमटी) था, जिसका मूल्य 0.29 करोड (पिछले वर्ष रु.0.58 करोड था।

➢ पूंजी / मूल्य संवर्धन / विविधीकरण परियोजनाए:

भावी आवश्यकताओं को पूरा करने व उद्योग में अपना नेतृत्व बनाए रखने की दृष्टि से मॉयल ने अपना उत्पादन 1.2 मिलियन एमटी के मौजूदा स्तर से बढ़ा कर वर्ष 2021 तक 2.0 मिलियन एमटी, वर्ष 2025 तक 2.5 मिलियन एमटी व वर्ष 2030 तक 3.00 मिलियन एमटी तक करने की योजना बनायी है, जिसके लिये एक रणनीति पहले ही तैयार कर ली गई है ।

इस दिशा में आपकी कंपनी ने मौजूदा खदानों के विकास, देश में और देश से बाहर नयी खदानों के अधिग्रहण, खदानों के निकटवर्ती क्षेत्रों में खदानों के अधिग्रहण व मूल्य संवर्धन / विविधीकरण परियोजनाएंआदि स्थापित करने हेतु निवेश करने की योजना बनायी है । कुछ परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं व कुछ प्रक्रियाधीन हैं । इन परियोजनाओं हेतु वर्ष 2030 तक लगभग रु.2500 करोड का निवेश आवश्यक होगा ।

➢ पूंजीगत व्यय तथा खदान विस्तार परियोजनाए:

उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करने हेतु मॉयल ने विभिन्न खदान विकास एवम् विस्तार परियोजनाएं हाँथ में ली हैं जिनमें बालाघाट एवम गुड़गांव खदानों में लगभग रु. 460 करोड के कुल निवेश के साथ उच्च गति वाले कूपक लगाना शामिल है ।अपनी गतिविधियों में विविधता लाने की दृष्टि से बालाघाट व गुड़गांव खदानों में लगभग रु. 419 करोड के निवेश से कुल 75000एमटी क्षमता के लौह अयस्क संयंत्र (फेरो एलॉय प्लांट) लगाने का निर्णय लिया गया है ।

चिकला खदान पर 2रा ऊर्ध्वमुखी कूपक

कंपनी की पूंजीगत व्यय योजनाओं में ऊर्ध्वमुखी कूपक लगाने / खनन परियोजनाओं / खनन हेतु नये पट्टों / क्षेत्रों के विकास /नियमित संवर्धन /अचल आस्तियों के प्रतिस्थापन / नगर क्षेत्र, , अनुसंधान, विकास आदि हेतु निवेश की परिकल्पना शामिल है । कुल पूंजीगत व्यय उपयोग पिछले वर्ष के रु.120.74 करोड के मुकाबले वर्ष 2017 – 18 के दौरान रु. 206.74 करोड रहा ।

➢ **पूर्ण की गई परियोजनाएं / कार्यान्वयन के अधीन परियोजनाएं –**

1) रु.28.30 करोड की लागत से लोडिंग स्टेशन सहित ऊर्ध्वमुखी कूपकों को 135 मीटर तक गहरा करना । कूपक को गहरा करने व लाइनिंग का कार्य पहले ही किया जा चुका है । निचले स्तरों से उत्पादन शुरू हो गया है। पूरक विकास कार्य प्रगति पर है ।

2) रु.48.70 करोड की पूंजीगत लागत से चिकला खदान पर एक अन्य ऊर्ध्वमुखी कूपक को 160 मीटर तक डालने का कार्य – कार्य प्रगति पर है और परियोजना अपनी तय समय सारिणी के अनुसार आगे बढ़ रही है ।

3) रु.14.82 करोड की पूंजीगत लागत से कांदरी खदान पर एक अन्य ऊर्ध्वमुखी कूपक को 60 मीटर तक गहरा करने का कार्य – परियोजना अपनी तय समयसारिणी के अनुसार प्रगति पर है ।

4) रु.51.32 करोड की पूंजीगत लागत से मनसर खदान पर एक अन्य ऊर्ध्वमुखी कूपक को 160 मीटर तक गहरा करने का कार्य – परियोजना अपनी तय समयसारिणी के अनुसार प्रगति पर है ।

5) रु.77.15 करोड की पूंजीगत लागत से उकवा खदान पर एक अन्य ऊर्ध्वमुखी कूपक को 324 मीटर तक गहरा करने का कार्य – परियोजना अपनी तय समयसारिणी के अनुसार प्रगति पर है ।

6) रु.194 करोड की पूंजीगत लागत से गुड़गांव खदान पर एक अन्य ऊर्ध्वमुखी कूपक को 330 मीटर तक गहरा करने का कार्य – परियोजना अपनी तय समयसारिणी के अनुसार प्रगति पर है ।

7) रु.259 करोड की पूंजीगत लागत से बालाघाट खदान पर एक अन्य ऊर्ध्वमुखी कूपक को 750 मीटर तक गहरा करने का कार्य – परियोजना अपनी तय समयसारिणी के अनुसार प्रगति पर है ।

➢ **आगामी / नयी परियोजनाए:**

1) रु.263.82 करोड के निवेश से बालाघाट खदान में 50000 एमटीपीए का फेरो अलॉय संयंत्र

2) रु.155.00 करोड के निवेश से गुड़गांव खदान में 25000 एमटीपीए का फेरो अलॉय संयंत्र

भावी ग्रहकों के साथ संयुक्त उद्यम (जेवी) या उठाव समझौतों (ऑफटेक अग्रीमेंट) के अधीन बोर्ड द्वारा इन परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया है ।सांविधिक मंजूरियां प्राप्त कर लेने पर तार्यान्वयन शुरू किया जाएगा ।

➢ **देश के भीतर व बाहरखदानों का अधिग्रहण:**

कंपनी की रणनीतिक प्रबंधन योजना के अनुरूप विदेश के मैंगनीज अयस्क निर्माताओं के साथ रणनीतिक गठबंधन तथा उठाव समझौते करने की योजना है । इस संबंध में प्रस्ताव र्राप्त करने की दृष्टि से कंपनी की वेबसाइट पर एक खुली रुचि अभिव्यक्ति (ईओआइ) प्रदर्शित की गई है । इसमें प्राप्त प्रस्तावों का अगली कार्रवाई हेतु मूल्यांकन किया जाता है ।

➢ **संयुक्तउद्यम वाली कंपनियां (सेल एंड मॉयलफेरो एलॉय प्रा. लि. तथा रिनमॉयल फेरो एलॉय प्रा.लि.)**

फेरो एलॉय संयंत्र की स्थापना हेतु मॉयल के स्टील अथॉरिटी ऋफ इंडिया लिमिटेड (एसएआइएल) व राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेडआरआइएनएल) के साथ दो अलग – अलगसंयुक्त उद्यम (50 : 50 हैं ।एमईसीओएन लिमिटेड द्वारा तैसार टीईएफ आर के अनुसार फिलहाल राज्य विद्युत बोर्डों की ऊर्जा की दरों को देखते हुए ये परियोजनाएँ कार्यक्षम नहीं हैं । इसलिये वर्ष के दौरान दोनों संयुक्त उद्यम वाली कंपनियों में कोई कार्य नहीं हुआ । कंपनी लेखा नियम, 2004 के नियम 5 के साथ पठित धारा 129 की उप धारा (3) के पहले उपबंध के अनुशीलन में सहायक कंपनियों के वित्तीय विवरणों की मुख्य मुख्य बातें (फॉर्म एओशी–1) अनुबंध–1 के रूप में संलग्न है ।

➢ **अन्वेषण व्यवसाय**

खदान मंत्रालय, भारत सरकार ने विभिन्न खनिजों के संबंध मेंअन्वेषण करने हेतु एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की धारा 4(1) के अंतर्गत अखिल भारतीय स्तर पर मॉयल को अधिसूचित किया है । इससे मॉयल को इस नये क्षेत्रमें अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अवसर प्राप्त होगा । मॉयल ने प्रच्छादित मैंगनीज अयस्क की रूपरेखा का चित्रण करने हेतु मध्य प्रदेश राज्य के चार जिलों यथा बालाघाट, छिंदवाड़ा, जबलपुर व झाबुआ में जिलों के भीतर दूर संवेदी (रिमोट सेंसिंग) अध्ययन करने हेतु राष्ट्रीय दूर संवेदी केंद्र (एन आर एस सी) से समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) पर हस्ताक्षर किये हैं । अध्ययन के बाद, मध्य प्रदेश शासन के साथ किये गये समझौता ज्ञापन के अनुसार अन्वेषण कार्य किया जाएगा ।

➢ **अन्वेषण व छायाचित्रण**

मॉयल अनुसंधान व विकास (आरएंड डी) में क्षमता निर्माण व आंतरिक अध्ययन हेतु शैलवर्णन प्रयोगशाला (पेट्रोग्राफी लैबोरेटरी) सहित एक आंतरिक दूर संवेदी प्रयोगशाला की स्थापना करने जा रहा है ।

➢ अनुसंधान व विकास (आर एंड डी)

मॉयल अपनी खदानेतर गतिविधियों के अंतर्गत मैंगनीज अयस्क की विभिन्न श्रेणियों के अन्वेषण, , दोहन एवम् विपणन के कार्य में संलग्न है तथा मूल्य संवर्धित उत्पादों जैसे इलेक्ट्रोलिटिक मैंगनीज डाइ ऑक्साइड(ईएमडी) और हाई कार्बन फेरो मैंगनीज अयस्कों जैसे उत्पादों का भी उत्पादन करता है ।मॉयल मध्य भारत में दस खदानों का परिचालन करता है जिनमें से तीन खदानों का परिचालन ओपन कास्ट खनन द्वारा और सात खदानों का परिचालन भू खनन की कठिन स्थितियों में मैंगनीज अयस्क के संकीर्ण भूखंडों में भूमिगत खनन द्वारा किया जाता है जहां पर खदानों की दीवारें अत्यंत खराब चट्टानों वाली होती हैं । कंपनी ने देश की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं तथा सीएसआइआर- अनुसंधान व विकास संस्थाओं के साथ विचार - विमर्श करते हुए नयी प्रोद्यौगिकी अपनाते हुए खदानों में सुरक्षा, उत्पादकता व पर्यावरण मानकों में सुधार लाने हेतु अनुसंधान व विकास कार्यों में सहभाग लिया है । अनुसंधान व विकास की 5 विभिन्न परियोजनाओं हेतु मॉयल निम्नलिखित संस्थाओं के साथ मिल कर काम कर रहा है:

फुरुकवा द्वारा निर्मित टिकाऊ व मजबूत वैगन ड्रिल मशीन

सीएसआइआर- सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ माइनिंग एंड फ्यूल रिसर्च सीआइएमएफ आर), नागपुर व धनबाद

सीएसआइआर- नैशनल मेटालर्जिकल लैबोरेटरी, जमशेदपुर

सीएसआइआर नैशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनजीआरआइ), हैदराबाद

सीएसआइआर-नैशनल एनवाइरेनमेंटल एंड इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूबट (एनईईआरआइ), नागपुर

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी(आइआइटी), खड्गपुर

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी(आइआइटी), (भूतपूर्व इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स), धनबाद

नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी (एनआइटी), राउरकेला

विश्वेसरैया नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी (वीएनआइटी), नागपुर

नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रॉक मैकेनिक्स (एनआइआरएम), कोलार गोल्ड फील्ड्स

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग साइंस एंड टेक्नॉलॉजी (आइआईईएसटी), शिबपुर,

नैशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर, हैदराबाद

मॉयल की महत्वपूर्ण अनुसंधान व विकास परियोजनाएं निम्नानुसार है:

1. **खदान का पर्यावरण:**

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी(आइआइटी), खड्गपुर ने मनसर, कांदरी व उकवा की खदानों में गहरे स्तरों पर वायुसंचार पुनर्गठन अध्ययन आयोजित किया । तदनुसार, कांदरी व चिकला की खदानों मेंअधिक व्यास के वायुसंचार पंखे लगाने हेतु नये वायुसंचार संवहन यंत्र विकसित किये जा रहे हैं ।

2. **खदान सुरक्षा- खदान धँसना:**

मनसर खदान हेतु खदान आयोजन व निरूपण विभाग द्वारा आंतरिक रूप से धँसान के परिमापों का वैज्ञानिक त्रिविमितीय विश्लेषण किया गया है । विश्लेषण से इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि खदान में किसी भी लंबकोणीय दिशा में कोई विशेष हलचल नहीं पायी गई है ।

3. **खनिज संरक्षण:**

एनआइआरएम ने मनसर खदान में अनुसंधान व विकास अध्ययन किया है। सुझाये गये ढलान के निरूपण में निचली चट्टान की दीवार में चटखनियों, एक्स कट व इन स्टोप सहित सचालन मार्ग बनाने का समावेश है । इससे मैंगनीज अयस्क के भू भाग में स्वस्थाने दहलीज खंब को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है और दहलीज खंब में फसे खनिज को बचा लिया है । स्टोप के संशोधित निरूपण में भूमिगत खदानों में मैगनीज अयस्क के दोहन की मात्रा में लगभग 20 % की वृद्धि हुई है जिसके कारण बहुमूल्य खनिज संसाधन का संरक्षण संभव हो पाया है ।

4. **खदान प्रोद्यौगिकी:**

1) ढलान:

सीएसआर- सीआइएमएफआर, नागपुर द्वारा गुड़गांव खदान के लिये ढलान के जरिये भूमिगत भराव क्षेत्र में प्रवेश हेतु अनुसंधान व विकास परियोजना तैयार की गई है । आर्थिक मूल्यांकन हेतु व्यवहार्यता अध्ययन जारी है । इससे भराई के परिचालनों के यंत्रीकरण के जरिये उत्पादन , सुरक्षा व उत्पादकता में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

2) विस्फोटक की ढुलाई का विकल्प:

डोंगरी बुजुर्ग ओपन कास्ट खदान में शॉक ट्यूब्स के साथ साइट मिक्स इमल्शन (एसएमई)विस्फोटकों का प्रयोग किया जाता है । एसएमई के विस्फोट - उपरांत के परिणाम संतोषजनक पाए गये हैं और इससे कार्यात्मक क्षमता में वृद्धि के अतिरिक्त ध्वनि के स्तर, भू कंपन एवम् चट्टानों के छितराने के स्तर में भी पर्याप्त कमी आयी है ।

5. **शैक्षणिक व अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोगात्मक कार्य:**

1) मॉयल बालाघाट खदान में एनआइआरएम, बेंगलुरू के साथ मिल कर आधुमिक वैज्ञानिक शैल यांत्रिकी उपकरण लगाने हेतु संयुक्तसहयोगात्मक अनुसंधान और विकास परियोजना चला रहा है ।

2) डोंगरी बुजुर्ग खदान में बेहतर सुरक्षा के लिये नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी, राउरकेला के साथ मिल कर बेतार संवेदी नेटवर्क का उपयोग करते हुए आधुनिक ढलान अमुप्रवर्तन उपकरणों- टाइम डोमेन रिफ्लेक्टोमेटरी (टीडीआर)हेतु ढलान संतुलन के लिये सहयोगात्मक अनुसंधान जारी है ।

6. आंतरिक अनुसंधान व विकास कार्य:

1) भराई की सामग्री हेतु पर्याय:

खदान आयोजन एवम् निरूपण विभाग ने मनसर खदान में प्रायोगिक आधार पर हाइड्रॉलिक परिवहन द्वारा भूमिगत खदानों में भराई सामग्री के रूप में उपयोग में लाने हेतु अधिभारी सामग्री के संबंध में एक आंतरिक अनुसंधान व विकास अध्ययन किया है और एक पेटेंट भी फाइल कर दिया है ।

ख. पहले से ढले आरसीसी कॉलम व लेक्शन:

संवहन विकास में आंतरिक रूप से विकसित पहले से ढले आरसीसी कॉलम व सेक्शन अत्यंत तीव्रता से लगाये गये हैं जिससे भूमिगत खदानों में संवहन विकास के सुरक्षा मानकों में सुधार हुआ है ।

अनुसंधान व विकास गतिविधियों के संबंध में और अधिक विवरण अनुबंध-2 में दिये गये हैं ।

ऊर्जा संरक्षण:

कंपनी के विभिन्न स्थलों पर विभिन्न ऊर्जा बचत परियोजनाएं चल रही हैं । नयी तकनीक के उपकरणों के कार्यान्वयन, बिजली के उपयोग पर यथोचित निगरानी करते हुए एवम् बर्बादी को टालते हुए द्वारा ऊर्जा बचत के लक्ष्य को प्राप्त किया जाएगा ।

ऊर्जा के उपभोग में कमी वइस आशय की भावी योजनाएं निम्नानुसार हैं

1. महाराष्ट्र की खदानों में 5 एमडब्ल्यू की सौर्य परियोजना व मध्य प्रदेश की खदानों में 5.5 एमडब्ल्यू की सौर्य परियोजना पूरी होने वाली हैं ।
2. मध्य प्रदेश के राजगढ़ खास में 20 एमडब्ल्यू की सौर्य ऊर्जा परियोजना प्रस्तावित है ।
3. मॉयल भवन नागपुर में 54 केडब्ल्यू का सौर्य ऊर्जा संयंत्र प्रस्तावित है ।
4. सभी खदानों एवम् संयंत्रों के प्रशासनिक प्रखंडों में ऊर्जा की बचत करने वाले प्रकाश लैंप, पंखे, वातानुकूलित यंत्र लगाने का काम प्रगति पर है ।
5. चकला खदान पर भूमिगत खदान हेतु स्वचालित पंपिंग परिचालन का कार्य प्रगति पर है ।
6. डोंगरी बुजुर्ग खदान पर परंपरागत प्रकाश का एलईडी प्रकाश द्वारा प्रतिस्थापन ।
7. इस वर्ष ऊर्जा की बचत करने वाले ट्रांसफॉर्मर, मोटर,हाई मास्ट लैंप लेने का प्रस्ताव है ।
8. बालाघाट खदान में एक बैटरी वाले इंजन (लोकोमोटिव) हेतु सम्पोषक नियंत्रण प्रणाली (रीजनरेटिव कंट्रोल सिस्टम) प्रदान की गई है ।

कंपनी की खदानों संयंत्रों के लिये प्रति टन उत्पादन हेतु बिजली का उपयोग निम्नानुसार है:

क्रम. स.	विवरण	केडब्ल्यूएच उपभोग पीएमटी	
		2017-18	2016-17
1.	मैंगनीज अयस्क	22.12	23.54
2.	फेरो मैंगनीज	3074.92	3062.76
3.	इलैक्ट्रोलिटिक मैंगनिज डाइ ऑक्साइड	3069.00	3425.86

ऊर्जा संरक्षण के विवरण अनुबंध-II में दिये गये हैं ।

- **पवन ऊर्जा निर्माण**

मॉयल के पास इंदौर(म.प्र.) के निकट देवास जिले में 4.8एम डब्ल्यू व 15.2 एमडब्ल्यू के पवन फार्म क्रमशः नागदा हिल्स व रातेडी हिल्स में स्थित हैं ।4.8एम डब्ल्यू के पवन फार्ण से निर्मित ऊर्जा को बालाघाट खदान तक पहुँचाया जाता है और उसका उपभोग खदान में व कंपनी के फेरो मैंगनीज संयंत्र में किया जाता है । 15.2 एमडब्ल्यू के पवन फार्म से निर्मित ऊर्जा उपयोग हेतु यथा मध्य प्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड को बेची जाती है । कंपनी ने वर्ष 2017-18 के दौरान 2.9 करोड केडब्ल्यूएच बिजली निर्मित की (पिछले वर्ष 3.23 करोड केडब्ल्यूएच)।

देवास, म.प्र. के पवन फार्म

- **खनन पट्टा और अन्वेषण :**

मॉयल के पास महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश में दि.31.03.2018 को कुल 1743.77 हेक्टेयर का पट्टा क्षेत्र है (जिसमें उकवा, बालाघाट, तिरोडी और डोंगरी बुजुर्ग के वन क्षेत्र शामिल नहीं हैं जिन्हें अभी तक निष्पादित नहीं किया गया। महाराष्ट्र शासन ने नागपुर व भंडारा जिलों में मैंगनीज अयस्क की संभावनाओं का पता लगाने हेतु मॉयल के पक्ष में 814.71 हेक्टेयर के क्षेत्र का आरक्षण किया है। इसमें से राज्य सरकार ने कुल 597.44 हेक्टेयर के 11 क्षेत्रों के भावी लाइसेंस (पीएल) प्रदान कर दिये हैं व शेष प्रक्रियाधीन हैं ।

राष्ट्रीय भू- भौतिकी अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआइ) द्वारा 11 भावी लाइसेंस प्राप्त (पीएल) क्षेत्रों के अंतर्गत गुरुत्वाकर्षी व चुंबकीय पद्धति से भू - भौतिकी सर्वेक्षण कार्य किया था

सर्वेक्षण के परिणामों के आधार पर मॉयल ने 3 भावी लाइसेंस प्राप्त (पीएल) क्षेत्रों में खुदाई का कार्य किया गया था और इन क्षेत्रों के अंतर्गत मैंगनीज अयस्क होने की पुष्टि हुई

है । तदनुसार कंपनी ने 211.60 हेक्टेयर से अधिक के खनन लाइसेंसों (एमएल) हेतु आवेदन कर दिया है व सरकार ने 132.46 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाले दो खनन लाइसेंसों की सैद्धांतिक मंजूरी की सूचना दे दी है और एक आवेदन प्रक्रियाधीन है ।सरकारियों से यथापेक्षित अनुमोदन प्राप्त हो जाने पर शेष भावी लाइसेंस प्राप्त (पीएल) क्षेत्रों पर मुख्य खुदायी का काम शुरू किया जाएगा ।

मॉयल की खदान पर स्थापित अन्वेषण ड्रिलिंग मशीन

उपर्युक्त के अतिरिक्त मध्य प्रदेश सरकार ने भी मैंगनीज अयस्क की संभावनाओं का पता लगाने हेतु तवेझरी मांझरा गांव, जिला बालाघाट, म.प्र. में मॉयल के पक्ष में 372.701 हेक्टेयर के क्षेत्र का आरक्षण किया है । मॉयल ने भी पट्टा क्षेत्र में मुख्य खुदायी करते हुए अन्वेषण कार्य किया है । वर्ष 2017 – 18 के दौरान मॉयल के पट्टा क्षेत्र के अंतर्गत 25147 मीटर की मुख्य खुदायी का कार्य किया गया है जिसमें से 6197 मीटर का खनन कार्य मॉयल के विभाग द्वारा व शेष 18,950 मीटर की खुदायी संविदात्मक साधनों द्वारा की गई ।

खुदायी व अन्वेषण कार्य सतत रूप से जारी रखते हुए आपकी कंपनी ने अपने आरक्षित भंडार व मैंगनीज अयस्क के संसाधनों में वृद्धि करने में सफलता अर्जित की है जो अब बढ़ कर 90.66 मिलियन टन हो गया है । इसके साथ ही, अपनी प्रभावपूर्ण स्थिति, मध्यम से उच्च श्रेणी के आरक्षित अयस्क भंडार, केंद्रीकृत खदानों, उत्पादन की कम लागत तथा मजबूत ग्राहक संबंधों को देखते हुए मॉयल भारत की इस्पात की मांग से लाभ उठाने की मजबूत स्थिति में है ।

➢ सूचना प्रोद्यौगिकी का विकास व उसका उपयोग:

- अपनी सभी खदानों कार्यालयों में संगणक लगाना ।
- प्रधान कार्यालय, नागपुर में विंडोज पर इंटरनेट आधारित लोकल एरिया नेटवर्क (एलएएन) व लाइनक्स प्लेटफॉर्म उपलब्ध है। कंपनी की सभी खदानों में लैन का निरूपण करते हुए उसे विकसित किया गया है ।
- एनआइसी के सर्वर पर एक गतिशील इंटरनेट वेबसाइट का निरूपण, विकास व निर्माण किया गया है तथा एक आंतरिक इंट्रानेट सर्वर भी बनाया गया है ।
- एप्लीकेशनों, डाटाबेस / सूचना के नियमित रूप से प्रभावी आदान – प्रदान हेतु सभी खदानों एवम् प्रधान कार्यालय को एमपीएलएस वैन तथा वीपीएन के जरिये पट्टाकृत लाइन / ब्रॉडबैंड से जोड़ा गया है ।
- सतत रूप से जानकारी जुटाने, , ई – मेलिंग व इंटर युनिट डाटा अंतरण की सुविधाओं हेतु प्रधान कार्यालय के सभी संबंधित प्राधिकारियों को ओएफसी पर 40एमबीपीएस (1:1) की इंटरनेट पट्टाकृत लाइन के जरिये इंटरनेट कनेक्शन दिया गया है ।कंपनी की सभी खदानों को पट्टाकृत लाइन / ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन प्रदान किये गये हैं ।

- रु. 2 लाख व अधिक मूल्य वाले सभी माल की अधिप्राप्ति एमएसटीसी के ई – प्रोक्योरमेंट पोर्टल के जरिये की जाती है ताकि अधिप्राप्ति की प्रक्रिया में पारदर्शिता रहे।
- कंपनी में ईआरपी का कार्यान्वयन किया गया ।
- कंपनी में वीडियो कॉनफ्रेंसिंग सुविधा का कार्यान्वयन किया गया।

➢ उद्यम संसाधन आयोजन (ईआरपी)

मॉयल के ईआरपी में सभी व्यावसायिक प्रक्रियाओं के समेकनकी परिकल्पना की गई है जिससे ऐसी जानकारी पर आधारित निर्णय लिये जा सकों जो सभी स्तरों पर दिखायी दें व पारदर्शी हों ।संपूर्ण संगठन में एकल व्यवहार आधार साझा व अद्यतन किये जाने से सभी व्यावसायिक कार्यों का मास्टर डाटा बनाया जा सका है ।

कारपोरेट कार्यालय, नागपुर में ईआरपी हेतु एक अत्याधुनिक डाटा सेंटरतैयार करते हुए चालू किया गया है ।

एसएपी के मुख्य मापांकों (यथा वित्त व नियंत्रण, सामग्री प्रबंधन, बिक्री व वितरण, उत्पादन व आयोजन,संयंत्र रखरखाव, मानव संसाधन) के अतिरिक्त कंपनी ने प्रलेख प्रबंधन प्रणालियों का भी कार्यान्वयन किया है ।

जनवरी 2017 से नेमी स्वरूप के सभी व्यावसायिक व्यवहार पारंपरिक पद्धतियों से एसएपी में अंतरित कर दिये गये हैं और यह पद्धति अब स्थिर हो चुकी है । इसीके साथ, परिचालनों के बेगतर अनुप्रवर्तन व पारदर्शिता हेतु नयी प्रबंध सूचना पद्धति भी विकसित की गई है।

अखिल भारतीय खदान बचाव स्पर्धा 2017 में पुरस्कार

➢ सुरक्षा व व्यावसायिक स्वास्थ्य:

आपकी कंपनी खदानों / संयंत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष महत्व देती है और खनन की नवीनतम तकनीकों की शुरुवात तथा खनन के व्यवहारों के यंत्रीकरण के जरिये सुरक्षा उपकरणों के स्तरों में सतत रूप से सुधार करते हुए दुर्गटनाओं को कम करने हेतु सतत रूप से प्रयत्नशील रहती है। खदानों में सुरक्षा मानकों में सुधार हेतु निम्नलिखित कदम उठाये गये है:

- कामगारों में सुरक्ष जागरूकता विकसित करने हेतु कामगारों को प्रशिक्षित व पुनर्प्रशिक्षित करना ।
- सुरक्षा समितियों की नियमित रूप से बैठकें आयोजित करना जिनमें हानी की दर को कम करने की दृष्टि से कड़ाईपूर्वक दुर्घटनाओं का विश्लेषण किया जाता है ।

- सभी स्तरों पर कर्मचारियों से चर्चाएं आयोजित की जाती हैं ताकि दुर्गटनाओं को यथासंभव अधिकाधिक टाला जा सके ।
- हर कर्मचारी को विशेष प्रशिक्षण के अलावा नियमित रूप से व्यावसायिक व पुनश्चर्या प्रशिक्षण दिया जाता है।
- निरंतर विकास व खनन एवम् पर्यावरण कानून में सुरक्षा की भूमिका पर प्रशिक्षम कार्यक्रम।
- व्यावसायिक स्वास्थ्य एवम् प्रबंधन पद्धतियों के क्षेत्रमें मॉयल को बालाघाट, डोंगरी बुजुर्ग, चिकला, कांदरी, मनसर, गुमगांव, तिरोडी तथा उकवा खदानों के लिये ओएचएसएएस 18001- 2007 प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है ।
- डीजीएमएस की आवश्यकता के अनुसारसुरक्षा प्रबंधन योजना तैयार करना व बाहरी विशेषज्ञों से अपनी सभी भूमिगत व ओपन कास्ट खदानों का जोखिम निर्धारण अध्ययन कराना ।
- खदानों, संयंत्रों, विद्यालयों, अस्पतालों व प्रशासनिक कार्यालयों हेतु आपदा प्रबंधन योजनाएं तैयार करना ।
- मॉयल की विभिन्न खदानों को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार (खदान) दिये गये हैं ।

➢ **पर्यावरण सुरक्षा व नवीकरणीय ऊर्जा:**

आज के युग में पर्यावरण संरक्षण महत्वपूर्ण हो गया है । यह आवश्यक है कि किसी समुदाय की विकास प्रक्रिया उसके परिवेश तथा उस समाज की संस्कृति के अनुरूप हो। मॉयल की सभी खदानों व रेत के घाटों को एमओईएफ या उनके द्वारा नामित कार्यालय की पर्यावरण मंजूरी प्राप्त है । निरंतर विकास के लक्ष्य सहित आपकी कंपनी ने भूमंडलीय तापन में कमी हेतु सक्रिय उपाय किये हैं । कंपनी अपने पट्टागत क्षेत्रों के आसपास पर्यावरक्षण संरक्षण के अपने दायित्वों के प्रति सचेत है । विभिन्न खदानों पर दि. 31.03.2018 को संचयी वृक्षारोपण 19.46 लाख है । एक पर्यावरण हितैषी संस्था बनने के लिये मॉयल ने मध्य प्रदेश के देवास जिले में 20 एमडब्ल्यू क्षमता का पवन ऊर्जा संयंत्र लगाया है । कंपनी ने मॉयल भवन, नागपुर में 48 के डब्ल्यू के छत के ऊपर सौर्य पैनल भी लगाए हैं और खदानों के लिये भी यह प्रक्रिया जारी है । कंपनी की खदानों में 10.50 एम डब्ल्यू क्षमता की सौर्य ऊर्जा परियोजनाएँ स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है ।कंपनी ने अपने कई कार्यस्थलों पर परंपरागत लाइट के स्थान पर एलईडी लाइट लगा दी हैं । कंपनी राजगढ़ खास (म.प्र.) में में 20 एम डब्ल्यू का सौर्य ऊर्जा संयंत्र लगाने जा रही है।

आधुनिक पर्यावरण हितैषी हाइड्रो स्टैटिक ड्रिल मशीन

➢ **सतर्कता गतिविधियाँ / आयोजन:**

सतर्कता विभाग के कार्यकलाप में रोकथाम व सक्रिय सतर्कता शामिल है जिसमें मुख्य रूप से संस्था में प्रणालियों के सुधार पर जोर दिया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विभिन्न व्यवहारों एवम् प्रयसों से अधिकतम लाभ मिल सके । वर्ष 2017 - 18 के दौरान सतर्कता विभाग की कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियां निम्नानुसार हैं-

1) **आइएसओ-90012015 प्रमाणन:** सतर्कता विभाग को इंटरनैशनल सर्टिफिकेशन सर्विसेज प्रा.लि., मुंबई द्वारा आइएसओ-90012015 प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है जो गुणवत्ता प्रबंध प्रणालियों हेतु आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैड की संयुक्तप्रमाणिकता प्रणाली द्वारा मान्यता प्राप्त है । मॉयल का प्रमाणपत्र दि. 21.05.2020 तक वैध है ।

2) **निरीक्षण:** निष्पादन के दौरान मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने व प्रणाली में सुधार के सुझाव देने हेतु सामान्य / औचक व सीटीई निरीक्षण किये जाते हैं । वर्ष 2017 - 18 के दौरान 61 आवधिक / औचक निरीक्षण व 3 सीटीई प्रकार के निरीक्षण आयोजित किये गये ।

3) **ई-अधिप्राप्त:** न्यूनतम मूल्य (फिलहाल रु.2 लाख) से अधिक की खरीदों व कार्य संविदाओं हेतु ई- अधिप्राप्ति की जाती है ।

4) **सतर्कता की संरचनात्मक बैठक:** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) एवम् इस्पात मंत्रालय के अनुदेशों के अनुसारसतर्कता की संरचनात्मक बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं । संदर्भाधीन अवधि के दौरान 3 बैठकें आयोजित की गई जिनमें ई-गवर्नेंस,नियंत्रण तकनीकों, निविदा प्रबंधन, कार्य आबंटन, भर्ती की नितियों पर चर्चा हुई ।

5) **नियंत्रण तकनीक:** आयोग के परिपत्र के संदर्भ में विनियामक, प्रवर्तनकारी गतिविधियों व शिकायतों पर कार्रवाई करते समय वेबसाइट के उपयोग व नियंत्रण तकनीकों पर विशेष जोर दिया जाता है । नियंत्रण तकनीकों के अंतर्गत मुख्यत: माल एवम् संविदाओं की अधिप्राप्ति पर जोर दिया जाता है । ठेकेदारों / आपूर्तिकर्ताओं को किये गये बिलों के भुगतान की स्थिति भी वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाती है । सभी निविदा प्रलेख, पदोन्नति सूचियां, स्थानांतरण सूचियां, सीएसआर के कार्य, भर्तियों में वरिष्ठता की सूची, सूचनाएं व अन्य प्रारूप कंपनी की वेबसाइट व इंट्रानेट पर प्रदशित किये जाते हैं ।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलम करते हुए

6) **मैन्युअलों को अद्यतन करना:** विभिन्न मैन्युअल जैसे खरीद मैन्युअल, कार्य एवम् संविदा मैन्युअल, कार्मिक मैन्युअल आदि कंपनी की वेबसाइट/इंट्रानेट पर प्रदर्शित किये गये हैं । सक्रिय सतर्कता के एक भाग के रूप में मैन्युअलों को अद्यतन किया जाता है और जहां कहीं भी आवश्यक हो, प्रबंधन उनका अनुशीलन करता है ।

7) **प्रशिक्षण कार्यक्रम:** वर्ष 2017 - 18 के दौरान सतर्कता विभाग ने कारपोरेट ट्रेनिंग सेंटर में व मनसर ट्रेनिंग सेंटर में सतर्कता जागरूकता पर 06 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें 209 कर्मचारी (832 घंटे) शामिल हुए ।

8) **कार्य आवर्तन:** संवेदनशील पदों पर 3 वर्षों से अधिक से कार्यरत पदाधिकारियों के आवर्तन हेतु संवेदनशील पदों का अभिनिर्धारण किया गया है और प्रबंधन द्वारा उनका आवर्तन किया जाता है ।

9) **सतर्कता न्यूजलेटर:** सतर्कता की गतिविधियों के संप्रेषण हेतु और मुख्य सतर्कता आयोग व डीओपीटी, मंत्रालय आदि द्वारा जारी दिशानिर्देशों एवम् परिपत्रों आदि के संबंध में अद्यतन जानकारी देने हेतु सतर्कता विभाग एक मासिक न्यूजलेटर ङ्कविजिलेंस वाणीङ्क प्रकाशित करता है । सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान वार्षिक पत्रिका ङ्कशुचिताङ्क भी प्रकाशित की जाती है ।

10) **कर्मचारी की सतर्कता प्रोफाइल:** वर्ष 2017 - 18 के दौरान विभिन्न प्रयोजनों के लिये 1085 मामलों में कर्मचारियों की सतर्कता प्रोफाइल जारी की गई थी ।

11) **प्रणाली सुधार:** शिकायतों की जाँच, अध्ययन, निरीक्षण आदि के संबंध मेंनिम्नलिखित क्षेत्रों में प्रबंधन को परामर्श व सुझाव दिये गये हैं-

- प्रोद्यौगिकी का उपयोग
- कार्य संविदाओं में अनुमानों व दरों की सूची तैयार करना
- ई एम डी का ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण व रीफंड
- कर्मचारियों की वैयक्तिक्र फाइलों और सेवा पुस्तकों को नियमित अद्यतन करना।
- सूचना पद्धति यथा ईआरपी / एसएपी व डाटा आश्रय प्रबंध नियंत्रण की सुरक्षा।
- निगरानी हेतु सीसीटीवीलगाना ।
- खदानों में हाजिरी के लिये बायोमेट्रिक प्रणाली लगाना ।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान शुचिता के 6ठे अंक का प्रकाशन

12) **वार्षिक संपत्ति विवरणी:** मुख्य सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार, संस्था के सभी कार्यपालकों ने अपनी वार्षिक संपत्ति विवरणियां प्रस्तुत कर दी हैं और उनमें से हर वर्ष 20% की संवीक्षा की जाती है । तद्नुसार 72 कार्यपालकों की विवरणियों की संवीक्षा वर्ष के दौरान की गई है ।

13) **सतर्कताजागरूक्तासप्ताह:** मॉयलकीसभीखदानों/कार्यालयोंमेंदि. 30अक्तूबर, 2017से4नवंबर, 2017तक सतर्कता जागरूक्ता सप्ताह मनाया गया था। इस अवसर पर सतर्कता विभाग ने सतर्कता मैगजीन शुचिता के 6ठे वार्षिक अंक का प्रकाशन किया जिसका विमोचन अध्यक्ष एवम् प्रबंध निदेशक व निदेशक (वाणिज्य) के साथ मंडल आयुक्त, नागपुर द्वारा किया गया । सप्ताह के दौरान कर्मचारियों, स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों व आम जनता के लिये विभिन्न स्पर्धाओं, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों एवम् रैलियों का आयोजन किया गया था ।

14) दि. 24.01.2018 के ओ एम क्र.28(1) 2016-एलईजी.1 में की गई अपेक्षा के अनुसार वर्ष 2017 - 18 के दौरान निपटाये गये व पेंडिंग सतर्कता के मामलों से संबंधित विवरण निम्नानुसार हैं-

वर्ष 2017-18 के दौरान मामले	मामलों का स्वरुप		कुल
	सतकर्ता संबंधी	प्रशासनिक	
निपटाये गये मामले	31	04**	35
पेंडिंग*	04	NIL	04

* फिलहाल सभी पेंडिंग मामले निपटा दिये गये हैं ।

** सभी प्रशासनिक मामले प्रबंधन के पास उनके स्तर पर निपटाये जाने हेतु अग्रेषित कर दिये गये हैं ।

➢ सूचना के अधिकार (आरटीआइ) का कार्यान्वयन:

भारत में सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रारंभ से ही मॉयल ने उसके प्रभावी कार्यान्वयन हेतु प्रमुख पहल की है ।

मॉयल ने अपने कारपोरेट कार्यालय में सीपीआइओ व अपनी सभी खदानों में पीआइओ/ एपीआइओ की नियुक्तिकी है । मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) को अधिनियम के अंतर्गत अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त / नामित किया गया है। सभी पीआइओ / एपीआइओ एवम् अपीलीय प्राधिकारी के नाम कंपनी की वेबसाइट WWW.MOIL.NIC.IN पर प्रदर्शित किये गये हैं।

कंपनी और उसके कर्मचारियों आदि के संबंध में जानकारी सूचना अधिकार अधिनियम कीधारा 4(1) में निर्धारित 17 शीर्षों के अंतर्गत तैयार की गई है।मॉयल नियमित रूप से निर्धारित प्राधिकारियों को आवश्यक जानकारी एवम् विवरणियां प्रस्तुत करता है व उन्हें नियमित रूप से अद्यतन करता है।

कर्मचारियों में इस अधिनियम के आशय व सही भावना से अवगत कराने हेतु जागरूकता पैदा की गई है।अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को परिपत्र जारी करते हुए प्रमुखता से प्रसारित किया गया है और यह अनुरोध किया गया है कि दैनंदिन के कामकाज में पारदर्शिता बरती जाए और सभी अभिलेख उचित व सुव्यवस्थित रूप से रखे जाएं । इसके अतिरिक्त कंपनी अपनी ओर से नियमित अंतराल पर जनता के लिये कंपनी की वेबसाइट पर कुछ जानकारी डालती अद्यतन करती रहती है ताकि जनता जानकारी प्राप्त करने हेतु सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों का उपयोग कर सके।

वर्ष के प्रारंभ में 2 आरटीआइ आवेदन पेंडिंग थे, वर्ष के दौरान 68 आरटीआइ आवेदन प्राप्त हुए जिनमे से 39 आवेदन निपटाये गये, 23 निरस्त किये गये व 8 आवेदन दि.31.03.2018 कोपेंडिंग थे। अवधि के दौरान अपीलीय प्राधिकारी को 32 आरटीआइ प्राप्त हुए और सभी का निपटान किया गया है।

➢ प्रशिक्षण कार्यक्रम व कौशल विकास:

वर्ष 2017 – 18 में कर्मचारियों के लिये मनसर प्रशिक्षम केंद्र में 68 कार्यक्रम (आंतरिक व बाहरी) आयोजित किये गये।

गत वर्ष मे प्रशिक्षण मे भाग लेने वालो मे आते है

कायक्रम के विवरण	कार्यक्रम की सं.	कुल सहभागी	कुल कार्य दिवस
मनसर प्रशिक्षण कार्यक्रम	24	671	711
कंपनी के आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम	24	526	1108
बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रम	20	75	339
कुल	68	1272	2158

प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 के अंतर्गत कंपनी ने शिक्षुओं को भी प्रशिक्षण प्रदान किया ।मॉयल शिक्षुओं को अपने अंतर्निहित कौशल के प्रदर्शन हेतु प्रेरित करती रही है और अपने कौशल के प्रदर्शन हु उन्हें विविध मंच उपलब्ध कराती है ।

कंपनी ने मॉयल की खदानों के आसपास क्षेत्र के औद्योगिक परिवेश के विकास हेतु कुशल मनुष्यबल उपलब्ध कराते हुए कौशल विकासक की पहलों में सहयोग देने हेतु राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं । इस कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसडीसी के चैनल भागीदारों द्वारा उपस्थिति पंजी पर मौजूद 424 कर्मचारियों, 127 ठेके के कामगारों व खदानों के आसपास के गावों में रहने वाले 119 स्थानीय सुवकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। तदनुसार कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 670 सहभागियों को कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

➢ स्वच्छता अभियान:

स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है जसमें मॉयल ने माननीय प्रधान मंत्री के आवाहन पर हमारे देश के सबसे बड़े स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभाग लिया । मॉयल ने स्वच्छ भारत के महात्मा गांधी के स्वप्न को पूरा करने में सहभाग लिया । मॉयल स्वच्छ भारत अभियान के इस कल्याणकारी कार्य के आयोजन एवम् कार्यान्वयन में अपने मनुष्य बल का पुनर्विन्यास करने में सक्रिय रूप से सहभागी है ।

मॉयल की सभी खदानों में हर महीने पहले बुधलार को स्वच्छता दिवस मनाया जाता है । कंपनी हर महीने 1 से 15 तारीख तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाती है ।

मॉयल की खदान पर स्वच्छता दिवस का आयोजन

➢ नगद विरहित लेन–देन का स्वागत:

मंत्रालय के निदेशानुसार कंपनी की खदानों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए नकदीरहित व्यवहारों को बढ़ावा देने के प्रयास किये जाते हैं । मॉयल द्वारा नगद विरहित व्यवहार को बढ़ावा देने हेतु की गई कार्रवाई निम्नानुसार हैः

- युनिट स्तर पर सामाजिक समूहों द्वारा नगद विरहित व्यवहार का प्रचार – प्रसार ।
- ग्रामीणों में इस संबंध में प्रचार – प्रसार करने हेतु मॉयल की खदानों के आसपास के गावों में नुक्कड़ नाटकों / लघु कार्यशालाओं का आयोजन ।
- एटीएम (डेबिट क्रेडिट कार्ड), मोबाइलवैलेट, मोबाइल ऐप, नेट बैंकिंग,, ईसीएस, एनईएफटी, आरटीजीएस, ई – पेमेंट के जरियेनकदीरहित व्यवहार को बढ़ावा देने हेतु क्षेत्र के बैंकरों के साथ सहयोग करना ।
- सभी प्रमुख स्थलों पर नकदविरहित व्यवहारों के लाभ बताते हुए बैनर / पोस्टर्स और विज्ञापन प्रदर्शित किये गये हैं ।
- सभी कर्मचारियों को पारिश्रमिक, वेतन व अन्य भुगतान बैंक खातों के जरिये ही किये जाते हैं । अधिकतम कर्मचारी अब डेबिट कार्ड व चेक सुविधा का उपयोग करने लगे हैं । 100 % ठेके के कामगारों ने भी अपने व्यक्तिगत बैंक खाते खुलवा लिये हैं और उनका पारिश्रमिक बैंक के जरिये ही अदा किया जाता है ।
- कर्मचारियों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भुगतान किये जाते हैं ।

➢ कल्याणकारी योजनाएं एवम् सुविधाएं

मॉयल अपने कर्मचारियों तथा खदानों के आसपास रहने वाले लोगों क लाभार्थ कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं यथा आवास, पेय जल, बिजली, अस्पताल, स्वास्थ्य शिबिर, स्कूल, आवास ऋण व आवास ऋणों पर अर्थ साहाय्य आदि चलाता है । इन योजनाओं की मुख्य मुख्य बातें निम्नानुसार हैं–

- कर्मचारियों के जीवन – स्तर में सुधार लाने व उनकी महत्वाकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अधिकांश कर्मचारियों को आवासीय क्वार्टर उपलब्ध कराए गये हैं ।
- खदान की कॉलनियों में रह रहे कर्मचारियों को पर्याप्त मात्रा में पेय जल उपलब्ध कराया जाता है।
- कॉलोनियों एवम् शिबिरों में प्रकाश की अच्छी व्यवस्था है । कर्मचारियों को अपने आवास हेतु रियायती दर पर बिजली उपलब्ध करायी गई है ।
- सभी खदानों पर अस्पतालों दवाखानो की स्थापना की गई है जिनका रखरखाव योग्य चिकित्सकों द्वारा किया जाता है व उन्हें प्रशिक्षित पराचिकित्सकीय स्टाफ की सहायता प्राप्त रहती है । वहां ओपीडी की सुविधा उपलब्ध है तथा पुरुषों एवम् महिलाओं के लिये अलग – अलग आंतरिक वार्ड उपलब्ध कराए जाते हैं । आपोत की स्थितियों से निपटने हेतु सभी अस्पतालों को ऐम्बुलेंस की सुविधा मुहैया करायी गई है । रोगियों को आवश्यकता नुसार विशेषज्ञ अस्पतालों में उपचार हेतु संदर्भित किया जाता है ।
- कंपनी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु सेवा निवृत्ति उपरांत चिकित्सा बीमा मौजूद है ।

- दि. 01.01.2007 से सभी कर्मचारियों के लिये पेंशन योजना लागू है ।
- कुछ खदानों में प्राथमिक स्कूल चलाने हेतु सहायता प्रदान की जाती है जहां नःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है । बच्चों को निकटवर्ती क्षेत्र के स्कूल / कॉलेजों तक लाने- लेजाने हेतु स्कूल बसें उपलब्ध करायी गई हैं ।
- गुणवंत विद्यार्थियों को ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति व छात्रवृत्ति देने की योजना बनायी गई है । पेशेवर पाठ्यक्रमों में शिक्षार्जन हेतु स्टाफ एवम् कामगारों के बच्चों को ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति की जाती है ।

➢ अनुसुचित जाती /अनुसुचित जनजाती हेतु कल्याणकारी उपाय:

मॉयल एक मजदूर बहुल संस्था है जिसमें दि. 31.03.2018 को 6080 कर्मचारी हैं जिनमें से लगभग 80 % अनुसुचित जाती/अनुसुचित जनजाती/ओबीसी (अजा 20.23 % अजजा 25.72 % ओबीसी 34.34 % से हैं । कंपनी दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाली जनजातीय आबादी के विकास में भी निम्नलिखित उपाय करते हुएअत्यधिक रुचि लेती है:

- खदानों के पास के गावों को दत्तक लेना व वहां पेय जल की सुविधा उपलब्ध कराते हुए सड़कों का रखरखाव करना ।
- इन गावों में रहने वाले लोगों की आवधिक रूप से चिकित्सा जाँच व उपचार कराना ।
- खदान के क्षेत्र के निकट के स्कूलों को वित्तीय सहायता, स्टेशनरी, पुस्तकें आदि उपलब्ध कराना ।
- कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अनुसुचित जाती/अनुसुचित जनजाती के स्थानीय युवकों के लिये कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना ।
- विकलांग व्यक्ति अधिनियम, 1995 के अंतर्गत विकलांग व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान करना ।

मॉयल में योग दिवस समारोह

➢ महिला सशक्तिकरण:

मॉयल में दि. 31.03.2018 को 738 महिला कर्मचारी ते जो उसके कुल 6080 कर्मचारियों का12.14 % हैं ।

सर्वोच्च न्यायालय के निदेशानुसार भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने कार्य स्थल पर महिला कर्मचारियों के लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम के संबंध में दिशानिर्देश जारी किये थे । तद्नुसार, वर्ष 1999 में एक शिकायत समिति का गठन किया गया था जिसे मई 2014 में पुनर्गठित किया गया । कंपनी की किसी भी खदान या उसके कारपोरेट कार्यालय में उत्पीड़न का कोई भी मामला दर्ज नहीं हुआ है ।महिला कामगारों में जागरूकता लाने हेतु इन निदेशों का व्यापक रूप से प्रसारण किया गया है ।

कंपनी की सभी खदानों पर महिला मंडल प्रभावी ढंग से कार्यरत हैं । अधिकांशतः दूरदराज के खदान के क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के लिये विभिन्न सांस्कृतिक ,शैक्षणिक, सामुदायिक गतिविधियां जैसे प्रौढ़ शिक्षा, रक्तदान शिबिर,नेत्र जाँच के शिबिर, परिवार नियोजन आदि का नियमित रूप से आयोजन किया जाता है । हर वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं ।कंपनी परिवार नियोजन हेतु प्रसूति छुट्टी व विशेष आकस्मिक छुट्टी भी प्रदान करती है ।

सीएसआर गतिविधियों के एक भाग के रूप में खदानों में स्व - सहायता समूह बनाये गये हैं जिनमें दूरदराज के गावों की महिलाएं शामिल रहती हैं । उन्हें स्वयंनिर्भर बनाने की दृष्टि से उन्हें मोमबत्तियां, वॉशिंग पाउडर,वॉशिंग साबुन,बांस की टोकरियां बनाने, सिलाई व अन्य विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों में प्रशिक्षित किया जाता है । मॉय के इस कार्यक्रम को बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला है और उसे अत्यधिक सफलता मिली है ।

मॉयल का स्थापना दिवस समारोह

➢ कर्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिबंध व निवारण) अधिनियम 2013 के अंतर्गत प्रकटन की आवश्यकता:

कर्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिबंध व निवारण) अधिनियम 2013 के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति के गठन से संबंधित प्रवधानों का अनुपालन किया है । अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कंपनी में यौन उत्पीड़न के अंतर्गत प्राप्त मामलों पर कार्रवाई करने हेतु एक यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति का गठन किया है । समिति के निम्नलिखित सदस्य हैं-

1.	श्रीमती प्रीति जोशी उ.म.प्र. (विधि)	:	समिति की प्रमुख
2.	श्रीमती डॉ. भारती रंगारी उ.म.प्र.(एमएस)	:	सचिव
3.	श्री नितिन पागनीस उ.म.प्र. (कार्मिक)	:	सदस्य
4.	श्री नीरज पांण्डेय कंपनी सचिव	:	सदस्य
5.	श्रीमती ऊज्वला अभ्यंकर वरि.प्र. (कार्मिक)	:	सदस्य
6.	श्रीमती आशा सिंह भूतपूर्व प्रधानाचार्य	:	स्वतंत्र सदस्य

समिति के सदस्यों के नाम कंपनी की वेबसाइट (www.moil.nic.in) परप्रदर्शित किये गये हैं। वर्ष 2017 – 18 के दौरान यौन उत्पीड़न की शिकायतों का सारांश निम्नानुसार है:

प्राप्त शिकायतो की सं.	निपटाई गई शिकायतो की सं.	पेंडींग शिकायतों की सं.
शून्य	लागू नही	लागू नही

➢ काार्मिक

कंपनी की दि.31.03.2018 की मनुष्य बल संख्या निम्नानुसार है:

लिंग	कार्यपालक	गैर–कार्यपालक	कामगार	कुल
पुरुष	**321**	**2128**	**2893**	**5342**
महिलाएं	**23**	**103**	**612**	**738**
कुल	**344**	**2231**	**3505**	**6080**

दि.31.03.2018 को कर्मचारी संख्या के श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है:

वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाती	अन्य पिछडा वर्ग	अन्य	कुल
ए	58	11	75	159	303
बी	28	9	50	77	164
सी	298	199	408	374	1279
डी	782	1345	1555	588	4270
सफाई कर्मचारी	64	0	0	0	64
कुल	1230	1564	2088	1198	6080
कुल %	20.23%	25.72%	34.34%	19.70%	100%

➢ नागरिक चार्टर एव शिकायत:

क) कर्मचारियों की शिकायते– कार्यपालकों तथा गैर कार्यपालकों हेतु मॉयल की अपनी शिकायत निवारण प्रणाली है। तदनुसार कर्मचारियों की शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है ।

ख) जनता की शिकायते: कोई भी नागरिक ऑनलाइन केंद्रीकृत जनता शिकायत निवारण एवम् अनुप्रवर्तन प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस)के जरिये अपनी व्यथाएं प्रस्तुत कर सकता है।सभी व्यथा निवारण अधिकारियों को जनता की व्यथाओं के निपटान के तरीकों से अवगत कराया गया है ।जनता की व्यथाओं पर कार्रवाई करने हेतु विभिन्न् प्राधिकारियों से विगत में प्राप्त अनुदेशों के आधार पर प्रणाली अपनायी गई है ।

ग) मॉयल में शिकायत के निवारण हेतु मौजूद तंत्र में हर युनिट खदान में एक शिकायत निवारण अधिकारी होता है। प्रभावी निष्पादन हेतु प्रधान कार्यालय हेतु नामित व्यथा निवारण अधिकारी युनिट / खदान के व्यथा निवारण अधिकारियों से समन्वय करता है।

घ) खदानों एवम् कारपोरेट कार्यालय में नामित जनता व्यथा निवारण अधिकारी मासिक / त्रैमासिक रूप से व्यथाओं का पुनरीक्षण करते हैं, उन पर कार्रवाई करते हैं और एक माह की निर्धारित अवधि में उनका निपटान करते हैं।

ड) युनिटों खदानों से संबंधित डाटा युनिट खदान के व्यथा निवारण अधिकारी द्वारा प्रधान कार्यालय को विवरणियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। उसकी जाँच की जाती है और उन्हें मंत्रालय को प्रस्तुत किया जाता है।

दि.01.04.2017 से दि.31.03.2018तक की अवधि में प्राप्त जनता व स्टाफ की व्यथाओं की स्थिति:

क्रम सं.	व्यथाएं	दिनांक 01.04.2017 को बकाया व्यथाएं	वर्ष के दौरान प्राप्त व्यथाएं	निमटाये गये मामलों की सं.	दि. 31.03.2018 को पेंडिग मामलों की सं.
1	जनता	----	6	6	-----
2	स्टाफ	शून्य	8	8	0
	कुल	**शून्य**	**14**	**14**	**0**

➢ कारपोरेट सामाजिक दायित्व व निरंतरता:

मॉयल में सीएसआर एक सतत प्रक्रिया है । मॉयल कई वर्षों से एक संकल्प के तौर पर सीएसआर गतिविधियां कर रहा है।कंपनी ने निदेशक बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित एक सीएसआर नीति बनायी है । सीएसआर के अंतर्गत कई योजनाएं चलायी जा रही हैं, जिनमें मुख्य रूप से निम्नलिखित शामिल है:

- शिक्षण एवम् कौशल विकास के क्षेत्र में मॉयल मध्य प्रदेश के बालाघाट एवम् महाराष्ट्र के भंडारा जिलों में अपनी खदानों के विभिन्न निकटवर्ती स्कूलों को सहायता प्रदान करता है ।
- ग्रामीण बच्चों को दर्जेदार शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मॉयल ने डीएवी के साथ मिल कर भंडारा जिले के सीता सावंगी गांव में एक बड़े स्कूल का निर्माण किया है।

- सीतासावंगी में डीएवी – मॉयल के स्कूल को प्राप्त जबरदस्त प्रतिसाद को देखते हुए कंपनी मनसर, जिला नागपुर में इस स्कूल की एक और शाखा खोलने की प्रक्रिया में है जो ग्रामीण बच्चों की दर्जेदार शिक्षा प्राप्त करने की आवश्यकता को पूरा करेगा।
- कौशल विकास कार्यक्रमः राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद (एनएसडीसी) के दिशानिर्देशों के अनुसार संभार तंत्र कौशल पर प्रशिक्षण, खदान मित्र व विस्फोटक का प्रशिक्षण 119 स्थानीय युवकों एवम् 127 ठेके के कामगारों को प्रदान किया गया है।
- दूरदराज के क्षेत्रों को नलकूपों के जरिये पीने का पानी मुहैया कराना।
- कंपनी ने महात्मे आइ बैंक और एस एम एम द्वारा संचालित आइ वेलफेयर ट्रस्ट, लता मंगेशकर अस्पताल आदि के साथ मिल कर जरूरतमंद लोगों के लिये नःशुल्क मोतियाबिंद शल्यक्रियाएं का आयोजन किया ।

कारपोरेट सामाजिक दायित्वों के अंतर्गत समुदाय विकास कार्यक्रम

- कंपनी ने एक पेशेवर एजेंसी बीएआइएफ तथा बीएआइएफ, पुणे की एक सहायक संस्था महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी ट्रांसफर फॉर रूरल एरियाज (मित्राज) के साथ मिल कर एक गठबंधन स्थापित किया है जिसे ग्रामीण विकास कार्यक्रम चलाने की व्यापक अनुभव प्राप्त है। मॉयल ने मित्रा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं जिन्होंमे परियोजना की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है ।प्रारंभ में महाराष्ट्र में नागपुर के 21गांव, भंडारा के 11 गांव तथा मध्य प्रदेश में बालागाट के 5 गावों का अभिनिर्धारण किया गया बै। विकासात्मक गतिविधियों के प्रमुख क्षेत्र निम्नानुसार हैं–

• जिविका	• शिक्षण
• महिला सशक्तिकरण	• आंगनवाड़ी आदारित मध्यस्थता
• जल संसाधन प्रबंधन	• सामुदायिक संसाधन विकास
• कृषि प्रशिक्षण	• स्वास्थ्य, स्वच्छता व आरोग्य
• जीवन स्तर	

- कंपनी ने अभिनिर्धारित गावों में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत 534 शौचालय बनवाए हैं और समेकित सौर स्ट्रीट लाइटें लगवायी है।
- मॉयल ने अपनी खदानों के परिचालनगत क्षेत्रों के आसपास विभिन्न ढँचागत निर्माण कार्य जैसे गांव की सड़क निर्माण, वैयक्तिक शौचालय निर्माण, सामुदायिक सभागृह निर्माण, वृक्षारोपण में सहयोग आदि जैसे कार्य हाँथ में लिये हैं । कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत की गई आवश्कता के अनुसार सीएसआर गतिविधियों पर एक रिपोर्ट अनुबंध – III में दी गई है ।

कारपोरेट सामाजिक दायित्वों के अंतर्गत ग्रामीण विकास कार्यक्रम

➢ **सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम विकास (एमएसएमईडी) अधिनियम, 2006 के अंतर्गत खरीदी:**

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम विकास (एमएसएमईडी) अधिनियम, 2006 की अपेक्षानुसार और इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को अपनी कुल वार्षिक खरीद व प्राप्त सेवाओं का न्यूनतम 20 प्रतिशत सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों से अधिप्राप्त करना होगा व इस 20 प्रतिशत में से 4 प्रतिशत अनुसूचित जाति या जनजाति के स्वामित्व वाले सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों से अधिप्राप्त करना होगा। यह भी अपेक्षा है कि सरकारी उपक्रम उपर्युक्त अधिप्राप्ति से संबंधित लक्ष्यों एवम् लक्ष्यपूर्ति को अपनी वार्षिक रिपोर्ट में सूचित करें ।

वर्ष 2017 – 18 के दौरान कुल रु.70.53 करोड(पिछले वर्ष रु.47.99 करोड) की कुल अधिप्राप्ति की गई जिसमें से कुल वार्षिक अधिप्राप्ति का 42 प्रतिशत सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों द्वारा निर्मित था ।

- इस प्रकार कंपनी सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम विकास (एमएसएमईडी) अधिनियम, 2006 की अपेक्षाओं की पूर्ति करती है। वित्तीय वर्ष 2018 – 19 हेतु भी मॉयल ने सुक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों द्वारा उत्पादित वस्तुओं एवम् सेवाओं की अधिप्राप्ति का लक्ष्य रखा है जैसा कि उपर्युक्त परिच्छेद में बताया गया है ।

➢ **हिंदी का प्रगतीशील प्रयोग:**

मॉयल की खदानों में लगभग 97 प्रतिशत कार्य हिंदी में किया जाता है । कंपनी के सभी संगणकों परयुनिकोड की व्यवस्था है ।कंपनी ने संगणकों पर हिंदी भाषा के सॉफ्टवेयर लगाए हैं ताकि मॉयल के कर्मचारी अपने दैनंदिन के कार्यों में हिंदी का उपयोग कर सकें ।

राजभाषा अधिनियम, 1963 के प्रावधानों के कार्यान्वयन हेतु कंपनी सतत रूप से हिंदी स्पर्धाओं जैसे हिंदी निबंध स्पर्धा, आलेखन व टिप्पण स्पर्धा, आदि का आयोजन करती है व कविताएं व लेख मंगवाती है जिन्हें विभिन्न मैगजीनों में प्रकाशित कराया जाता है। कर्मचारियों को गृह मंत्रालय की हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण व पुनर्प्रशिक्षण दिया जाता है। अब तक 312 कर्मचारियों को प्राज्ञ स्तर तक का प्रशिक्षण दिया जा चुका है जो कंपनी में एक सतत प्रक्रिया है।

कंपनी ने नगर राजभाषा समिति, बालाघाट द्वारा प्रकाशित हिंदी मैगजीन वैनगंगा तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर द्वारा प्रकाशित मैगजीन राजभाषा दर्पण में भी अपना

योगदान दिया है ।

कंपनी अपने कार्य निष्पादनों, उपलब्धियों, गतिविधियों आदि को प्रदर्शित करते हुए हिंदी अंग्रेजी में एक द्विभाषिक गृह पत्रिका संकल्प का भी प्रकाशन करती है।मॉयल के कर्मचारी समन्वय समिति द्वारा आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में सहभागी होते हैं।

कंपनी के कर्मचारियों को अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित हिंदी स्पर्धाओं में भी भाग लेने हेतु प्रेरित किया जाता है ।

गृह मंत्रालय ने पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन, नागपुर में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के वार्षिक दिन समारोह का आयोजन किया था जिसमें सरकारी व निजी क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओं ने सहभाग लिया था । मॉयल के सतर्कता विभाग की आंतरिक गृह पत्रिका शुचिता को उसकी बेहतर सामग्री हेतु 3 रा पुरस्कार प्राप्त हुआ।गृह मंत्रालय के उप निदेशक ने उसकी सराहना की।

पुरस्कार व प्रशंशा:

मॉयल देश का एक ऐसा सरकारी क्षेत्र का उपक्रम है जिसे उत्कृष्ट कार्यकलाप हेतु जाना जाता है।गतिविधियों के लगभग सभी क्षेत्रों में अच्छे कार्य हेतु राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर मान्यता मिलती रही है। नीचे कुछ ऐसी ही मान्यताओं का उल्लेख किया जा रहा है जो उसे राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त हुई हैं।

सबसे तेज गति से विकास करने वाली संस्था हेतु हिंदुस्तान रत्न

- खदान मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली मेंआयोजित 3रे राष्ट्रीय खदान अधिवेशन में मॉयल की डोंगरी बुजुर्ग ओपन कास्ट खदान एवम् चिकला भूमिगत खदान को माननीय खदान राज्य मंत्री श्री हरिभाई चौधरी के हाथों 5 – सितिरा प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ ।
- जांबादोबा खदान, धनबाद में आयोजित अखिल भारतीय खदान राहत प्रतियोगिता में धातु क्षेत्र में बेस्ट फ्रेश एयर बेस श्रेणी में 2रा पुरस्कार व बेस्ट रेस्क्यू व रिकवरी टीम के रूप में 2रा पुरस्कार ।
- गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट विषयवस्तु की श्रेणी में सतर्कता विभाग द्वारा प्रकाशित गृह पत्रिका शुचिता को 3 रा पुरस्कार।
- जेएसएस साइंस एंड टेक्नॉलॉजि युनिवर्सिटी, मैसूर में आयजित क्वालिटी कंसेप्ट्स – 2017 (एनसीक्यूसी) के31 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में मॉयल को निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त हुए–
  - क. तिरोडी खदान को गुणवत्ता समूह का सर्वोत्कृष्ट पुरस्कार व व्यंग्य नाटिका स्पर्धा में पहला पुरस्कार।
  - ख. फेरो मैंगनीज संयंत्र, बालाघाट को गुणवत्ता समूह का सर्वोत्कृष्ट पुरस्कार व मॉडेल स्पर्धा में पहला पुरस्कार।
  - ग. आइएमडी संयंत्र,डोंगरी बुजुर्ग खदान को गुणवत्ता समूह का सर्वोत्कृष्ट पुरस्कार।
  - घ. ईएमडी संयंत्र, डोंगरी बुजुर्ग खदान को गुणवत्ता समूह का सर्वोत्कृष्ट पुरस्कार।

➢ **निदेशक:**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान श्रीमती उर्विला खटी(नामित निदेशक, भारत सरकार) एवम् श्री एम.एल.दुबे(नामित निदेशक, मध्यप्रदेश सरकार) कंपनी के निदेशक नहीं रहे। बोर्ड उनके निदेशक रहने की अवधि के दौरान उनके बहुमूल्य योगदान एवम् मार्गदर्शन की सराहना करता है।

भारत सरकार ने क) श्री दीपंकर शोम की निदेशक(उत्पादन व योजना) के रूप में पाँच वर्ष हेतु ख) श्री डी.एस.अहलुवालिया–अतिरिक्त प्रभार निदेशक , (वित्त) के स्थान पर श्री राकेश तुमाने की नियुक्ति निदेशक(वित्त) के रूप में पाँच वर्ष हेतु ग) श्री टी श्रीनिवास (नामित निदेशक, भारत सरकार) के रूपमें,घ) श्री वीएमचरियार की नियुक्ति स्वतंत्र निदेशक के रूप में 3 वर्ष हेतु और च) श्री सुनील पवार की नियुक्ति (नामित निदेशक, महाराष्ट्र सरकार) के रूप में कर दी है।

सभी स्वतंत्र निदेशकों ने यह घोषणा की है कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) व एसईबीआइ(लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेग्युलेशन्स,2015 के अंतर्गत स्वतंत्रता के मानदंड की पूर्ति करते हैं।स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति आम तौर पर तीन वर्षों के लिये की जाती है।

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम(8)(5)(iv) व धारा 203(1) के साथ पठित धारा 134(3)(9) के अनुशीलन में बोर्ड ने अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (मुख्य कार्यपालक अधिकारी), निदेशक (वित्त)–(मुख्य वित्त अधिकारी)(सीएफओ) व कंपनीसचिव को मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों के रूप में नामित किया है।

सर्वोत्कृष्ट नियोक्ता पुरस्कार

➢ **नियुक्ति, कार्यनिष्पादन व पारिश्रमिक नीति:**

एक केंद्रीय सरकारी स्तर का उपक्रम होने के नाते निदेशकों की नियुक्ति, अवधि, कार्यनिष्पादन, परिलब्धियों आदि का निर्धारण भारत सरकार के द्वारा किया जाता है।

कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने अपने दि.5 जून, 2015 की अधिसूचना के द्वारा कंपनी अधिनियम के कुछ प्रावधानों की प्रयोज्यता से छूट दी है। उपर्युक्त अधिसूचना के

अनुसार नामांकन व पारिश्रमिक समिति को अब निदेशकों की नियुक्ति करने, उनके पारिश्रमिक नीति बनाने व उनके कार्यों का निष्पादन करने की आवश्यकता नहीं है। एक सरकारी कंपनी होने के नाते निदेशकों की नियुक्ति एवम् उनके कार्यों के मूल्यांकन का कार्य प्रशासनिक मंत्रालय यथा इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जाता है, अतः बोर्ड के द्वारा अपने स्वयं के कार्यों, अपनी समितियों के कार्यों व निदेशकों के कार्यों का मूल्यांकन करना लागू/ आवश्यक नहीं है।

अधिकारियों का पारिश्रमिक सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार वेतन संशोधन होने पर किया जाता है और गैर – कार्यपालकों के पारिश्रमिक का निर्णय उनकी यूनियनों के साथ समय समय पर हुए पारिश्रमिक समझौता करारों के अनुसार किया जाता है।कर्मचारियों की नियुक्तियां / पदोन्नतियां बोर्ड द्वारा अनुमोदित भर्ती व पदोन्नति नीति के अनुसार की जाती हैं।

➢ जोखिम प्रबंधन नीतिः

मॉयल इस बात को स्वीकार करता है कि जोखिम किसी भी व्यावसायिक गतिविधि का एक अंतर्निहित भाग है और जोखिम का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करना कंपनी के मौजूदा व भावी सफलता हेतु महत्वपूर्ण है।कंपनी की जोखिम प्रबंधन नीति में एक ऐसी प्रणाली को स्थापित किया गया है जो जोखिमों पर निगरानी रखने व महत्वपूर्ण व्यावसायित जोखिमों के प्रबंधन के साथ – साथ कंपनी के आंतरिक नियंत्रण में भी सहायक होती है।इसे कंपनी की वेबसाइट www.moil.nic.in पर भी अपलोड किया गया है।

➢ निदेशकों का दायित्व कथनः

आपके निदेशक यह उल्लेख करते हैं कि

1) वित्तीय विवरणों के निर्माण में प्रचलित लेखा मानकों का पालन किया गया है और उनमें कोई महत्वपूर्ण विचलन नहीं किया गया है।

2) उन्होंने ऐसी लेखा नीतियां चुनी व अपनायी हैं तथा उन्हें सतत रूप से प्रयुक्त करते हुए निर्णय व अनुमान लगाये हैं जिनसे कंपनी के कार्यों की दि. 31.03.2018 की तथा कंपनी की उस दिनांक को समाप्त लाभ व हानी की सही व उचित स्थिति ज्ञात हो सके।

3) उन्होंने कंपनी की संपत्ती की रक्षा हेतु व धोखादडीं व अन्य अनियमितताओं का पता लगाने व उनके रोकथाम हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन के अभिलेखों के रखरखाव का समुचित व पर्याप्त ध्यान रखा है।

4) उन्होंने लाभदायी प्रतिष्ठान– आधार पर वित्तीय विवरण तैयार किये हैं।

5) उन्होंने कंपनी द्वारा अपनाये जाने हेतु आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किये हैं और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं व प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे हैं।

6) उन्होंने सभी प्रयोज्य विधियों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु उचित प्रणालियां बनायी हैं तथा ऐसी प्रणालियां पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से कार्य कर रही हैं।

निदेशकों द्वारा खदान को भेंट

➢ सांविधिक लेखा परीक्षकः

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के अनुसार भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक ने वर्ष 2017 – 18 हेतु कंपनी की लेखा परीक्षा हेतु मे, जे.एस.उबेराय एंड कं.,सनदी लेखाकार, नागपुर की सनदी लेखाकार के रूप में नियुक्ति की है। अधिनियम की धारा 143 की उप धारा (12) के अंतर्गत लेखा परीक्षकों ने वर्ष 2017 – 18 हेतु किसी भी जालसाजी की रिपोर्ट नहीं की है। सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट संलग्न है जो स्वयंस्पष्ट है। भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक ने निरंक रिपोर्ट दी है। भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक ने वित्तीय वर्ष 2018 – 19 हेतु मे.डेंबले रमणी एंड कंपनी की सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्ति की है।

➢ सचिवीय लेखा परीक्षकः

बोर्ड ने लर्ष 2017 – 18 हेतु की मे.ए.मेहता एंड कंपनी की सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्ति की है। उनकी रिपोर्ट संलग्न है जो स्वयंस्पष्ट है। रिपोर्ट में कंपनी के बोर्ड के गठन के अतिरिक्त और कोई शर्त नहीं है सरकारी कंपनी होने के कारण निदेशको की नियुक्ती भारत सरकार द्वारा की जाती है। आपके बोर्ड को यह विश्वास है कि भारत सरकार मॉयल के बोर्ड में अपेक्षित संख्या में निदेशकों की नियुक्ति करेगी।

➢ संबंधित पक्ष व्यवहारः

कंपनी ने ऐसे कोई संबंधित पक्ष व्यवहार नहीं किये हैं जो कंपनी के हितों के विरुद्ध हों। फिर भी, संबंधित पक्षों से व्यवहारों का प्रकटन लेखा टिप्पणियों की टप्पणी क्र.11 के मद्दा 23 में किया गया है। अतः कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8 के साथ पठित धारा134(3) की अपेक्षानुसारफॉर्म एओसी – 2 में कोई प्रकटन नहीं किया गया है।कंपनी की संबंधित पक्ष व्यवहार नीति है जिसे उसकी वेबसाइट www.moil.nic.in पर अपलोड किया गया है।

➢ सतर्कता तंत्रः

कंपनी क एक व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी है जिसे उसकी वेबसाइट www.moil.nic.in पर अपलोड किया गया है।

कंपनी में एक सक्षम व स्वतंत्र सतर्कता विभाग है व किसी भी प्रकार के अनैतिक व्यवहार,वास्तविक या संदिग्ध जालसाजी या कंपनी की आचार संहिता या नैतिकता की नीति के उल्लंघन पर निगरानी हेतु एक मुख्य सतर्कता अधिकारी उसके प्रमुख हैं। सभी कर्मचारियों को अपनी शिकायतों, व्यथाओं आदि के लिये सतर्कता विभाग तक प्रवेश प्राप्त है।उचित चिंताजनक मामलों को रिपोर्ट करने हेतु निदेशकों एवम् कर्मचारियों के लिये एक सतर्कता तंत्र स्थापित किया गया है। ऐसे तंत्र का उपयोग करने वाले व्यक्तियों के उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा के पर्याप्त उपाय किये गये हैं।

➢ लागत लेखा परीक्षाः

कंपनी अधिनियम, 20134 की धारा 148 की उप धारा (1) के अंतर्गत केंद्र सरकार के निर्धारण के अनुसार कंपनी को लागत अभिलेखों का रखरखाव करना होता है और तदनुसार ऐसे लेखे व अभिलेख तैयार किये जाते हैं व उनका रखरखाव किया जाता है। दि. 31.03.2018 को समाप्त वर्ष हेतु लागत लेखा अभिलेखों की लेखा परीक्षा के लिये मे. फाटक पालीवाल एंड कंपनी, नागपुर को कंपनी के लागत लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। दि. 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष हेतु लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट फाइल करने का अंतिम दिनांक 27 सितंबर, 2018 है। रिपोर्ट निर्धारित अवधि में प्रस्तुत की जाएगी। वर्ष 2016 – 17 हेतु लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट एवम् अनुपालन रिपोर्ट कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर फाइल कर दी गई थीं।

➢ समेकित वित्तीय विवरण:

आपकी कंपनी की कोई सहायक कंपनी नहीं है। तथापि उसके दो संयुक्त उद्यम हैं यथा रिनमॉयल फेरो एलॉएज प्राइवेट लिमिटेड व सैल एंड मॉयल फेरो एलॉएज प्राइवेट लिमिटेड ।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 129(3) के प्रावधानों का अनुशीलन करते हुए, जैसा कि लागू है व आवश्यकतानुसार यथावश्यक टिप्पणियों,, अनुबंधों व प्रकटनों सहित विधिवत् लेखा परीक्षित समेकित वित्तीय विवरण एतद्वारा प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

दोनों संयुक्त उद्यमों ने अभी तक परियोजना / परिचालन शुरू नहीं किये हैं।

➢ अन्य प्रकटन:

1) **अमुसंधान व विकास तथा प्रोद्यौगिकी आमेलन आदि के संबंध में विवरण:** कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (एम) के साथ पठित कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के प्रावधानों के अंतर्गत की गई अपेक्षानुसर अमुसंधान व विकास तथा प्रोद्यौगिकी आमेलन आदि के संबंध में विवरण, जो इस रिपोर्ट का एक भाग हैं, इस रिपोर्ट के अनुबंध–II के रूप में संलग्न हैं।

2) **विदेशी मुद्रा अर्जन व खर्च:** कंपनी ने वर्ष 2017 – 18 के दौरान अपने मैंगनीज अयस्क या अन्य उत्पादों का निर्यात नहीं किया था। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने विदेशी मुद्रा में पिछले वर्ष के रु.13.50 लाख के मुकाबले रु.14.14 लाख की रकम खर्च की।

3) **कर्मचारियों के विवरण:** समय – समय पर यथा संशोधित कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति व पारिश्रमिक)2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) के अधिकार क्षेत्र के भीतर कोई कर्मचारी शामिल नहीं है।

4) **जमाराशिया:** समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मॉयल ने अधिनियम के अंतर्गत किये गये प्रावधानों के अनुसार कोई जमाराशियां स्वीकार नहीं की हैं।

5) **ऋण, गारंटियां व निवेश:** अधिनियम की धारा 186 के अंतर्गत कोई ऋण, गारंटियां व निवेश नहीं हैं।

6) **लेखा परीक्षा समिति की संरचना:** लेखा परीक्षा समिति की संरचना के संबंध में विवरण कारपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट के खंड क्र.3.1(ए) में दिये गये हैं, जो इस रिपोर्ट का एक भाग हैं।

भूमिगत एकल बूमर क्रॉलर

7) **बोर्ड की बैठकों की संख्या:** के संबंध में विवरण कारपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट के खंड क्र.2.2 में दिये गये हैं, जो इस रिपोर्ट का एक भाग हैं।

8) **वार्षिक विवरणी के सार:** कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92(3) तथा कंपनी (प्रबंधन व प्रशासन) नियम, 2014 के नियम12(1) के अनुशीलन में दि. 31.03.2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष की वार्षिक विवरणी (फॉर्म एमजीटी–9) अनुबंध–IV के रूप में संलग्न है।

9) कागज की बचत करने व सरकार की पर्यावरण संबंधी पहल में योगदान हेतु कंपनी ने सारंशीकृत वित्तीय विवरण (एओसी–3ए) भेजने का विकल्प चुना है।

➢ संदिग्ध खाते में अंशो के विवरण:

संदिग्ध खाते में अंशो के विवरण निम्नानुसार है:

विवरण	अंशधारकों की सं.	अंशो की सं.
दि.01.04.2017को उचंत खाते में मौजूद अंशधारकों व बकाया अंशो की सं.	12	204
वर्ष के दौरान उचंत खाते से अंशो के अंतरण हेतु कंपनी से संपर्क करने वाले अंशधारक	04	68
वर्ष के दौरान शेयरधारक जिन्हें उचंत खाते से अंश अंतरित किये गय	04	68
अदावाकृत उचंत खाते को अंतरित अंश	0	0
दि. 31.03.2018 को उचंत खाते में अंशधारकों की कुल सं. व बकाया अंश	08	272

टिप्पणी– वर्ष के दौरान कंपनी ने 1 : 1 के अनुपात में बोनस अंश जारी किये। तदनुसार, अंशो की संख्या में वृद्धि हुई है।

दि.31.03.20128 को संदिग्ध खाते में मौजूद इन अंशो के वोटिंग अधिकार तब तक अवरुद्ध रहेंगे जब तक की ऐसे अंशो के वास्तविक स्वामी उन्हे क्लेम नहीं कर लेते।

➢ समझौता ज्ञापन:

मॉयल 20 वर्षों से अधिक से इस्पात मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करता रहा है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) में विभिन्न लक्ष्य एवम् कार्य निष्पादन के

परिमाप निर्धारित किये जाते हैं जिनका वित्तीय वर्ष के समापन पर मूल्यांकन किया जाता है।वर्ष 1995 – 96 से ही कंपनी को उत्कृष्ट योग्यता क्रम (रेटिंग) प्राप्त होता रहा है (सिवाय दशक की सबसे अधिक खराब बाजार की स्थिति के कारण वर्ष 2015 – 16 व 2016 – 17 के) । वर्ष 2017 – 18 का योग्यता क्रम (रेटिंग) अभी तक जारी नहीं किया गया है। इस प्रथा को जारी रखते हुए मॉयल ने वर्ष 2017 – 18 हेतु भी इस्पात मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।

- **कारपोरेट अभिशासन:**

कंपनी कारपोरेट अभिशासन का अत्यंत उच्च स्तर प्राप्त करने हेतु प्रयत्नशील रहती है।कारपोरेट अभिशासन पर एक अलग खंड जोड़ा गया है जो बोर्ड की रिपोर्ट की रिपोर्ट का एक भाग है व अनुबंध–V के रूप में संलग्न है।कारपोरेट अभिशासन की रिपोर्ट के साथ कारपोरेट अभिशासन पर एक प्रमाणपत्र भी जोड़ा गया है जो स्वयंस्पष्ट है। प्रमाणपत्र में कंपनी के बोर्ड की संरचना के अतिरिक्त और कोई शर्त नहीं है।बोर्ड को यह विश्वास है कि जब भी आवश्यक होगा भारत सरकार मॉयल के बोर्ड में अपेक्षित संख्या में निदेशकों की नियुक्ति करेगी।

- **प्रबंधन विवेचण व विश्लेषण तथा व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट:** प्रबंधन विवेचण व विश्लेषण पर एक रिपोर्ट अनुबंध–VI के रूप में रखी गई है। सेबी(लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेग्युलेशन्स,2015 के विनियम34 के अनुपालन में व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट भी अनुबंध–VII में संलग्न है।

- **औद्योगिक संबंध:**

वर्ष 2017 – 18 के दौरान मॉयल में औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्ण बने रहे। कंपनी में कोई भी काम रोकने या श्रमिक आंदोलन जैसी घटना नहीं हुई। बेहतर उत्पादन व उत्पादकता का माहोल बनाये रखा गया।संस्था के सुचारू रूप से कार् संचालन हेतु विभिन्न विषयों पर बातचीत के लिये खदान स्तर पर एवम् कारपोट स्तर पर विभिन्न समितियां बनायी गई हैं और शीघ्र निर्णय लेते हुए व्यथाओं के निवारण की प्रक्रिया संतोषप्रद ढंग से चल रही है।

- **बोनस शेयर:**

आपकी कंपनी ने 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लेखा परीक्षित विवरणों के अनुसार रु.133,18,78,040 की संचित प्रारक्षित निधि को पूंजीकृत करते हुए 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी किये हैं। उक्त रकम शेयर पूंजी को अंतरित कर दी गई है और रु.10 प्रत्येक के बोनस शेयरों के आबंटन हेतु प्रयुक्त की गई है।

- **अंशों का बायबॅक:**

आपकी कंपनी ने वर्ष 2017 – 18 के दौरान रु.10 प्रतिशेयर के पूर्णतः प्रदत्त रु. 87,66,720 के ईक्विटी शेयरों(जो ईक्विटी शेयरों की कुल संख्या में 3.29 % का प्रतिनिधित्व करते हैं) की पुनर्खरीद रु.210,40,12,800 से अनधिक के सकल प्रतिफल हेतु नकद में देय रु.240 प्रतिशेयर के मूल्य पर की है। यह पुनर्खरीद कंपनी अधिनियम, 2013 व सेबी (बायबॅक ऑफ सेक्युरीटीज) विनियम1998 में निहित प्रावधानों के अनुसार की गई है। भारत सरकार (कंपनी के प्रवर्तक) ने शेयरों की पुनर्खरीद में भाग लिया था।

- **अभिस्वीकृती:**

आपके निदेशक भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय, पर्यावरण एवम् वन मंत्रालय, महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों, सभी सरकारी विभागों,कंपनी के शेयरधारकों, बैंकरों, बहुमूल्य ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं तथा सभी हितधारकों से प्राप्त समर्थन, सहयोग एवम् मार्गदर्शन हेतु आभार व्यक्त करते हैं।

कंपनी के कर्मचारियों ने उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन जारी रखा। आपके निदेशक इस अवसर पर कर्मचारियों के बहुमूल्य योगदान हेतु सराहना करते हैं और आगामी वर्षों में उनसे और अधिक उत्साह व समर्पण भाव से अपनी सेवाएं प्रदान करने की कामना करते हैं ताकि कंपनी को और अधिक ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सके।

दिनांकः 02.08.2018

स्थानः नई दिल्ली

निदेशक बोर्ड की ओर से

एम.पी.चौधरी

अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक

डोंगरी बुजुर्ग खदान का ओपन कास्ट मनोहारी दृश्य

अनुबंध-I

फॉर्म ए ओ सी – 1

कंपनी (लेखा) नियम,2014 के नियम5 के साथ पठित धारा 129 की उप धारा (3) के पहले उपबंध के अनुशीलन में

सहायक कंपनियों संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों की मुख्य – मुख्य बातों का विवरण

भाग – ए: सहायक कंपनियां

(राशी रु. में)

क्रम सं.	विवरण	विवरण
1.	सहायक कंपनी का नाम	चूँकि कोई सहायक कंपनी नहीं है अतःलागू नहीं ।
2.	दिनांक जब से सहायक कंपनी का अधिग्रहण किया गया	
3.	संबंधित सहायक कंपनी हेतु रिपोर्टिंग अवधि, यदि धारक कंपनी की रिपोर्टिंग अवधि से भिन्न हो	
4.	यदि विदेशी सहायक कंपनी हो तो संबंधित वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनांक को रिपोर्टिंग मुद्रा व विनिमय दर	
5.	शेयर पूंजी	
6.	रिजर्व व अधिशेष	
7.	कुल संपत्तियाँ	
8.	कुल देयताए	
9.	निवेश	
10.	कारोबार	
11.	कर पूर्व लाभ	
12.	कर हेतु प्रावधान	
13.	कर पश्चात लाभ	
14.	प्रस्तावित लाभांश	
15.	धारणाधिकार का प्रतिशत (प्रतिशत में)	

कृते मे. जे.एस. उबेरॉय एंड कं.
सनदी लेखाकार,
फर्म का पंजीकरण क्रमांक: 111107 **W**

सी ए अमरजीत सिंह संधू
भागीदार
सदस्यता क्रमांक:108665

नीरज पाण्डेय
कंपनी सचिव

राजेश तुमाने
निदेशक (वित्त)
डीआइएन:06639859

मुकुंद पी चौधरी
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डीआइएन:05339308

स्थान: नागपुर
दिनांक:22.06.2018

भाग – बी: सहायक संयुक्त उद्यम

सहायक कंपनियों एवम् संयुक्त उद्यमों से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा129 (3) के अनुशीलन में विवरण

क्रम सं	संयुक्त उद्यम का नाम	सैल एंड मॉयल फेरो एलॉए प्राइवेट लिमिटेड	रिनमॉयल फेरो एलॉए प्राइवेट लिमिटेड
1	नवीनतम लेखा परीक्षित तुलन त्र का दिनांक	31.03.2018	31.03.2018
2	संयुक्त उद्यम के अधिग्रहण का दिनांक	31.07.2008	29.07.2009
3	वर्ष के अंत में कंपनी द्वारा धारित संयुक्त उद्यम के शेयर	1,00,000	1,00,000
	शेयरों की सं.	रु.10,00,000	रु.10,00,000
	संयुक्त उद्यम में निवेश की रकम		
	धारण की मात्रा %	50 %	50 %
4	महत्नपूर्ण प्रभाव होने के विवरण	लागू नहीं	लागू नहीं
5	संयुक्त उद्यम को समेकित न करने के कारण	लागू नहीं क्योंकि समेकन विचाराधीन है।	लागू नहीं क्योंकि समेकन विचाराधीन है।
6	नवीनतम लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार शेयरधारण को निर्धारण योग्य नेटवर्थ	(623.58)	6.60
7	वर्ष हेतु लाभ / हानी	(914.66)	(1.69)
i	समेकन हेतु ध्यान में लिया गया	(457.33)	(0.84)
ii	समेकन हेतु ध्यान में न लिया गया	(457.33)	(0.84)

टिप्पणिया:

1. कोष्ठक में दिये गये आंकड़े हानी दर्शाते हैं।
2. उपर्युक्त दोनों संयुक्त उद्यम कंपनियों द्वारा वाणिज्यिक परिचलन शुरू किया जाना शेष है।
3. उपर्युक्त क्रम सं.7(ii) अन्य संयुक्त उद्यम भागीदार के अंश का प्रतिनिधित्व

कृते मे. जे.एस. उबेरॉय एंड कं.
सनदी लेखाकार,
फर्म का पंजीकरण क्रमांक: 111107 **W**

नीरज पांण्डेय
कंपनी सचिव

राजेश तुमाने
निदेशक (वित्त)
डीआइएन:06639859

सी ए अमरजीत सिंह संधू
भागीदार
सदस्यता क्रमांक:108665

मुकुंद पी चौधरी
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डीआइएन:05339308

स्थान: नागपुर
दिनांक:22.06.2018

शेयरधारकों को बोर्ड की रिपोर्टका अनुबंध–II

कंपनी अधिनियम, २०१३ की धारा १३४(३)(एम) के अंतर्गत की गई अपेक्षानुसार ऊर्जा के संरक्षण एवम् प्रौद्योगिकी अवशोषण के संबंध में विवरणों का प्रकटन

क) ऊर्जा संरक्षण

कम सं.	विवरण	ब्योरे	
1.	उठाये गये कदम या ऊर्जा संरक्षण पर प्रभाव	बिजली का उपभोग बचाने की सतत प्रक्रिया के रूप में वीएफडी लगाने,ऊर्जा बचत मोटर व ट्रांसफॉर्मर लगाने का काम प्रक्रियाधीन है। चरणवार बदलाव अगले 5 वर्षों में किया जाएगा।	
2.	ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग हेतु कंपनी द्वारा उठाये गये कदम	रु. 32.18 करोड की लागत से म.प्र. की खदानों में 5.50 MW के सौर्य ऊर्जा परियोजनाएं व रु. 29.65 करोड की कुल लागत से महाराष्ट्र की खदानों में 5.00 MW की सौर्य परियोजनाएं अंतिम चरण में हैं व आगामी माहों में पूरी हो जाने की अपेक्षा है।	
		पुरानी एयर कंडीशनर की प्रतिस्थापन, ऊर्जा कुशल क्वांटमेंट के साथ छत पंखे रेत रोशनी ईईएसएल के माध्यम से प्रक्रिया में है, अगले छह महीनों में काम पूरा होने की उम्मीद है।	
3.	ऊर्जा संरक्षण उपकरण पर पूंजीगत निवेश	कार्य का विवरण	निवेश (लाख रु. में)
		खदानों हेतु एलईडी आधारित हाई मास्ट लाइटें	104.65312
		खदानों हेतु एलईडी आधारित स्ट्रीट लाइटें	39.00
		ऊर्जा बचत करने वाले ट्रांसफॉर्मर	201.40
		खदानों हेतु एलईडी आधारित लाइटें	61.45
		कुल निवेश	**406.50312**

ख) प्रोद्यौगिकी अवशोषण

1) कंपनी द्वारा अपमे अनुसंधान व विकास (आरएंड डी) कार्यों के अंतर्गत किये गये प्रयास व उनसे हुए लाभ निम्नानुसार हैं–

कम सं.	क्षेत्र	उठाये गये लाभ
1	खदान का परिवेश	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड्गपुर द्वारा मनसर, कांदरी व उकवा खदानों पर अत्यंत गहरायी में वायु संचार पुनर्गठन अध्ययन किये गये हैं। कांदरी खदान में वायुसंचार कूपक को रीलोकेट किया गया है। इससे अग्रभाग के वायुसंचार एवम् भूमिगत प्रखंडों के परिचालन में मदद मिलती है।
2.1	खनन प्रोद्यौगिकी– अवतलन	मॉयल द्वारा खदान अवतलन के परिमापों का 3 डी विश्लेषण किया गया है और यह पाया गया है कि मनसर खदान में किसी भी लंबकोणीय दिशा में स्पष्ट हलचल देखने में नहीं आयी है।
2.2	खनन प्रोद्यौगिकी– विस्फोटक	विस्फोट उपरांत परिमापों जैसे भू कंपन, ध्वनि एव चट्टानो के छितराने को कम करने हेतु डोंगरी बुजुर्ग ओपन कास्ट खदान में नियमित रूप सेशॉक ट्यूब समहित साइट मिक्स इमलशन (एसएमई) का उपयोग किया गया था। इससे भूकंपन व चट्टानों के छितराने में कमी आयी।
3	खनिज संरक्षण	नैशनलइंस्टीट्यूट ऑफ रॉक मेकैनिक्स(एनआइआरएम),केजीएफ ने मनसर खदान में अनुसंधान व विकास अध्ययन किया है। सुझाये गये ढलान के निरूपण में निचली चट्टान की दीवार में चटखनियों, एक्स कट व इन स्टोप सहित सचालन मार्ग बनाने का समावेश है । इससे मैंगनीज अयस्क के भू भाग में स्वस्थाने दहलीज खंब को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है और दहलीज खंब में फसे खनिज को बचा लिया है । स्टोप के संशोधित निरूपण में भूमिगत खदानों में मैगनीज अयस्क के दोहन की मात्रा में लगभग 20 % की वृद्धि हुई है।
4	खनिज धातु परिष्करण	मॉडर्न मिनरल प्रोसेसिंग लैबोरेटरी एवम् पायलट प्लांट, इंडियन ब्यूरो ऑफ माइन्स द्वारा खनिज अपशेषों (मिनरल रिजेक्ट्स) के उपयोग हेतु बालाघाट खदान के ब्लैक डंप मैंगनीज अपशेषों का अनुसंधान व विकास अध्ययन किया गया है।
5	धातुविज्ञानी अध्ययन	बालाघाट खदान के हाइ कार्बन फेरो मैंगनीज (एचसीएफ इएमएन) एलॉय की उत्पाद गुणवत्ता में सुधार हेतुसीएसआइआर– नैशनलमेटालर्जिकल लैबोरेटरी(एनएमएल), जमशेदपुर में न्यूनतम परिमाप पर (एचसीएफइएमएन) एलॉय के डी फॉसफोरायजेशन हेतु प्रक्रिया प्रवाह अध्ययन (प्रोसेस फ्लो स्टडीज) किया गया है।
6	खदान सुरक्षा(स्टोप डिजाइन)	बेहतर सुरक्षा व उत्पादकता हेतु एनआइआरएम द्वारा बालाघाट खदान के यंत्रीकृत सहायक प्रणाली हेतु स्टोप डिजाइन बनाया जा रहा है।

7	खदान सुरक्षा (शैल यांत्रिकी उपकरण	बालाघाट खदान में 12 वें स्तर के नीचे स्तर अंतराल को 30मीटर से बढ़ा कर 45 मीटर कर दिया गया है। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ माइनिंग एंड फ्यूल रिसर्च (सीआइएमएफआर), नागपुर के सहयोग से स्ट्रेन बारों की मदद से भूमिगत कार्यों की सुरक्षा हेतु शैल यांत्रिकी उपकरणों का परीक्षण व डाटा अनुप्रवर्तन किया जा रहा है।
8	निरंतर विकास संरचना(पर्यावरण)	निरंतर विकास संरचना (एसडीएफ) हेतु भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसारइंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आआइईएसटी, शिबपुर द्वारा कांद्री एवम् मनसर में वआसपासपर्यावरण के परिमापों का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जा रहा है। इससे आसपास के गावों के विकाल में नदद निलेगी।
9	भूमिगत यंत्रीकरण	स्टोप में खनिज के अपशेष के यांत्रिक रखरखाव हेतु गुमगांव की खदन में प्रायोगिक आधार पर एसडीएल का आरंभ किया गया है। इससे खनिजों के अपशेष को अधिक तेजी से निकालने में नदद मिली है।
10	अन्वेषण व शैल विज्ञान	मॉयल आंतरिक अध्ययन हेतु अनुसंधान व विकास में क्षमता निर्माण के लिये शैल विज्ञानी प्रयोगशाला सहित आंतरिक दूर संवेदी व जीआइएस प्रयोगशाला बनाने जा रहा है।
11	अयस्क भंडार का अन्वेषण	यह एक सतत रूप से चलने वाली प्रक्रिया है जिसके द्वारा कंपनी की खुदाई मशीनों द्वारा खदान के आसपास के पट्टा गत क्षेत्रों में जमीन में सुराख करते हुए अन्वेषण किया जाता है। इसके अलावा अधिक गहरायी में खुदायी का कार्य आउटसोर्स करते हुए किया जाता है। ऐसा करने से कंम्पनी हर वर्ष अपने भंडार में वृद्धि कर रही है।
12.1	सीमेंट काँक्रीट में आंतरिक अनुसंधान व विकास	भूमिगत खुदाइयों में काँक्रीटिंग के कार्यों के लिये पहले से ढाले गये कॉलम व बीम तैयार किये गये हैं। इससे भूमिगत खदानों में सुरक्षा मानकों में सुधार हुआ है व भूमिगत खदानों मेंकाँक्रीट के संभरण बनाने में लगने वाले समय में बचत होती है।
12.2	सुरक्षा हेतु सहयोगात्मक अनुसंधान	मॉयल बालाघाट की खदानों में आधुनिक वैज्ञानिक शैल यांत्रिकी उपकरणों की स्थापना हेतु एनआइआरएम, बेंगलुरू के साथसहयोगात्मक अनुसंधान व विकास परियोजना चला रहा है।
12.3	रेत के स्थान पर वैकल्पिक भरण सामग्री हेतु अनुसंधान व विकाल	खदान आयोजन एवम् निरूपण विभाग द्वारा मनसर की प्रायोगिक आधार पर हाइड्रॉलिक परिवहन द्वारा भूमिगत खदानों में भरण सामग्री के रूप में किसी अधिभारी सामग्री के उपयोगपर अनुसंधान व विकास कार्य किया गया है व इसके लिये पेटेंट भी फाइल किया गया है।
13	एक्सआरएफ विश्लेषक	कंपनी ने खदानों पर व कारपोरेट कार्यालय, नागपुर में एक्सआरएफ विश्लेषक सफलतापूर्वक लगाए हैं। इससे ग्राहक संतोष में सुधार हुआ है।

इस प्रकार की प्रमाणित प्रोद्यौगिकी एवम् प्रयासों से खनन कार्यों की सुरक्षा, उत्पादकता व पर्यावरण के मानकों में सुधार दिखायी दिया है। अनुसंधान व विकास की इन परियोजनाओं से तीव्र गति से प्रोद्यौगिकी, जैसे निकास हेतु अत्यंत गरारी खुदायी,स्टोप्स में एसडीएल द्वारा खनिज अपशेष का यांत्रिक रखरखाव, खनन कार्यों में अपशेष रखरखाव का एलएचडी द्वारा रखरखाव,बेहतर सुरक्षा हेतु ओपनकास्ट में एसएमई विस्फोट आदि को अपनाने में मदद मिलती है।भू-भोतिकी पूर्वेक्षण (जियोफिजिकल प्रॉस्पेक्टिंग) से नये पट्टागत क्षेत्रों में मैंगनीज वाले क्षेत्रों का अभिनिर्धारण किया जा सका है।

(ii)	आयातित प्रोद्यौगिकी के विवरण	शून्य
(iii)	अनुसंधान व विकास पर व्यय(रु.करोड में)	9.64

अनुबंध–III

कारपोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट

1. **प्रस्तावित परियोजनाओं या कार्यक्रमों के विहंगम अवलोकन सहित कंपनी की सीएसआर नीति की संक्षिप्त रूपरेखा तथा सीएसआर नीति एवम् परियोजनाओं या कार्यक्रमों का वेब संबंध**

(क) सीएसआर नीति की रूपरेखा

- सीएसआर एवम् निरंतरता कारपोरेट अभिशासन के अभिन्न अंग हैं। मूल रूप से सीएसआर तो व्यवसाय व समाज के बीच के अंतर्संबंधों का दर्शन या उसकी परिदृष्टि है। व्यवसाय की यह सतत प्रतिबद्धता है कि वह नैतिक रूप से कार्य करे व कर्मचारी दल व उनके परिवारों तथा स्थानीय समुदाय व बृहत्तर समाज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाते हुए आर्थिक विकास में अपना योगदान दे।
- सीएसआर के माध्यम से मॉयल की परिदृष्टि निरंतर बदलाव व सामाजिक एकीकरण की प्रक्रियाओं के समर्थन से सामाजिक प्रतिबद्धताओं के जरिये शिक्षित, कुशल व एक धारणीय समाज निर्माण में सहायता करते हुए एक स्वस्थ व प्रसन्न समाज का निर्माण करने की रही है।
- सीएसआर एवम् निरंतरता बनाए रखने हेतु की जाने वाली गतिविधियों का बल मुख्य रूप से क्षमता निर्माण, समुदाय के सशक्तिकरण, सर्व समावेशी सामाजिक – आर्थिक विकास, पर्यावरण रक्षण, पर्यावरण हितैषी ऊर्जा बचत की प्रोद्यौगिकी संवर्धन , पिछड़े क्षेत्रों का विकास तथा सामान्यतः समाज के व विशेषकर परियोजना क्षेत्र में आने वाले कमजोर व दुर्बल वर्गों के उत्थान पर होगा।
- नीति का मुख्य उद्देश्य कंपनी के लिये ऐसे दिशानिर्देश बनाने का होगा ताकि सीएसआर को सीएसआर व निरंतरता के सभी पहलुओं सहित समाज एवम् पर्यावरण के निरंतर विकास की प्रमुख व्यावसायिक प्रक्रिया बनाया जा सके, जिसमें उसके आंतरिक परिचालनों, गतिविधियों व प्रक्रियाओं के साथ – साथ समान रूप से समाज के ग्रामीण / शहरी विकास हेतु सामुदायिक परिसंपत्ति के निर्माण जैसे बाहरी दायित्वों का निर्वहन करते हुए सीएसआर व निरंतरता के सभी पहलुओं के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण निहित हो।
- मॉयल की सीएसआर गतिविधियो का विस्तार कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत किये गये प्रावधनो, उसके अंतर्गत बनाये गये नियमें और समय समय पर सरकार द्वारा जारी व संशोधितपरिपत्र व दिशानिर्देशों के के अनुसार होगा।किसी भी कंपनी द्वारा की जाने वाली सीएसआर गतिविधियां अधिनियम की मौजूदा अनुसूची–7 के अनुसार हो सकते हैं।
- सीएसआर गतिविधियां बोर्ड के समग्र पर्यवेक्षण में की जाती हैं।मॉयल में एक आंतरिक व्यवस्था भी है जिसमें एक मुख्य अधिकारी (सीएसआर) होता है एवम् समूह स्तरीय सीएसआर समिति होती है।
- सीएसआर के अंतर्गत की जाने वाली पहल (वार्षिक व्यय का कम से कम 80 %) प्राथमिक रूप से मॉयल की खदानों, संयंत्रों व युनिटों के प्रभाव क्षेत्रों में की जाएगी, जिसे स्थानीय क्षेत्र कहा जा सकता है।
- सीएसआर व निरंतरता बजट का निर्धारण अधिनियम, नियम एवम् दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाएगा जो तत्काल पिछले तीन वित्तीय वर्षों के औसत निवल लाभ के 2 % से कम नहीं होगा। किसी भी सीएसआर गतिविधि के चयन से पहले आधारभूत आवश्यकता मूल्यांकन सर्वेक्षण किया जाना चाहिये।
- सीएसआर गतिविधियों का कार्यान्वयन मॉयल फाउंडेशन द्वारा स्वयं कंपनी के संसाधनों का उपयोग करते हुए या किसी अभिनिर्धारित उपयुक्त एजेंसी के जरिये या जिला प्रशासन के जरिये या कंपनी अधिनियम, 2013 व कंपनी(कारपोरेट सामाजिक दायित्व नियम, 2014 के प्रावधानों के अनुसार समान गतिविधि करने वाले किसी एनजीओ / विशेषज्ञ एजेंसी / ट्रस्ट / संस्थान / फाउंडेशन / सोसायटी/ निकाय आदि को वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए किया जाएगा ।
- मॉयल फाउंडेशन / मुख्य अधिकारी (सीएसआर विभाग के प्रमुख) हर स्तर पर सीएसआर गतिविधियों के अनुप्रवर्तन हेतु जिम्मेदार होंगे। कंपनी परिचालन के क्षेत्रों में सीएसआर कार्यों के अनुप्रवर्तन हेतु समूह स्तर की स्थानीय समिति / दल का गठन करेगी जो नियनित रूप से आंतरिक समिति को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।;चूँकि गतिविधियों का अनुप्रवर्तन अत्यंत महत्वपूर्ण है अतः सीएसआर समिति कार्यान्वयन पर पैनी नजर रखेगी व कार्यों की प्रगति की आवधिक रूप से समीक्षा करेगी।
- सीएसआर विभाग के मुख्य अधिकारी परियोजना के पूर्णत्व को प्रमाणित करेंगे व निर्धारित दिनांक को उसे उपयोगकर्ता को सौंपेंगे। । सभी परियोजनाओं का मूल्यांकन अपेक्षित परिणामों के संबंध में वस्तुपरक रूप से किया जाता है। चुनिंदा परियोजनाओं का एवम् आवश्यकतानुसार संघात सर्वेक्षण अन्य पक्षों से कराया जाएगा।संघात मूल्यांकन सर्वे क्षण कराए जाने हेतु कार्य का प्रारंभिक मूल्य न्यूनतम रु.1.00 करोड या समय समय पर बोर्ड द्वारा किये गये अनुमोदन के अनुसार हो सकता है।

(ख) विकासात्मक गतिविधियों के प्रमुख क्षेत्र निम्नानुसार होंगेः

- कृषि विकासः भू परीक्षण, भू स्वास्थ्य कार्ड का वितरण,कृमि खाद प्रणालियों को बढ़ावा देना फसल विविधता, धान से चावल के पैदावार की सुनियोजित वृद्धि(एसआरआइ) आदि।
- जल संसाधन विकास के क्षेत्र में स्थायी रोक बाँधों का पुनरुद्धार करना, जल स्रोतों को गाद मुक्त करना, कुओं को गहरा करना आदि।
- दूध उत्पादन बढ़ाने व पशुओं की उन्नत नस्लों की दृष्टि से मवेशी विकास कार्य जैसे कृत्रिम गर्भाधान, बाँझपन व स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करना।
- स्व सहायता समूहों को मजबूत करते हुए महिला सशक्तिकरण ।
- नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोदित करते हुए व जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजनों के जरिये जागरूकता फैलाते हुए समुदाय के स्वास्थ्य पर प्रमुखता से ध्यान केंद्रित करते हुए जीवन – गुणवत्ता के कार्यक्रमों का आयोजन।
- कंपनी मॉयल फाउंडेशन के साथ मिल कर मित्रा(महाराष्ट्रइंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी ट्रांसफर फॉर रूरल एरियाज)21 अभिनिर्धारित गावों यथा नागपुर जिले के 5, भंडारा जिले के 11 और मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के 5 गावों में समुदाय विकास कार्यक्रम जारी रखेगी।

- शिक्षण व कौशल विकास को बढ़ावा।
- ग्रामीण संरचना विकास परियोजनाएं।
- निवारक स्वास्थ्य सहित स्वास्थ्य रक्षण, स्वच्छता को बढ़ावा देना व पेयजल उपलब्ध कराना।
- सहने योग्य पर्यावरण सुनिश्चित करना।

(ग) वेबलिंकःhttp://moil.nic.in/writeraddata/pdf/csršandšsustainabilityšpolicyšofšmoil.pdf

२. सीएसआर समिति की संरचना(दि.३१.०३.२०१८ को)

१	सुश्री संगीता गैरोला	स्वतंत्र निदेशक – अध्यक्ष
२	सुश्री सुनंदा प्रसाद	स्वतंत्र निदेशक – सदस्य
३	श्री वीएम चरियार	स्वतंत्र निदेशक – सदस्य
४	श्री दीपंकर शोम निदेशक	(उत्पादन व योजना) – सदस्य

3. पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कंपनी का औसत निवल लाभः रु.460.91 करोड(लगभग) ।

4. निर्धारित सीएसआर व्ययः रु.9.22 करोड(लगभग) (अर्थात पिछले 3 वित्त वर्षों के औसत निवल लाभ का 2 %

5. वित्तीय वर्ष 2017 – 18 के दौरान सीएसआर गतिविधियों के विवरण

(क)वित्तीय वर्ष हेतु व्यय की जाने वाली कुल रकम रु.9.22 करोड (मॉयल की आधारभूत निधि में रु.1.50 करोड के अंशदान सहित) (मॉयल द्वारा स्थापित सोसायटी जैसा कि कंपनी (कारपोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम,2014) में वर्णित है (विशेषतः सीएसआर गतिविधियां चलाने हेतु)

ख)व्यय न हुई रकम, यदि कोई होः शून्य

ग)वित्तीय वर्ष के दौरान खर्च की गई रकम का विवरण निम्नानुसार हैः

1	2	3	4	5	6	7	18.727 π
क्रम सं.	अभिनिर्धारित सीएसआर परियोजनाया गतिविधि	क्षेत्र, जिसके अंतर्गत परियोजना शामिल है	परियोजनाएं य कार्यक्रम (1) स्थानीय क्षेत्र या अन्य(2) राज्य या जिले काउल्लेख करें जहां परियोजनाएं या कार्यक्रम चलाए गये थे	रकम का परिव्यय(बजट) परियोजना या कार्यक्रमवार	परियोजनाओं / या कार्यक्रमों पर खर्च की गई रकम। उपशीर्ष (1) प्रत्यक्ष खर्च परियोजनाओं / या कार्यक्रमों पर (2) ऊपरीखर्च	रिपोर्टाधीन अवधि तक का संचयी व्यय	खर्च की गई रकमः प्रत्यक्ष या कार्यान्वयन कर्ता एजेंसी के जरिये
9ए)							
1	डीएवी पब्लिक स्कूल हेतु व्यय	शिक्षण व कौशल विकास को बढ़ावा	सीतासावंगी जिला,भंडारा(महा.)	242.00	242.00	242.00	मॉयल
2	बालाघाट, उकवा,(म.प्र.), चिकला व डोंगरी बुजुर्ग(महा.)		बालाघाट, उकवा,(म.प्र.), चिकला व डोंगरी बुजुर्ग(महा.)	33.50	33.50	33.50	मॉयल
3	कौशल विकास कार्यक्रम		जिला नागपुर व भंडारा(महा.) के गांव	40.00	22.02	22.02	मे. आनंद माइन टूल्स, नागपुर
4	शिक्षण को बढ़ावा देने से संबंधित अन्य कार्य			12.88	12.88	12.88	
	क)ग्रामोत्थान परिषद, नागपुर द्वारा संचालित 4 एकल विद्यालयको वित्तीयसहायता		उकपा के पास गाव, जिला बालाघाट				मॉयल
	ख)गुरुदेव ग्राम शिक्षा एवम् समाज कल्याण समिति, बैतुल, जिला बैतुल(म.प्र,)		बैतुल, जिला बैतुल(म.प्र,)				मॉयल
	ग)रामकृष्ण मिशन स्कूल, कांपटी, जिला नागपुर(महा.) को डेस्क व बेंचों की आपूर्ति		कांपटी, जिला नागपुर				मॉयल

1	2	3	4	5	6	7	18.727 π
क्रम सं.	अभिनिर्धारित सीएसआर परियोजनाया गतिविधि	क्षेत्र, जिसके अंतर्गत परियोजना शामिल है	परियोजनाएं य कार्यक्रम (1) स्थानीय क्षेत्र या अन्य(2) राज्य या जिले काउल्लेख करें जहां परियोजनाएं या कार्यक्रम चलाए गये थे	रकम का परिव्यय(बजट) परियोजना या कार्यक्रमवार	परियोजनाओं / या कार्यक्रमों पर खर्च की गई रकम। उपशीर्ष (1) प्रत्यक्ष खर्च परियोजनाओं / या कार्यक्रमों पर (2) ऊपरीखर्च	रिपोर्टाधीन अवधि तक का संचयी व्यय	खर्च की गई रकमः प्रत्यक्ष या कार्यान्वयन कर्ता एजेंसी के जरिये
	घ) मूक व बधिर विद्यालय, सावनेर, जिला नागपुर(महा.) को डेस्क व बेंचों की आपूर्ति	शिक्षण व कौंसल विकास को. बढावा	सावनेर, जिला नागपुर(महा.)				मॉयल
	च)आरएनटी स्कूल के व्यय						मॉयल
	उप जोड़(क)			328.38	310.40	310.40	
(ख)							
5	आरएनटी स्कूल में 6 कक्षा भवन व छात्र व छात्राओं हेतु शौचालयों का निर्माण	ग्रामीण विकास की परियोजनाएं	उकवा, जिला बालाघाट, म.प्र.	40.00	18.54	18.54	मे.साईकृपा कॉंट्रैक्ट वर्क्स
6	सरकारी स्कूल में अहाते की दीवार का निर्माण		चकहेटी,जमरापानी, तहसील कटंगी, जिला बालाघाट, म.प्र.	7.00	7.00	7.00	मे.खान ब्रदर्स
7	सरकारी स्कूल में अहाते की दीवार का निर्माण		गोंडीटोला व भारवेली गांव, जिला बालाघाट,(म.प्र.)	28.00	28.22	28.22	मे.खान ब्रदर्स
8	सरकारी स्कूल में अहाते की दीवार का निर्माण		घुबडगोंडी, जिला बालाघाट,(म.प्र.)	16.00	16.00	16.00	मे.खान ब्रदर्स
9	डीएवी के साथ नये स्कूल का निर्माण		मनसर, जिला बालाघाट,(म.प्र.)	100.00	3.82	3.82	मे.रिनायसेंस प्लानर्स
10	बालाघाट, बैहर रोड के टी पॉइंट से सेंट्रल स्कूल तक सड़क का डामरीकरण		भारवेली गांव, जिला बालाघाट,(म.प्र.)	50.00	57.06	57.06	मे.अल्ताफ अहमद
11	सीमेंट काँक्रीट सड़क का निर्माण		जगपुर गांव,जिला बालाघाट, (म.प्र.)	23.00	23.00	23.00	मे.अल्ताफ अहमद
12	सीमेंट काँक्रीट सड़क का निर्माण		चरे गांव, जिला बालाघाट, (म.प्र.)	18.00	20.88	20.88	मे.अल्ताफ अहमद
13	सीमेंट काँक्रीट सड़क का निर्माण		रट्टा, जिला बालाघाट (म.प्र.)	11.50	11.50	11.50	मे.अल्ताफ अहमद
14	नलकूप सहित समुदाय भवन का निर्माण		घुबडगोंडी, जिला बालाघाट, (म.प्र.)	40.00	37.57	37.57	मे.खान ब्रदर्स
15	सीमेंट काँक्रीट सड़क का निर्माण		भाटेरा, जिला बालाघाट, (म.प्र.)	70.00	68.24	68.24	मे. अल्ताफ अहमद
16	सीमेंट काँक्रीट सड़क का निर्माण		भंडारा जिले(महा.) के गांव	19.50	18.13	18.13	में हामिद सय्यद
17	सीमेंट काँक्रीट सड़क का निर्माण		जिला भंडारा व बनपुरी, जिला नागपुर (महा.) में गुदरी, करमुड़ा	26.00	27.19	27.19	में हामिद सय्यद
18	डोंगरी, जिला भंडारा में समुदाय भवन का निर्माण		डोंगरी, जिला भंडारा (महा.)	42.50	42.23	42.23	मे.के.सी.दास
19	ग्रामीण विकास से जुड़े अन्य कार्य			5.54	5.54	5.54	
	क)आदर्श स्कूल, मनसर मेंअहाते की दीवार का निर्माण		मनसर, जिला नागपुर,(महा.)				मे.दीपंकर मंडल
	उप जोड़ (ख)			497.04	384.92	384.92	

1	2	3	4	5	6	7	18.727 ग
क्रम सं.	अभिनिर्धारित सीएसआर परियोजनाया गतिविधि	क्षेत्र, जिसके अंतर्गत परियोजना शामिल है	परियोजनाएं य कार्यक्रम (1) स्थानीय क्षेत्र या अन्य(2) राज्य या जिले काउल्लेख करें जहां परियोजनाएं या कार्यक्रम चलाए गये थे	रकम का परिव्यय(बजट) परियोजना या कार्यक्रमवार	परियोजनाओं / या कार्यक्रमों पर खर्च की गई रकम। उपशीर्ष (1) प्रत्यक्ष खर्च परियोजनाओं / या कार्यक्रमों पर (2) ऊपरीखर्च	रिपोर्टाधीन अवधि तक का संचयी व्यय	खर्च की गई रकमः प्रत्यक्ष या कार्यान्वयन कर्ता एजेंसी के जरिये
(ग)							
20	हमारी खदानों के आसपास के क्षेत्रों में नलकूपों की खुदायी व हैंड पंप लगाना	निवारक स रक्षण सहित स्वास्थ्य रक्षण, स्वच्छता को बढ़ावा देना व पेय जल मुहैया कराना।	जिला बालाघाट,(म.प्र.) के गांव तथा भंडारा व नागपुर (महा.)	50.00	40.12	40.12	मे.निशा बोरवेल्स
21	कचरा इकट्ठा करने की ट्रॉली की आपूर्ति निकटवर्ती गावों में प्रत्येक को चार		जिला बालाघाट,(म.प्र.) के गांव तथा भंडारा व नागपुर (महा.)	5.50	5.50	5.50	मे.इनोवेटिव कंस्ट्रक्शन्स
22	चिकला में जल आपूर्ति योजना पाइप लाइन सहित तथा नलकूपों पर ऊपरी पानी की टंकी तथा पेय जल उपलब्ध कराने हेतु स्टैंड पोस्ट का प्रावधान		चिकला, जिला भंडारा (महा.)	14.50	12.76	12.76	मे.साई असोसियेट
23	अन्य संबंधित कार्य			42.62	42.62	42.62	
	क)खदानों के निकटवर्ती क्षेत्रों में स्वाइन फ्लू हेतु निःशुल्क दवाइयों का वितरण		तिरोडी, जिला बालाधाट(म.प्र.)चिकला व डोंगरी जिला भंडारा(महा.)				मॉयल
सेबी (एलओडीआर)विनियमावली, 2015 की अनिवार्य व गैर – अनिवार्य आवश्यकताओं को अपनाना

मॉयल ने लिस्टिंग विनियमावली की सभी आवश्यकताओं का पालन किया है।(सिवाए उनके, जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है)। लिस्टिंग विनियमावली की अनुसूची 5 में निर्धारित गैर– अनिवार्य आवश्यकताओं के संबंध में कंपनी द्वारा अपनाये गये / पालन किये गये क्षेत्र निम्नानुसार हैं–

1. चूँकि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक कंपनी की पूर्णकालिक नियुक्ति में हैं अतः अध्यक्ष के कार्यालय का अलग से रखरखाव आवश्यक नहीं है। इसके अतिरिक्त स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति इस्पात मंत्रालय द्वारा तीन वर्षों की अवधि हेतु की गई है अतः किसी भी स्वतंत्र निदेशक की सेवा दस वर्ष से अधिक अवधि हेतु नहीं हुई है ।
2. वर्ष के दौरान स्वतंत्र निदेशकों की बैठक दि. 08.02.2018 को संपन्न हुई थी ।

   कंपनी एक अग्रणी अंग्रेजी समाचार पत्र में त्रैमासिक अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम प्रकाशित करती है जैसा कि संप्रेषम के उपाय शीर्ष के अंतर्गत बताया गया है ।ये अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.moil.nic.in पर भी प्रदर्शित किये जाते हैं । कंपनी अपनी प्रमुख घटनाओं, उपलब्धियों आदि को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, समाचार पत्रों व अपनी वेबसाइट के जरिये भी संप्रेषित करती है।
3. कंपनी का सदैव यह प्रयास रहता है कि बिना शर्त वित्तीय विवरण प्रस्तुत किये जाएं।
4. एक सरकारी कंपनी होने के नाते अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समेत सभी निदेशकों की नियुक्ति इस्पात मंत्रालय के जरिये भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
5. जब भी आवश्यक हो, आंतरिक लेखा परीक्षक लेखा परीक्षा समिति को रिपोर्ट करते हैं।

संप्रेषण के उपाय

7.1 आमतौर पर कंपनी अग्रणी राष्ट्रीय समाचार पत्रों यथा टाइम्स ऑफ इंडिया, महाराष्ट्र टाइम्स, मिंट, इंडियन एक्सप्रेस, बिजनेस लाइन, बिजनेस स्टैंडर्ड, हितवाद, मराठी लोकमत, नागपुर, नवराष्ट्र व हिंदी दैनिक समाचार पत्र जैसे नवभारत, दैनिक भास्कर, लोकमत समाचार आदि) में अपने त्रैमासिक अलेखा परीक्षित वित्तीय परिणाम प्रकाशित करती है।

7.2 इन अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को कंपनी की वेबसाइट www.moil.nic.in पर भी प्रदर्शित किया जाता है ।

7.3 कंपनी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, समाचार पत्रों और इसकी वेबसाइट के माध्यम से आधिकारिक समाचार, प्रमुख घटनाओं, प्रदर्शन, उपलब्धियों, प्रस्तुतियों आदि को संचारित करती हैं।

8. सामान्य शेयरधारक सूचना

8.1 वार्षिक साधारण सभा

दिनांक	दिन	समय	स्थान
27 सितंबर, 2018	गुरुवार	प्रातः11.30	मॉयल लिमिटेड,गोल्डन जुबिली हॉल,वेस्ट कोर्ट प्रीमाइसेस,जेडपी के सामने,(भूतपूर्व सरकारी)हाई स्कूल, काटोल रोड, नागपुर–440013

8.2 वित्तीय वर्ष

कंपनी ने उस वित्तीय वर्ष को अपनाया है जो हर वर्ष 1 अप्रैल को शुरू होता है और 31 मार्च को समाप्त होता है।

8.3 बही समापन का दिनांक

कंपनी ने बहियों का समापन नहीं किया है किंतु अंतिम लाभांश के भुगतान का रेकॉर्ड दिनांक 14 सितंबर, 2018 रहेगा ।

8.4 लाभांश भुगतान का दिनांक

घोषणा के दिनांक से 30 दिनों के भीतर शेयरधारकों को लाभांश अदा कर / भेज दिया जाता है ।

8.5 स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्टिंग

मॉयल के शेयर दि. 15 दिसंबर, 2010 को सूचीबद्ध किये गये थे ।एक्सचेंजों एवम् स्टॉक कोड के विवरण निम्नानुसार हैं–

स्टॉक एक्सचेंज	शेयरों के प्रकार	स्टॉक कोड
बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड	ईक्विटी शेयर	533286
नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड	ईक्विटी शेयर	मॉयल – ईक्यू

उपर्युक्त दोनों एक्सचेंजों को वर्ष 2017 – 18 का शुल्क अदा किया गया है ।

बाजार मूल्य डाटाः पिछले वित्तीय वर्ष 2017 – 18 के दौरान उच्च, न्यून

माह	राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज		बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज	
	उच्च	न्यून	उच्च	न्यून
अप्रैल, 2017	346.70	303.30	346.20	300.00
मई 2017	340.00	294.00	340.00	295.00
जून, 2017	352.45	313.05	352.30	313.10
जुलाई,2017	360.95	318.00	360.50	317.00
अगस्त,2017	371.75	323.40	375.00	324.05
सितंबर,2017	425.25	179.70	427.40	180.05
अक्तूबर, 2017	285.85	191.85	285.50	192.60
नवंबर,2017	284.00	243.90	283.75	242.60
दिसंबर,2017	250.00	214.60	250.00	214.05
जनवरी,2018	261.50	235.35	261.55	236.60
फरवरी,2018	246.50	209.00	245.60	209.45
मार्च,2018	229.00	180.05	228.65	180.10





8.6 राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज व बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर स्थूलाधारित सूचकांकों कते मुकाबले कार्य निष्पादन

माह	राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज		बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज	
	निफ्टी	मॉयल	निफ्टी	मॉयल
अप्रैल, 2017	9304.05	315.25	29918.40	315.20
मई 2017	9621.25	330.35	31145.80	329.85
जून, 2017	9520.90	319.20	30921.61	320.05
जुलाई,2017	10077.10	353.95	32514.94	353.50
अगस्त,2017	9917.90	361.20	31730.49	362.05
सितंबर,2017	9788.60	190.80	31283..72	189.65
अक्तूबर, 2017	10335.30	264.40	33213.13	264.90
नवंबर,2017	10226.55	246.10	33149.35	246.70
दिसंबर,2017	10530.70	242.50	34056.83	242.35
जनवरी,2018	11027.70	242.45	35965.02	241.80
फरवरी,2018	10492.85	221.35	34184.04	221.15
मार्च,2018	10113.70	195.65	32968.68	195.75

8.7 **शेयर एवम् अंतरण एजेंट का नाम व पता**

बिगशेयर सर्विसेज प्रा. लि., 1 ली मंजिल,
भारत टिन वर्क्स बिल्डिंग,
वसंत ओएसिस के सामने, मकवाना रोड, मरोल,
अंधेरी पूर्व मुंबई - 400059
टेलीफोनः91 - 22 - 022 - 62638200 /68,
फैक्स - 91 - 22 - 022 - 62638299
ई मेल - investorbigshareonline.com

8.8 **शेयर अंतरण प्रणाली**

भौतिक क्षेत्र के अंतर्गत संपूर्ण शेयर अंतरण गतिविधियां बिगशेयर सर्विसेज प्रा.लि. द्वारा चलायी जाती हैं । शेयर अंतरण प्रणाली में अंतरितियों से अंतरण विलेख फॉर्म, उनकी जाँच, अंतरण ज्ञापन निर्माण,आदि सहित शेयर अंतरण की प्राप्ति जैसी गतिविधियां शामिल रहती हैं। शेयर अंतरण/ प्रेषण का अनुमोदन उप समिति / प्राधिकृत व्यक्तियों (कंपनी सचिव) द्वारा किया जाता है। शेयरों के अंतरण / प्रेषण का सारांश हितधारक समिति बोर्ड के सामने रखा जाता है । कंपनी लिस्टिंग विनियमावली के विनियम 40(10) के अंतर्गत आवश्यक एक कार्यरत कंपनी सचिव से शेयर अंतरण की औपचारिकताओं सहित अनुपालन का अर्ध वार्षिक प्रमाणपत्र प्राप्त करती है और स्टॉक एक्सचेंज में उक्त प्रमाणपत्र की एक प्रति दायर कर देती है ।

8.9 **मंडल एवम् लेखा परीक्षा समिति की बैठक का अनंतिम कैलेंडरः**

निम्नलिखित को समाप्त तिमाही	बैठक का अपेक्षित दिनांक
30 जून, 2018	अगस्त,2018 का प्रथम सप्ताह
30 सितंबर,2018	नवंबर,2018 का प्रथम सप्ताह
31 दिसंबर,2018	फरवरी,2019 का प्रथम सप्ताह
31 मार्च,2019	मई,2019 का तृतीय सप्ताह

उपर्युक्त के अतिरिक्त बैठकें आवश्यक होने पर आययोजित की जाती हैं ।

8.10 शेयरधारण का वितरण

क. आकार के अनुसार दि.31 मार्च,2018 को धारण की प्रतिशत मात्रा

शेयरों की सं.	शेयरधारकों की सं.	शेयरधारकों का %	शेयरों की कुल सं.	शेयरों का %
1 - 5000	283183	96.4313	18127708	7.0369
5001 - 10000	5576	1.8988	4335164	1.6828
10001 - 20000	2640	0.8990	3961411	1.5378
20001 - 30000	840	0.2860	2085069	0.8094
30001 - 40000	377	0.1284	1351749	0.5247
40001 - 50000	223	0.0759	1026291	0.3984
50001 -100000	420	0.1430	3039457	1.1799
100001 व अधिक	404	0.1376	223682039	86.8301
कुल	2936663	100.0000	257608888	100.0000

दि.31 मार्च, 2018 को शेयरधारण का श्रेणीवार सारांश

Category	No. of Shares Held	% of Shareholding
केंद्र राज्य सरकार	169226667	65.6913536
जनता(व्यक्तिगत)	37216451	14.44688158
विदेशी संस्था. निवेशक	8594694	3.33633442
वित्तीय पोटफोलीओ	9632853	3.73933255
विदेशी संस्थाएं	23521285	9.130618583
निगमित निकाय	3913172	1.519036098
बॉडीज गैर(एनएफबीसी)	68	0.0000263
बॉडीज कारपोरेट (एनएफबीसी)	30468	0.011827232
बीमा कंपनियां	1344389	0.521872134
राष्ट्रीयकृत बैंक	950	0.000368776
गैर - राष्ट्रीयकृत बैंक	102113	0.039638772
म्यूचुअल फंड	1625524	0.631004626
अनिवासी भारतीय	1715641	0.665986726
समाशोधन के सदस्य	500256	0.194192058
कर्मचारी	80354	0.031192247



8.11 शेयरों का विभौतीकरण एव नगदीकरण

कंपनी के शेयर नैशनल सेक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिट

(एनएसडीएल) तथा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के पास विभौतीरण किया जाता है ।

दि.31.03.2018 को अमूर्तिकृत व भौतिक रूप में शेयरों की सं.

श्रेणी	शेयरों की सं.	कुल जारी पूंजी में %
सीडीएसएल के पास अमूर्तिकृत रूप में शेयर	14494382	5.63
एनएसडीएल के पास अमूर्तिकृत रूप में शेयर	243113294	94.37
भौतिक रूप में शेयर	1212	0.00
कुल	257608888	100.00

कंपनी के ईक्विटी शेयर तरल व सक्रियता से व्यापारित भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों में से हैं ।

8.12 बकाया जीडीआर / एडीआर / वारंट या कोई परिवर्तनीय लिखत, परिवर्तन का दिनांक व ईक्विटी पर संभावित प्रभाव ।

कंपनी द्वारा कोई भी जीडीआर / एडीआर / वारंट या कोई परिवर्तनीय लिखत, जारी नहीं किये गये हैं।

8.13 संदिग्ध खाते में मौजूद शेयरों के विवरण:

संदिग्ध खाते में मौजूद शेयरों के विवरण निम्नानुसार है:

विवरण	शेयरधारकों की सं.	शेयरों की सं.
शेयरधारकों की कुल सं. व दि.01.04.2017 को बकाया शेयर	12	204
शेयरधारकों की सं. जिन्होंने वर्ष के दौरान कंपनी से शेयरों के अंतरण हेतु संपर्क किया	4	68
शेयरधारकों कती सं. जिन्हे वर्ष के दौरान उचंत खाते से से शेयरों का अंतरण किया गया।	4	68
अदावाकृत उचंत खाते को अंतरित शेयर	0	0
शेयरधारकों की कुल सं. तथा दि.31.03.2018 को उचंत खाते में बकाया शेयर	8	272

टिप्पणी: वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने 1 : 1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी किये तदनुसार, शेयरों की संख्या बढ़ गयी ।

जब तक ऐसे शेयरों के स्वामी शेयरों का दावा नहीं करते तब तक दि.31.03.2018 को उचंत खाते में मौजूद इन शेयरों के मतदान के अधिकार अवरुद्ध रहेंगे ।

8.14 खदानों, संयंत्रों व पवन चक्कियों के स्थान

खदानों की सूची

क्रम सं.	खदान का नाम व पता
महाराष्ट्र	
1.	चिकला खदान, डाक.चिकला,तह.तुमसर, जिला भंडारा, महाराष्ट्र, पिन-441904
2.	डोंगरी बुजुर्ग खदान, तह.तुमसर, जिला भंडारा, महाराष्ट्र, पिन441907
3.	बेलडोंगरी खदान, डाक सातुक, तह.रामटेक, जिला नागपुर, महाराष्ट्र, पिन-440401
4.	कांदरी खदान, डाक कांदरी, तह.रामटेक, जिला नागपुर, महाराष्ट्र, पिन-441401
5.	मनसर खदान, डाक मनसर, तह.रामटेक, जिला नागपुर, महाराष्ट्र, पिन-441106
6.	गुमगांव खदान, डाक खापा, तह.सावनेर, जिला नागपुर, महाराष्ट्र, पिन-441101
मध्य प्रदेश	
7.	बालाघाट खदान डाक भारवेली, जिला बालाघाट, म.प्र.,पिन-481102
8.	उकवा खदान, डाक उकवा, जिला बालाघाट, म.प्र. पिन-481105

9.	तिरोड़ी खदान, डाक तिरोड़ी, जिला बालाघाट, म.प्र., पिन-481449
10.	सीतापातोर खदान, डाक सुकली, जिला बालाघाट, म.प्र. पिन-418449
संयंत्र	
11.	फेरो मैंगनीज संयंत्र10000(टीपीवी)क्षमता, बालाघाट
12.	इलेक्ट्रोलिटिक मैंगनीज डाइ ऑक्साइड(ईएमडी) संयंत्र(1000टीपीवी)क्षमता, डोंगरी बुजुर्ग

पवन चक्कियों की सूची

नागदा हिल्स, जिला देवास,म.प्र.	क्षमता 4.8 मे वॉट
रातेड़ी हिल्स, जिला देवास, म.प्र.	क्षमता 15.2 मे वॉट

8.15 पत्र व्यवहार हेतु पता

पंजीकृत कार्यालयः
कंपनी सचिव,
मॉयल लिमिटेड,
मॉयल भवन,
1 - ए, काटोल रोड, नागपुर - 440013
टेलीफैक्स - 0712 2806182 / 100
E-Mail: compliancemoil.nic.in
Website : www.moil.nic.in

आचार संहिता

मॉयल के कर्मचारियों हेतु आचार के अत्युच्च मानक निर्धारित करने के अपने प्रयासों के एक भाग के रूप में सभी बोर्ड के कार्मिकों एवम् उच्च प्रबंधन के कार्मिकों के लिये एक व्यावसायिक आचार संहिता निर्धारित की गई है। उक्त आचार संहिता की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट्.ोळश्र.पळल.ळप पर प्रदर्शित की गई है ।बोर्ड के सभी सदस्यों एवम् वरिष्ठ प्रबंधन के कार्मिकों ने वित्तीय वर्ष 2017 - 18 हेतु मॉयल की व्यावसायिक आचार संहिता का पालन करने की पुष्टि की है।

घोषणा

स्टॉक एक्सचेंजों के पास लिस्टिंग विनियमावली के अनुसूची 5 के भाग V के अंतर्गत कंपनी के सभी बोर्ड के सदस्यों एवम् वरिष्ठ प्रबंधन ने वर्ष 2017 - 18 हेतु व्यावसायिक आचार संहिता के पालन की पुष्टि की है ।

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 02.08.2018

कृते मॉयल लि.
एम.पी.चौधरी
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक

---

10. सीईओ / सीएफओ स्पष्टीकरण

लिस्टिंग विनियमावली के विनियम17(8) के अंतर्गत, कंपनी के सीईओ / सीएफओ द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र कारपोरेट अभिशासन की रिपोर्ट के साथ संलग्न है ।

11. निदेशकों हेतु परिचय कार्यक्रम

बोर्ड के सदस्यों को आवश्यक प्रलेख / विवरणिकाएं, रिपोर्ट व आंतरिक नीतियां उपलब्ध करायी जाती हैं ताकि वे कंपनी की कार्यविधियों व प्रथाओं से परिचित हो सकें । कंपनी अपने निदेशकों को विभिन्न बाहरी एजेंसियों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों व प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी नामित करती है ।कंपनी के अद्यतनकार्य निष्पादन, व्यावसायिक रणनीति व शामिल जोखिमों के संबंध में बोर्ड के सामने व बोर्ड की बैठकों में आवधिक रूप से प्रस्तुतीकरण किये जाते हैं ।वर्ष के दौरान आयोजित स्वतंत्र निदेशकों की अलग बैठकों में भी कंपनी के व्यावसायिक पैमानों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण किये जाते हैं ।निदेशकों को संबंधित सांविधिक परिवर्तनों से भी अद्यतन रखा जाता है । निदेशकों के लिये विभिन्न खदानों को भेंट देने के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं ताकि वे कंपनी के परिचालनों को समझ सकें ।इस प्रकार के परिचय कार्यक्रमों के विवरण कंपनी की वेबसाइट http//moil.nic.in/writeraddata/pdf/trg..progšindšdir.pdf पर देखे जा सकते हैं ।

12. लागू विधियों के अनुपालन का पुनरीक्षण

बोर्ड ने सभी लागू नियमों की अनुपालन रिपोर्टों का पुनरीक्षण किया है और सभी लागू विधियों का अनुपालन सुनिश्चित किया है ।

13. लेखा परीक्षक का अनुपालन प्रमाणपत्र

लिस्टिंग विनियमावली की अनुसूची - V के अंतर्गत निर्धारित कारपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन की पुष्टि करते हुए कंपनी के लेखा परीक्षक व एक कार्यरत कंपनी सचिव सीएस अमित राजकोटिया का प्रमाणपत्र इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है ।

सीईओ व सीएफओ का अधिप्रमाणन

सेवा में,

निदेशक बोर्ड,
मॉयल लिमिटेड,
नागपुर

(क) हमने दि. 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के मॉयल लिमिटेड के वित्तीय विवरणों एवम् नकदी प्रवाह विवरण की जाँच की है हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवम् विश्वास के अनुसारः

(1) इन विवरणों में कोई महत्वपूर्ण रूप से असत्य कथन शामिल नहीं है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य निकाला नहीं गया है या ऐसा कोई कथन शामिल नहीं है जो भ्रामक हो ;

(2) ये विवरण कंपनी के कामकाज का सही व उचित चित्र प्रस्तुत करते हैं और वे लेखांकन के मौजूदा मानकों, प्रयोज्य विधियों एवम् विनियमों के अनुरूप हैं ।

(ख) हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवम् विश्वास के अनुसार वर्ष 2017 – 18 के दौरान कंपनी ने ऐसे कोई व्यवहार नहीं किये हैं जो कपटपूर्ण हों, गैर कानूनी हों या कंपनी की आचार संहिता का उल्लंघन करते हों ।

(ग) हम वित्तीय रिपोर्टिंग हेतु आंतरिक नियंत्रणों को स्थापित करने व निर्वहन करने का दायित्व स्वीकार करते हैं और हमने वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की प्रभाविकता का मूल्यांकन किया है और हमने लेखा परीक्षकों एवम् लेखा परीक्षा समिति को हमें ज्ञात ऐसी आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों के स्वरूप या परिचालन में कमियों, यदि कोई हों, तथा उन कमियों के परिशोधन हेतु उठाये गये या उठाये जाने वाले कदमों से अवगत करा दिया है ।

(घ) हमने लेखा परीक्षकों एवम् लेखा परीक्षा समिति को निम्नलिखित संकेत दिये हैं–

(1) वर्ष 2017 – 18 के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण में महत्वपूर्ण परिवर्तन ;

(2) वर्ष 2017 – 18 के दौरान लेखांकन नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन और उन्हें वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में प्रकट किया गया है, और

(3) महत्वपूर्ण कपटपूर्ण कृत्य, जो हमें ज्ञात हुए, और उनमें प्रबंधन या कंपनी में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करने वाले किसी कर्मचारी की संलिप्तता , यदि कोई हो , की घटनाएं ।

निदेशक (वित्त)
स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः24.05.2018

एम.पी.चौधरी
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक

कारपोरेट अभिशासन अनुपालन प्रमाणपत्र

मॉयल लिमिटेड के सदस्य,
मॉयल लिमिटेड
सीआइएन - एल99999एमएच1962जीओआय012398
1 - ए, काटोल रोड,
नागपुर - 440013

मैंने वित्तीय वर्ष 2017 - 18 हेतु एसईबीआइ (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) विनियमावली, 2015 और भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइज, नई दिल्ली द्वारा केंद्र सरकार के उपक्रमों हेतु कारपोरेट अभिशासन पर जारी दिशानिर्देशों के अंतर्गत कारपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन के अधिप्रमाणन हेतु मॉयल लिमिटेड के सभी प्रासंगिक अभिलेखों की जाँच कर ली है । मैंने वह सभी जानकारी एवम् स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिये हैं जो मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवम् विश्वास के अनुसार अदिप्रमाणन के प्रयोजनार्थ आवश्यक थे ।

कारपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन का दायित्व प्रबंधन का है । मेरी जाँच कंपनी द्वारा अपनायी गयी कार्यविधि व कार्यान्वयन प्रक्रिया तक सीमित थी ताकि भारत सरकार, डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेस(डीपीई), नई दिल्ली द्वारा केंद्रीय सरकारी उपक्रमों हेतु कारपोरेट अभिशासन पर जारी दिशानिर्देशों तथा कारपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके । यह प्रमाणपत्र न तो कंपनी की भावी व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही कंपनी द्वारा कंपनी के कामकाज चलाने की क्षमता या कार्यकुशलता का ।

मेरी राय में व मुझे प्रदत्त स्पष्टीकरणों एवम् जानकारियों के अनुसार मैं यह प्रमाणित करता हूँ कि कंपनी ने दि.31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्षके दौरान बोर्ड की संरचना से संबंधित प्रावधानों को छोड़ कर उक्त सेबी (लिस्टिंग बाध्यता व प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम, 2015 की अनुसूची II में निर्धारित कारपोरेट अभिशासन की सभी अनिवार्य आवश्यकताओं, भारत सरकार, डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेस(डीपीई), नई दिल्ली द्वारा केंद्रीय सरकारी उपक्रमों हेतु कारपोरेट अभिशासन पर जारी दिशानिर्देशों का पालन किया है ।

दिनांकः19 जुलाई,2018
स्थानः नागपुर

अमित के.राजकोटिया
कंपनी सचिव
एफसीएस5561 सीपीनं.5162

अनुबंध–IV

प्रबंधकीय विवेचन तथा विश्लेषण रिपोर्ट वर्ष 2017–18 के लिए

प्रस्तावना

प्रबंधन पर विवेचन तथा विश्लेषण रिपोर्ट (एमडीएआर) का उद्देश्य व्यावसायिक परिवेश में विकास, पिछली रिपोर्ट की तुलना में कंपनी के कार्य निष्पादन तथा भावी संभावनाओं का विवेचन करना है । प्रबंधन पर विवेचन तथा विश्लेषण रिपोर्ट (एमडीएआर) बोर्ड की रिपोर्ट का ही एक भाग है । एक कंपनी का कार्य निष्पादन मांग, आपूर्ति, मौसम की स्थितियों, राजनीतिक स्थितियों सरकार के विनियमों एवम् नीतियों, कराधान व प्राकृतिक आपदाओं सहित विभिन्न घटकों से संबद्ध होता है, जो कंपनी के नियंत्रण से बाहर होते हैं और कंपनी के परिचालन पर पर्याप्त असर डाल सकते हैं । इसके कारण इस रिपोर्ट में अनुमानों, संभावना, अपेक्षाओं,प्राक्कलनों आदि के संबंध में किये गये कुछ कथन वास्तविकता से अलग हो सकते हैं ।

क. औद्योगिक संरचना और बाजार का परिदृश्य

भारत बड़ी आबादी के साथ एक उभरती हुई अर्थ व्यवस्था है । आर्थिक विकास की शक्तियों की यह मांग है कि नये बुनियादी ढाँचे में, नये बड़े छोटे शहरों में, मशीनरी व उत्पादन में लगातार निवेश किया जाए ताकि अधिकाधिक लोगों को रोजगार मिल सके व अर्थ व्यवस्था को आगे ले जाया जा सके।

भारत का इस्पात उत्पादन वर्ष 2016 में 95.50मिलियन टन से बढ़ कर वर्ष 2017 में 6.18 % की वृद्धि दर्ज करते हुए 101.40 मिलियन टन हो गया, जबकि इसी अवधि के दौरान विश्व का इस्पात उत्पादन मात्र 3.81 % था । कच्चे लोहे के सबसे बड़े उत्पादक चीन ने 2.98 % की वृद्धि दर्शायी जबकि दूसरे सबसे बड़े उत्पादक जापान ने 0.10% की नकारात्मक वृद्धि दर्शायी ।

मैंगनीज अयस्क उद्योग का कामकाज इस्पात उद्योग के कामकाज से संबद्ध रहता है ।वर्ल्ड स्टील असोसियेशन (डब्ल्यू एस ए) के अनुसार जनसंख्या में अपेक्षित वृद्धि, इस्पात के नये – नये अनुप्रयोगों व अत्याधुनिक उपयोगों को देखते हुए वैश्विक इस्पात बाजार के आगामी 50 वर्षों में लगभग 700 से 1000 मिलियन टन तक बढ़ जाने की संभावमा है । इसके साथ ही यह आज के मुकाबले 60 % अधिक बड़ा हो जाएगा ।

एक अध्ययन के अनुसार भारत में आगामी वर्षों में इस्पात उद्योग में दोहरे अंकों में विकास अपेक्षित है जिससे मैंगनीज अयस्क की मांग में निश्चित वृद्धि होगी ।

वर्ष 2017 – 18 के दौरान भारत 23.12 % बढोतरी के साथ इस्पात का निर्यातक बना रहा जबकि आयात में पिछले वर्ष के मुकाबले केवल 5.4% की वृद्धि हुई ।

ख. अवसर व खतरे

अवसर

- सरकार घरेलू व विदेशी दोनों स्रोतों से भारतीय इस्पात क्षेत्र में निवेश आमंत्रित करने और निवेश के प्राप्त प्रस्तावों के त्वरित कार्यान्वयन हेतु कटिबद्ध है ताकि घरेलू मांग की पूर्ति की जा सके व राष्ट्रीय इस्पात नीति के अनुसार पूर्वानुमानित उत्पादन के स्तर को प्राप्त करने हेतु कच्चे इस्पात के अपेक्षित क्षमता स्तर तक पहुँचा जा सके व महत्वपूर्ण निविष्टियों की उपलब्धता सरलता से सुनिश्चित करते हुए यथावश्यक संरचना को भी प्रप्त किया जा सके ।
- भारत ने वर्ष 2030–31 हेतु 300 एमटी कच्चे इस्पात का लक्ष्य निर्धारित किया है जिससे मैंगनीज अयस्क की भारी मांग पैदा होगी ।
- भारत का सबसे बड़ा मैंगनीज अयस्क का उत्पादक होने के नाते मॉयल देश के लगभग 46 % मैंगनीज अयस्क का उत्पादन करता है । अपनी प्रभावशाली स्थिति, मध्यम – उच्च श्रेणी के मैंगनीज अयस्क के भंडार, प्रमुख स्थलों पर खदानों की मौजूदगी व एक मजबूत व बढ़ते जा रहे ग्राहक आधार के कारण वह मात्रात्मक रूप से भारत की इस्पात की मांग से लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में है ।
- इस्पात के उत्पादन में सिलिको – मैंगनीज के लगातार बढ़ते जा रहे उपयोग के कारण मध्यम – उच्च श्रेणी के मैंगनीज अयस्क हेतु बाजार की अच्छी संभावनाएं हैं ।
- मजबूत वित्तीय स्थिति यथा पर्याप्त नकदी प्रारक्षित निधि होने के कारण मॉयल को बड़ी निवेश योजनाओं को लागू करने का अवसर मिलता है । मॉयल ने पहले ही अपनी मौजूदा खदानों में विकास हेतु बड़े निवेशों की योजना बनायी है जिससे मैंगनीज अयस्क की भावी आवश्यकता की पूर्ति हेतु उत्पादन व उत्पादकता को बढ़ाया जा सकेगा । उसने बालाघाट व गुमगांव खदानों में फेरो एलॉय संयंत्र स्थापित करते हुए अपने फेरो एलॉय के कारोबार को बढ़ाने का भी निर्णय लिया है ।
- केंद्र सरकार ने नागपुर व भंडारा जिलों में मॉयल के पक्ष में 814.71 हेक्टेअर भूमि का क्षेत्रफल आरक्षित कर दिया है । आवश्यक मंजूरियां प्राप्त हो जाने व औपचारिकताएं पूरी कर लेने पर मैंगनीज अयस्क की मांग को पूरा करने व भारत की इस्पात की मांग में वृद्धि से लाभ उठाने के बहुत अच्छे अवसर प्राप्त होंगे ।राज्य सरकार ने 597.44 हेक्टेअर भूमि के भावी लाइसेंस पहले ही प्रदान कर दिये हैं ।
- साथ ही, भारत सरकार ने देश भर में विभिन्न खनिजों हेतु अन्वेषण करने की अनुमति देने हेतु मॉयल को अधिसूचित कर दिया है ।इस संबंध में म.प्र. के चार जिलों में ऐसे अन्वेषण कार्य करने हेतु कंपनी ने म.प्र. सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं ।
- खदान के क्षेत्र में विशाल अनुभव के साथ कंपनी अन्य खनिजों के क्षेत्र में विस्तार की भी योजना बना सकती है।
- एक वैश्विक उपस्थिति दर्ज करने की दृष्टि से मॉयल विदेशों में भी कुछ खदानों के अधिग्रहण की संभावनाओं का पता लगा रहा है ।

मॉयल की स्पर्धात्मक ताकत

- उच्च / मध्यम श्रेणी के मैंगनीज अयस्क के बड़ी मात्रा में भंडार सहित मात्रात्मक रूप में मैंगनीज अयस्क के देश के सबसे बड़े उत्पादक।
- मॉयल के पास देश में उच्च / मध्यम श्रेणी के मैंगनीज अयस्क के कुल प्रदर्शित भंडारमें से अधिकांश को धारण करने की क्षमता है ।
- अत्युच्च नेटवर्थ व शून्य ऋण समेत मजबूत वित्तीय स्थिति ।
- अच्छी कार्य संस्कृति व औद्योगिक संबंधों के साथ यथोग्यता प्राप्त तकनीकी रूप से कुशल मनुष्य बल की उपलब्धता ।
- कंपनी के भंडार केंद्रीय भारतीय मैंगनीज क्षेत्र में हैं जहां आम तौर पर नियमित आकार के निक्षेप पाए जाते हैं ।

- कंपनी को संभार तंत्र के फायदे प्राप्त हैं क्योंकि उसकी सभी खदाने राज्य व राष्ट्रीय महामार्गों से अच्छी तरह से जुड़ी हैं । उसकी अधिकांश खदाने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रेल नेटवर्क पर स्थित हैं व उन्हें रेलवे की साइडिंग की सुविधा प्राप्त है ।
- मॉयल एक कार्यक्षम व पर्यावरण हितैषी कंपनी बनी हुई है ।

खतरे

- सस्ती कीमतों पर मैंगनीज अयस्क का आयात कंपनी के लाभ मार्जिन पर सबसे बड़ा खतरा है ।अंतर्राष्ट्रीय कीमतें मुख्यतः चीन के मांग उपलब्धता परिदृश्य पर निर्भर रहती हैं ।
- मैंगनीज की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में गिरावट से उसकी घरेलू कीमतों में गिरावट आती है जिसके कारण मैंगनीज अयस्क की घरेलू कीमतों पर दबाव पड़ता है ।
- मॉयल का प्रमुख उत्पादन भूमिगत (यूसी) खदानों से होता है जहां उत्पादन की लागत ओपन कास्ट (ओसी) खदानों के मुकाबले अधिक होती है व उसमें बढ़ोतरी की प्रवृत्ति बनी हुई है ।भूमिगत खनन की लागत में हुई कोई भी वृद्धि मार्जिन पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है ।
- विनियामक अनुमोदनों में होने वाले विलंब भी कंपनी के विकास पर दीर्घकालिक असर डाल सकते हैं ।
- विशेशकर भूमिगत खदानों के विकास की परियोजनाओं को समय पर पूरा करना व उसमें आने वाली लागत अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसमें आयी कोई भी कमी लक्षित कार्य निष्पादन को प्रभावित कर सकती है ।
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुख्यतः चीनी बंदरगाहों पर मैंगनीज अयस्क के माल की अत्यधिक उपलब्धता उसके व्यवसाय पर असर डाल सकती है ।
- मैंगनीज अयस्क की मांग में कमी व अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उसके स्टॉक का बढ़ना ।

कमजोरी

- एक खनन कंपनी होने के कारण मॉयल को लोगों के स्वास्थ्य व सुरक्षा एवम् पर्यावरण से संबंधित व्यापक विनियमों का पालन करना होता है ।विनियामक मानकों के सतत प्रादुर्भाव तथा बढ़ती हुईसमुदायिक अपेक्षाओं के कारण कंपनी को वर्धित अनुपालना लागत व पर्यावरण संबंधी अपरिहार्य उपचारात्मक व्ययों का वहन करना पड़ता है ।
- खनन के नये पट्टे मिलने में विलंब के फलस्वरूप नयी खदानों को शुरू करने में विलंब होता है और कंपनी की निवेश योजना प्रभावित होती है ।
- चूँकि कंपनी एकल उत्पाद वाली कंपनी है अतः मैंगनीज अयस्क उद्योग पर पड़ने वाला कोई भी प्रतिकूल प्रभावकंपनी की लाभप्रदता पर असर डाल सकता है ।
- मॉयल की खदानें अत्यधिक पुरानी हैं और उनका पूर्ण यंत्रीकरण अपेक्षातः कठिन है ।
- अधिक गहरे होते जा रहे भंडार, नियमित कर्मचारियों के वेतन संशोधन तथा ठेके के कर्मचारियों के न्यूनतम पारिश्रमिक में संशोधन के कारण भी उत्पादन की लागत बढ़ जाएगी ।

ग. दृष्टिकोण

मैंगनीज व फेरो एलॉय उत्पादों की मांग प्रत्यक्ष रूप से इस्पात उद्योग के दृष्टिकोण पर निर्भर रहती है जो सर्वांगीण अर्थ व्यवस्था के विकास पर निर्भर है । मैंगनीज के विश्व उत्पादन के 95 % से अधिक का उपयोग इस्पात की शक्ति को बढ़ाने हेतु सम्मिश्रण के लिये किया जाता है । तद्नुसार इस्पात के उत्पादन में वृद्धि के साथ ही मैंगनीज अयस्क की मांग में पर्याप्त वृद्धि हो जाती है ।

वर्ल्ड स्टील असोसियेशन का यह पूर्वानुमान है कि वर्ष 2018 में भारतीय इस्पात की मांग 5.5 % से बढ़ जाएगी जबकिइस्पात की वैश्विक मांग में वर्ष 2018 में 1.5 % की वृद्धि का अनुमान है ।

देश में बुनियादी ढाँचे के विकास के प्रति सरकार की कटिबद्धता को देखते हुए इस्पात की मांग में वृद्धि की संभावना है जिसके परिणामस्वरूप देश में मैंगनीज अयस्क उद्योग को भी बड़े अवसर प्राप्त होंगे ।

भविष्य में मैंगनीज अयस्क की मांग को पूरा करने व अपना नेतृत्व बनाये रखने हेतु मॉयल ने 1.20 मिलियन टन के अपने मौजूदा उत्पादन स्तर को बढ़ा कर वित्तीय वर्ष 2020 – 21 तक 2.0 मिलियन टन तथा वर्ष 2030 तक 3.0 मिलियन टन तक बढ़ाने की योजना बनायी है जिसके लिये कंपनी ने रणनीतिक योजना तैयार कर ली गई है । इस दिशा में कंपनी अपनी मौजूदा खदानों के विकास व यंत्रीकरण पर ध्यान दे रही है और नये पट्टे भी जोड़ रही है ताकि लक्ष्य प्राप्त किये जा सकें ।

देश में अभी भी प्रति व्यक्ति इस्पात उपयोग लगभग 65.20 कि.ग्रा. है जो 214 कि.ग्रा. के वैश्विक उपयोग के मुकाबले काफी कम है । वस्तुतः कई विकसित देशों में यह 300 कि.ग्रा से भी अधिक है ।अतः देश में इस्पात उद्योग के विकास तथा उसके परिणामस्वरूप मैंगनीज अयस्क के मांग में वृद्धि की पर्याप्त गुंजाइश है ।

इसके अलावा न केवल घरेलू इस्पात उत्पादन में वृद्धि को पूरा करने हेतु अपितु मैंगनीज आधारित एलॉयज के निर्यात हेतु भी मैंगनीज अयस्क की घरेलू मांग में पर्याप्त बढ़ोतरी हुई है । इसके कारण भारत मैंगनीज अयस्क का निवल आयातक बन गया है ।इंडियन ब्यूरो माइन्स (आइबीएम) के अनुसार वर्ष 2017 – 18 के दौरान देश में मैंगनीज अयस्क का उत्पादन जनवरी 18 तक लगभग 2.31मिलियन टन था । भारत में उच्च श्रेणी वाले मैंगनीज अयस्क की कमी के कारण उत्पादक नियमित रूप से मैंगनीज अयस्क का आयात कर रहे हैं । वर्ष 2016 – 17 के दौरान आयात लगभग 1.91 मिलियन टन व वर्ष 2017 – 18 में लगभग 3.57 मिलियन टन था ।

ग. जोखिम व चिंताएं

मैंगनीज अयस्क उद्योग का प्रत्यक्ष संबंध इस्पात उद्योग से है जिसका स्वरूप चक्रीय व जो मैंगनीज अयस्क की मांग को प्रभावित करता है।इस्पात बाजार में मांग में आयी मंदी और अंतर्राष्ट्रीय बाजार से सस्ती दरों पर अत्यधिक आपूर्ति का प्रतिकूल असर भारतीय इस्पात उद्योग पर पड़ेगा ।मॉयल एक श्रमिक बहुल संस्था है ।हालांकि कंपनी में औद्योगिक संबंध हमेशा से उत्कृष्ट रहे हैं किंतु श्रम से जुड़े जोखिम के घटकों की उसकी उत्पादन क्षमता के निर्धारण में एक महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है ।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मैंगनीज अयस्क की अत्यधिक आपूर्ति चिंता का प्रमुख क्षेत्र बना रहेगा व यदि अत्यधिक आपूर्ति होती रही तो मैंगनीज की घरेलू कीमतों में गिरावट जारी रहेगी।

च. क्षेत्रवार या उत्पाद वार निष्पादन

बिक्री निष्पादन

वर्ष 2017 –18 के दौरान मैंगनीज अयस्क की निवल बिक्री 33.74 % से बढ़ करपिछले वर्ष के रु.905.34करोड के मुकाबले बढ़कर 1210.79 करोड हो गई ।कंपनी ने अपनी विवेकपूर्ण विपणन व मूल्यन नीति के साथ लगभग 5.13 % की वृद्धि दर्ज करते हुए पिछले वर्ष के 11.29 लाख टन के मुकाबले वर्ष 2017 –18 में 11.87 लाख टन मैंगनीज अयस्क की बिक्री की । इसके अतिरिक्त कंपनी ने बेहतर बिक्री उगाही के लिये उच्च श्रेणी वाले (फेरो ग्रेड)मैंगनीज अयस्क की बिक्री पर ध्यान दिया ।

समग्र बाजार की स्थिति के कारण भी ईएमडी व फेरो मैंगनीज की बिक्री में सुधार हुआ । कंपनी के निर्मित उत्पादों यथा ईएमडी,फेरो मैंगनीज व फेरो मैंगनीज स्लैग के संबंध में निवल बिक्री पिछले वर्ष के रु.76.67 करोड की बिक्री के मुकाबले बढ़ कर वर्ष 2017 – 18 के दौरान रु.105.65 करोड रही ।इलेक्ट्रो मैंगनीज डाइ ऑक्साइड (ईएमडी) की बिक्री पिछले वर्ष के952 टन के मुकाबले 915 टन रही जबकि फेरो मैंगनीज की बिक्री पिछले वर्ष के 9540 टन के मुकाबले 11095 टन रही ।

उत्पादन

कंपनी ने चालू वर्ष में 12.01 लाख टन विभिन्न ग्रेड मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया हैं, जबकि पिछले वर्ष के दौरान 10.05 लाख टन उत्पादन हुआ था। इलेक्ट्रोलाइटिक मैंगनीज डाइऑक्साइट (ईएमडी) का उत्पादन 875 टन (पिछले वर्ष 731 टन) था, जबकि इसने पिछले वर्ष 9950 टन की तुलना में 10573 टन के फेरो मैंगनीज का उत्पादन किया था। इसने वर्ष के दौरान 14665 टन फेरो एमएन स्लैग पैदा किया है, जो पिछले वर्ष 14009 टन था। पिछले साल की 323.06 लाख किलोवाट इकाइयों की तुलना में पवन टरबाइन जनरेटर ने वर्ष के दौरान 290.10 लाख किलोवाट पैदा किया है।

छ. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली व उनकी पर्याप्तता

मॉयल ने सभी आवश्यक आंतरिक नियंत्रण स्थापित किये हैं और वे पर्याप्त पाए गये हैं । कंपनी के बोर्ड ने भी आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किये हैं ।

ज. परिचालनगत निष्पादन के संबंध में वित्तीय कार्य निष्पादन पर चर्चा

देश में मैंगनीज अयस्क के बाजार में पिछले वर्ष यथा 2016 – 17 के मुकाबले वर्ष2017 – 18 के दौरान सुधार हुआ । वर्ष के दौरान कंपनी के वित्तीय व भौतिक कार्य निष्पादन निम्नानुसार है

वित्तीय कार्य निष्पादन

विवरण	एकल		समेकीत	
	2017–18	2016–17	2017–18	2016–17
परिचालनों से आय	1323.46	989.84	1323.46	989.84
अन्य आय	177.72	221.13	177.72	221.13
कुल आय	1501.18	1210.97	1501.18	1210.97
कुल व्यय	790.81	694.36	795.37	692.79
सकल मुनाफा	710.37	516.61	705.81	518.18
मूल्यह्रास	62.45	54.71	62.45	54.71
वर्ष हेतु कर पूर्व लाभ (पीबीटी)	647.92	461.90	643.36	463.47
अवधि हेतु कुल सघन आय	398.55	299.28	393.98	300.85
प्रारंभिक शेष	100.71	6.58	100.71	5.00
लाभांश व लाभांश कर	192.36	80.15	192.36	80.15
सामान्य प्रारक्षित निधि को अंतरण	220.00	125.00	220.00	125.00
लाभ का शेष आगे ले जाया गया	86.89	100.71	82.32	100.70

कंपनी की कुल आय 23.97 % से बढ़ कर पिछले वर्ष के रु.1210.97 करोड के मुकाबले रु.1501.18 करोड हो गई । बाजार की अपेक्षातः अनुकूल स्थितियों के कारण कंपनी का पण्यावर्त 33.70 % से बढ़ कर पिछले वर्ष के रु.989.84 करोड के मुकाबले वित्तीय वर्ष के दौरान रु.1323.46 करोड हो गया, जो कंपनी के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक है । कंपनी 12.01 लाख टन का अब तक का अपना रेकॉर्ड उत्पादन कर पायी है ।बाजार की समग्र स्थिति , मांग व आपूर्ति को देखते हुए वर्ष के दौरान कंपनी का कामकाज उत्कृष्ट रहा।

उत्पादन की समीक्षा

कंपनी का मुख्य व्यवसाय भूमिगत व ओपन कास्ट खदानों से मैंगनीज अयस्क का खनन करना है । कंपनी ने मैंगनीज अयस्क की विभिन्न श्रेणियों के 12.01 लाख टन का उत्पादन किया है , जिसमें पिछले वर्ष के 10.05 लाख टन के मुकाबले अपरिष्कृत मैंगनीज अयस्क का अब तक का सर्वोच्च उत्पादन शामिल है । इलेक्ट्रोलिटिक मैंगनीज डाइ ऑक्साइड (ईएमडी) का उत्पादन 875 टन(पिछले वर्ष 731 टन) रहा और कंपनी ने पिछले वर्ष के 9950 टन के मुकाबले 10573टन फेरो मैंगनीज का उत्पादन किया । अपरिष्कृत धातु का उत्पादन पिछले वर्ष के 172596 टन के मुकाबले चालू वर्ष में 220102 टन रहा ।कंपनी का प्रति व्यक्ति शिफ्ट उत्पादन 0.862 टन (पिछले वर्ष 0.722 टन) हो गया ।

झ. मानव संसाधन, औद्योगिक संबंध मोर्चे पर महत्वपूर्ण प्रगति, नियुक्त किये गये व्यक्तियों की संख्या सहित

मॉयल के कर्मचारी कंपनी के प्रति समर्पित एवम् निष्ठावान हैं । आम तौर पर कर्मचारी कंपनी के कठिन समय में भी उसके साथ रहे हैं । जहां तक प्रबंधन का संबंध है वह अपने कर्मचारियों की समग्र सुख सुविधाओं को सुनिश्चित करता रहा है, जिसमें सभी स्तरों पर आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण शामिल है ।

यह उल्लेख करना उचित होगा कि वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण बने रहे । यदि कोई समस्याएं होती हैं तो यथोचित स्तर पर द्विपक्षीय बातचीत के जरिये उनका समाधान कर लिया जाता है । इस संबंध में कामगार यूनियनों के प्रतिनिधित्व में कामगारों का सहयोग व समर्थन सराहनीय है ।

विकास क्रम को जारी रखते हुए महाराष्ट्र राज्य के नागपुर व भंडारा क्षेत्रों में 814.71 हेक्टेअर भूमि मैंगनीज अयस्क की खोज हेतु मॉयल के पक्ष में आरक्षित की गई है । 814.71 हेक्टेयर क्षेत्रफल में से महाराष्ट्र शासन ने 11 भावी लाइसेंस(पीएल) क्षेत्रों में मैंगनीज अयस्क का पता लगाने हेतु 597.44 हेक्टेअर भूमि प्रदान की है व शेष क्षेत्र प्रक्रियाधीन हैं । 11 भावी लाइसेंस(पीएल) क्षेत्रों में से मॉयल ने तीन क्षेत्रों में विस्तृतअन्वेषण कार्य किया है और पट्टा खनन हेतु तीन आवेदित क्षेत्रों यथा गुमगांव, सतकब्लॉक-1 व ब्लॉक-II के भीतर मैंगनीज के भंडार का पता लगाया है ।खनन पट्टे के तीन आवेदनों में से महरा3ष्ट्र शासन ने दो क्षेत्रों में पट्टे की सैद्धांतिक मंजूरी दी है । सतक का एक क्षेत्र महाराष्ट्र शासन के विचाराधीन है ।

खदान मंत्रालय, भारत सरकार ने देश भर में विभिन्न खनिजों के अन्वेषण हेतु भी मॉयल को अधिसूचित किया है । इससे मॉयल को अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अवसर मिलता है । इस क्षेत्र में आगे कदम बढ़ाते हुए मॉयल ने मध्य प्रदेश के चार जिलों में अन्वेषण हेतु मध्य प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं ।

कंपनी ने बालाघाट व गुमगांव की खदान में फेरो एलॉए संयंत्र लगाने की भी योजना बनायी है ।

कंपनी में हो रही इस प्रगति के लिये आने वाले दिनों में विशेष कौशल व जानकारी प्राप्त कर्मचारियों की आवश्यकता पड़ेगी ।अपेक्षित ज्ञान व कौशल युक्त कर्मचारी प्राप्त करने हेतु मॉयल अपने मौजूदा मनुष्य बल को प्रभावी रूप से प्रशिक्षित करने व आवश्यकतानुसार नयी भर्ती करने की भी योजना बना रहा है ।

दि.31.03.2018 को मॉयल में नियुक्त कुल कर्मचारी संख्या 6080 थी ।

मॉयल लिमिटेड

व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट

खंड क: कंपनी के बारे में सामान्य जानकारी

1.	कंपनी का कारपोरेट आयडेंटिटी नंबर(सीआइएन)	एल99999एमएच1962जीओआय012398
2.	कंपनी का नामः	मॉयल लिमिटेड
3.	पंजीकृत पताः	मॉयल भवन, 1ए, काटोल रोड, नागपुर – 440013
4.	वेबसाइटः	www.moil.nic.in
5.	ई–मेल आइडी	compliance@moil.nic.in
6.	रिपोर्ट किया गया वित्तीय वष	एप्रिल1,2017 – मार्च31,2018

7. क्षेत्र , जिनमें कंपनी कार्यरत है(औद्योगिक गतिविधि कोड वार) कंपनी मैंगनीज अयस्क, फेरो मैंगनीज, इलेक्ट्रोलिटिक मैंगनीज डाइ ऑक्साइड (ईमडी) के उत्पादन व बिक्री तथा पवन ऊर्जा निर्माण में लगी है ।

विवरण	समूह	वर्ग	उप वर्ग
मैंगनीज अयस्क	072	0729	07293
फेरो मैंगनीज	241	2410	24104
इलेक्ट्रोलिटिक मैंगनीज डाइ ऑक्साइड (ईमडी)	242	2420	24204
विद्युत ऊर्जा निर्माण(पवन)	351	3510	35106

8. तीन महत्वपूर्ण उत्पादों / सेवाओं की सूची दें जिन्हें कंपनी उत्पादित / प्रदान करती है।

मैंगनीज अयस्क, फेरो मैंगनीज व पवन ऊर्जा

9. स्थलों की कुल संख्या जहां कंपनी व्यावसायिक गतिविधि चलाती है।

राष्ट्री स्थलों की सं. दो(2) – महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश

10. कंपनी जिन बाजारों में व्यवहार करती हैः स्थानीय / राज्य / राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीयः मॉयल मैंगनीज अयस्क, फेरो मैंगनीज ,इलेक्ट्रोलिटिक मैंगनीज डाइ ऑक्साइड की बिक्री करते हुए राष्ट्रीय बाजार में व्यवहार करता है ।

खंड I : कंपनी के वित्तीय विवरण

(1)	समादत्त पूंजी(आइएनआर)	257.61 करोड
(2)	कुल पण्यावर्त(आइएनआर)	1323.46 करोड
(3)	सतत परिचालन से करोपरांत लाभ(पीएटी)	421.99 करोड
(4)	कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर)	9.22 करोड (बजट)
	व्यय रु.9.62 करोड	
	[पिछले तीन वर्षे के कर पुर्व (पीबीटी) लाभ के ओंसतन 2%]	

(5) गतिविधियों की ची जिनमें उक्त 4 में उल्लिखित व्यय किये गये हैं–

मॉयल ने अपने उद्येश्य पूर्ति हेतु एक व्यापक कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) नीति बनायी है और कार्यान्वयन व अनुप्रवर्तन की रणनीतियों सहित कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अभिनिर्धारण हेतु ध्यानाकर्षण के क्षेत्र, संगठनात्मक यंत्रणा व दिशानिर्देश निर्धारित किये हैं ।जिन प्रमुख क्षेत्रों में व्यय किये गये वे निम्नानुसार है–

- ग्रामीण बुनियादी ढाँचा विकास
- स्वास्थ्य रक्षण एवम् आरोग्य
- शिक्षा व कौशल विकास
- पेय जल
- पर्यावरण निरंतरता

खंड ग: अन्य व्यवसाय

(1) क्या कंपनी की कोई सहायक कंपनी / कंपनियां हैं?

नहीं

(2) सहायक कंपनी / कंपनियां मूल कंपनी की बीआर पहल में भाग लेती हैं? यदि हां, तो ऐसी सहायक कंपनी की संख्या इंगित करें।

लागू नहीं

(3) कंपनी की बीआर पहलों में भाग लेने के साथ कंपनी कोई अन्य इकाई / संस्थाएं करती है जो कंपनी व्यवसाय करती है? यदि हां, तो ऐसी इकाई / संस्थाओं का प्रतिशत इंगित करें? (30% से कम, 30–60% से अधिक)

नहीं

खंड घ: व्यवसाय दायित्व सूचना

(1) डीआइएन नंबर 07081231

(2) नाम श्री तन्मय के.पटनाईक

(3) पदनाम निदेशक (वाणिज्य)

(ग) बीआर शीर्ष के विवरण

क्रम सं.	विवरण	ब्योरे
1	डीआइएन नंबर (यदि लागू हो)	07081231
2	नाम	श्री तन्मय के. पटनाईक
3	पदनाम	निदेशक (वाणिज्य)
4	टेलीफोन नंबर	0712-2592272
5	ई-मेल आइ डी	tkpattnaikmoil.nic.in

(2) सिद्धांतवार(एनवीजी के अनुसार) बीआर नीति / नीतियां

कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा व्यवसाय के सामाजिक, पर्यावरण संबंधी व आर्थिक दायित्वों (एनवीजी) पर जारी दिशानिर्देशों में व्यावसायिक दायित्वों के नौ क्षेत्र अपनाये गये हैं। वे क्षेत्र संक्षेप में निम्नानुसार हैं-

पी1	व्यवसाय नैतिकता, पारदर्शिता व जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिये।
पी2	व्यवसाय को सुरक्षित माल व सेवाएं प्रदान करनी चाहिये व उनके संपूर्ण जीवन चक्र के दौरान निरंतरता में योगदान देना चाहिये।
पी3	व्यवसाय को सभी कर्मचारियों के कल्याण का संवर्धन करना चाहिये।
पी4	व्यवसाय को सभी हितधारकों के हितों का ध्यान रखना चाहिये तथा विशेषकर वंचित, असुरक्षित व गरीबों क् प्रति संवेदनशील होना चाहिये।
पी5	व्यवसाय को मानवाधिकारों की रक्षा करनी चाहिये।
पी6	व्यवसाय को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहते हुए उसका रक्षण करना चाहिये व उसे बचाने के प्रयास करने चाहिये।
पी7	सार्वजनिक व विनियामक नीतियों को प्रभावित करने वासे व्यवसायों को जिम्मेदारी के साथ ऐसा करना चाहिये।
पी8	व्यवसाय को सर्व समावेशी विकास का समर्थन करना चाहिये।
पी9	व्यवसाय को जिम्मेदार ढंग से अपने ग्राहकों एवम् उपभोक्ताओं का मूल्य संवर्धन करना चाहिये।

(क) अनुपालन के विवरण(उत्तर हां ना में)

क्रम सं.	प्रश्न	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
1	क्या आपके पास हेतु नीति नीतियां हैं।	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
2	क्या संबंधित हितधारक सेविचार विमर्श कर के नीति बनायी गई है।	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
3	क्या नीति किसी राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप है।यदि हां तो विनिर्दिष्ट करें	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
4	क्या नीति बोर्ड द्वारा अनुमोदित है। यदि हां तो क्या वह प्र.नि./ ओनर / सीईओ/ यथोचित बोर्ड के निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित है।	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
5	क्या नीति के कार्यान्वयन पर नजर रखने हेतु कंपनी में बोर्ड की कोई विशिष्ट समिति/ निदेशक /अधिकारी है।	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
6	नीति को ऑनलाइन देखने हेतु कोई लिंक है।	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
7	क्या नीति सभी संबंधित आंतरिक व बाहरी हितधारकों को संप्रेषित की गई है।	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
8	क्या कंपनी के पास नीति / नीतियों के कार्यान्वयन हेतु आंतरिक ढाँचा है।	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
9	क्या नीति नीतियों के संबंध में हितधारकों की व्यथाओं पर ध्यान देने हेतु कोई व्यथा निवारण तंत्र है।	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
10	क्या कंपनी ने इस नीति के कामकाज के मूल्यांकन हेतु स्वतंत्र जाँच / मूल्यांकन कराया है।	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां

संबंधित स्पष्टीकरण जानकारी लिंक इस रिपोर्ट के अनुबंध में दिये गये हैं।

(ख) यदि क्रम सं.1 में किसी सिद्धंत का उत्तर नहीं हो तो स्पष्टीकरण दें।

लागू नहीं।

(3) बीआर से संबंधित शासनः

(क) कृपया बताएं कि निदेशक बोर्ड या सीईओ कंपनी के बीआर निष्पादन का मूल्यांकन कितनी बार करते हैं। 3 महीने के भीतर, 3 – 6 महीने, वार्षिक रूप से, 1 वर्ष से अधिक ।

(ख) वार्षिक रूप से।

क्या कंपनी बीआर या निरंतरता रिपोर्ट प्रकाशित करती है। इस रिपोर्ट को देखने हेतु हाइपरलिंक क्या है।

यह बीआर विवरण वार्षिक रिपोर्ट का ही एक भाग है। वित्तीय वर्ष 2017 – 18 हेतु वार्षिक रिपोर्ट देखने हेतु हाइपर लिंक हैः– http://www.moil.nic.in/AR_MOIL_2017-18.pdf

खंड चः सिद्धांतवार कार्यनिष्पादन

सिद्धांत1 नैतिकता, पारदर्शिता व दायित्व :

1. क्या नैतिकता, घूसखोरी व भ्रष्टाचार से संबंधित नीति केवल कंपनी से संबंधित है। हां / नहीं

क्या वह समूह संयुक्त उद्यमों आपूर्तिकर्ताओं ठेकेदारों एनजीओ अन्यों पर लागू है।

हां, मॉयल व उसके सहयोगी सरकार, व्यवसाय व सिविल सोसायटी के हितधारकों के साथ मिल कर कार्य करने हेतु कृतसंकल्प हैं ताकि अच्छे अभिशासन को बढ़ावा मिले, खनिज संपदा का जिम्मेदारी से उपयोगसुनिश्चित हो सके व भ्रष्टाचार पर रोक लग सके । मॉयल ने ट्रांसपेरेंसी इंटरनैशनल इंडिया (टीआइआइ) के साथ एक विश्वसनीयता समझौते पर भी हस्ताक्षर किये हैं ।मॉयल का सतर्कता विभाग भेदभाव रहित, स्वच्छ व पारदर्शई निर्णय प्रक्रिया को बढ़ावा देने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करता है और एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ एहतियाती सतर्कता बरतने को प्राथमिकता देता है ।

2. विगत वित्तीय वर्ष में हितधारकों से कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं व प्रबंधन द्वारा कितने प्रतिशत का संतोषपूर्वक समाधान किया गया ।

सभी का संतोषप्रद ढंग से समाधान कर लिया गया है सिवाए एक के जो सक्षम न्यायालय में पेंडिंग है ।मॉयल ने नैतिक, नीतिगत और विधिक व्यावसायिक आचरण के हर संभव सर्वोच्च मानकों को प्राप्त करने हेतु व एक खुले व पारदर्शी संप्रेषण के प्रति अपनी कटिबद्धता को और मजबूत बनाने हेतु एक सचेतक नीति तैयार की है ।

3. **सिद्धांत 2व्यवसाय को सुरक्षित वस्तुएं व सेवाएं प्रदान करनी चाहिये व उनके संपूर्ण जीवन चक्र के दौरान निरंतरता में योगदान देना चाहिये।**

(1) अपने ऐसे तीन उत्पादों सेवाओं की सूची बनाएं, जिनके स्वरूप में सामाजिक या पर्यावरण की चिंताओं, जोखिमों और / या अवसरों को स्थान दिया गया हो ।

मॉयल अपने खनन परिचालनों में सहने योग्य खनन प्रथाओं को तथा अपने अन्य उत्पादों, जैसे फेरो मैंगनीज व ईएमडी के लिये भी पर्यावरण हितैषी उत्पादन प्रक्रियाओं को अपनाता है । पर्यावरण के मानकों जैसे वायु, जल,भूमि व ध्वनि तथा जैव विविधता के रक्षण हेतु यह अपने सभी खनन परिचालनों में पर्यावरण संबंधी यथोचित उपायों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है ।मॉयल अपने परिचालनों में न्यून कार्बन उत्सर्जन प्रक्षेपण पथ अपनाना चाहता है । इस दिशा में अपनाये गये कुछ उपाय हैं–धातुशोधन हेतु पानी का पुनर्उपयोग, उन्नत निर्माण कार्य जैसे मुंडेर की मजबूत दिवारें बनाना, अपनी सभी खदानों के पास वनीकरण, सभी खदानों में संसाधित जल के पुनर्उपयोग हेतु द्वितीयक कचरा प्रबंधन, भूस्खलन टालने हेतु खाइयों के नक्शे बनाना व शैल अपशेष ढेर के जैविक भूमि उद्धार व बाँध निर्माण तथा जल प्रदूषण टालने हेतु निस्सरण संसाधन संयंत्र (एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) व मल निर्यास संयंत्र (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) बनाना । धुएं में कमी लाने हेतु ईएमडी संयंत्रों मेंवायु मार्जक यंत्र (एयर स्क्रबर) की स्थापना ।

पर्यावरण की रक्षा के साथ – साथ मॉयल अपने खदान क्षेत्रों में स्थानीय समुदायों की भी सहायता करता है । उसके यहां सीएसआर विभाग द्वारा तैयार की गई एक सुपरिभाषित सीएसआर नीति है .सीएसआर दल खनन क्षेत्र के आसपास के स्थानीय समुदाय से विचार विमर्ष करते हुए तथा संबंधित जिला प्रशासन से चर्चा करते हुए ध्यानाकर्षण के प्रमुख क्षेत्रों का अभिनिर्धारण करता है व सीएसआर की विभिन्न गतिविधियों का कार्यान्वयन करता है । उसने अनेकानेक गतिविधियां करते हुए जैसे स्कूल के अहाते की दीवार का निर्माण, मोतियाबिंद शल्यक्रिया का आयोजन, कृषि विकास, मवेशी विकास,बायोगैस संयंत्र की स्थापना, शौचालय निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगाना, स्थानीय जनजातियों को निःशुल्क चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराना , गांवों का विद्युतीकरण कराना व इस प्रकार की अनेकों पहल करते हुए समाज के प्रति अपना योगदान दिया है ।

(2) ऐसे प्रत्येक उत्पाद हेतु संसाधन उपयोग (ऊर्जा,, जल, कच्चा माल आदि) के संबंध में प्रति युनिट उत्पाद हेतु निम्नलिखित विवरण प्रदान करें (वैकल्पिक)

1. पिछले वर्ष से मूल्य श्रृंखला में सोर्सिंग / उत्पादन / वितरण के दौरान आयी कमी ?

मॉयल बिजली, इंधन, चिकनाई व पानी के ईष्टतम उपयोग में विश्वास करता है । वह पानी और ऊर्जा के विशिष्ट उपभोग हेतु लक्ष्य निर्धारित करता है ।इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु वह ऊर्जा जाँच का आयोजन करता है ।ऊर्जा जाँच से ऊर्जा की बचत से संबंधित तकनीकी उपायों व बचत के अवसरों के अभिनिर्धारण में व इस संबंध में प्राथमिकता तय करने में भी मदद मिलती है ।ऊर्जा में बचत के उपायों के कार्यान्वयन से उसके परिचालनों में विशिष्ट ऊर्जा उपभोग में सुधार हुआ है । हालांकि पानी का उपभोग कम है मॉयल जल प्रबंधन में विश्वास करता है और सभी परियोजना स्थलों पर वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाये गये हैं । सभी परियोजना स्थलों पर पानी को संसाधित करते हुए उसका प्रक्रिया में पुनर्उपयोग किया जाता है ।

2. पिछले वर्ष के बाद से उपभोक्ताओं द्वारा उपभोग (ऊर्जा, पानी) में कमी ?

मॉयल के अंतिम उत्पाद की मात्रा थोक में होती है ? और उपभोक्ता द्वारा उपयोग के दौरान कमी का निर्धारण कर पाना एक जटिल प्रक्रिया होती है । फिर भी, जहां भी संभव होता है वह पानी एवम् ऊर्जा की बचत पर जागरूकता फैलाने का काम करता है।

(3) क्या निरंतर सोर्सिंग (परिवहन समेत) हेतु कंपनी में कार्यविधियां तैयार की गई हैं ? यदि हां तो आपकी कितने प्रतिशत निविष्टियों को सोर्स किया गया था कृपया 50 शब्दों में उसके विवरण दें।

हां, मॉयल में सहने योग्य सोर्सिंग नीतियां हैं । वह वैकल्पिक इंधन और कच्चे माल का उपयोग करता है जिससे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में मदद मिलती है और ऐसे विक्रेताओं के जरिये मा लिया जाता है जो सहने योग्य प्रथाओं का पालन करते हैं ।.जहां तक परिवहन का संबंध है अधिकांश थोक सामग्री की ढुलाई रेल व सड़क मार्ग से यथोचित कवर एवम् छत के साथ किया जाता है । मॉयल ने माल को लादने व उतारने के दौरान होने वाली धूल प्रदूषण के नियंत्रण की भी उचित व्यवस्था की है ।

(4) क्या कंपनी ने कार्यस्थल के आसपास के समुदायों सहित,स्थानीय व छोटे व्यापारियों से माल व सेवाएं प्राप्त करने हेतु कदम उठाए हैं ? यदि हां तो स्थानीय व छोटे उत्पादकों की क्षमता व योग्यता में सुधार हेतु क्या कदम उठाये गये हैं ?

हां, मॉयल माल व सेवाएं प्राप्त करने में स्थानीय व छोटे व्यापारियों की सहभागिता को बढ़ावा देता है । वित्तीय वर्ष 2017 – 18 के दौरान मॉयल नागपुर की एमएसएमई, डी ई संस्था द्वारा आयोजित राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय व्यापारी विकास कार्यक्रम में सहभागी हुआ था, जिसमें मॉयल द्वारा भावी एमएसई को मॉयल की आवश्यकताओं के बारे में बताया गया था ।

(5) क्या कंपनी के पास उत्पादों व अपशिष्ट पदार्थों के पुनर्उपयोग की कोई यंत्रणा है ? यदि हां तो उत्पादों के पुनर्उपयोग का प्रतिशत कितना है, अलग- अलग बताएं (यथा-5%, 5 -10 %, 10 %,)।उसके विवरण भी लगभग 50 शब्दों में दें ।

हां, मॉयल खनन व खनिज संसाधन के सुरक्षित , वैज्ञानिक, पर्यावरण हितैषी तरीके अपनाता है । वह पर्यावरण को संभावित रूप से हानी पहुँचाने व सामाजिक प्रभावों को टालने के उद्येश्य से अपनी अपषिष्ट प्रबंधन योजना में 4आर नीति लागू करने का प्रया1स करता है – (रेड्यूस, रीचार्ज,, रीसायकल व रीयूज) मॉयल की खदानों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे गौण उत्पादों के पुनर्उपयोग के साथ – साथ सतत रूप से उत्पादकता सुधार उपायों व अपशिष्ट में कमी लाने की पहलों में सतत रूप से अनुसंधान, विकास व कार्यान्वयन करते रहें । खदानों में उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न तेलों व चिकनाई में से जले हुए तेलों व चिकनाई का निपटान प्राधिकृत एजेंसी द्वारा किया जाता है, जिसका उनके द्वारा पुनर्उपयोग किया जाता है .

सिद्धांत 3 व्यवसाय को कर्मचारियों के कल्याण को बढ़ावा देना चाहिये ।

1. कृपया दि.31.03.2018 को कर्मचारियों की कुल संख्या बताए:

श्रेणी	कार्यपालक	गैर – कार्यपालक	पी.आर.कामगार	कुल
पुरुष	321	2128	2893	5342
महिलाएं	23	103	612	738
कुल	344	2231	3505	6080

2. कृपया कर्मचारियों की कुल संख्या बताएं जिन्हें अस्थायी / संविदात्मक / आकस्मिक आधार पर लिया गया हो:

संविदात्मक मजदूर-5109

3. कृपया स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या बताएं-

स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या 738 है।

4. कृपया विकलांग स्थायी कर्मचारियों की संख्या बताएं-

विकलांग स्थायी कर्मचारियों की संख्या 21 है ।

5. क्या आपके यहां कर्मचारी संगठन है जिसे प्रबंधन की मान्यता हो:

हां,

- परियोजना स्तर पर अधिकांश यूनियनों ने मॉयल कामगार संगठन (एमकेएस) नामक स्वतंत्र शीर्ष संगठन बनाया है ।
- कार्यपालकों का अपना अलग संगठन (मॉयल कार्यपालक संघ) है ।

6. आपके स्थायी कर्मचारियों में कितने प्रतिशत इस मान्यताप्राप्त कर्मचारी संघ के सदस्य हैं ।

62.15 % कर्मचारी इस मान्यताप्राप्त कर्मचारी संघ के सदस्य हैं ।

7. खृपया कृपया पिछले वित्तीय वर्ष में प्राप्त व इस वित्तीय वर्ष के अंत में पेंडिंग बाल मजदूर, बलात् मजदूर, अस्वैच्छिक मजदूर,यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की संख्या बताएं

वित्तीय वर्ष 2017 – 18 में बाल मजदूर, बलात् मजदूर, अस्वैच्छिक मजदूर, भेदभावपूर्ण रोजगार व यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की संख्या शून्य थी ।निर्धआरित प्रारूप में अपेक्षित जानकारी नीम्नानुसार है:

क्रम सं.	श्रेणी	वित्तीय वर्ष के दौरान दर्ज शिकायतें	वित्तीय वर्ष के अंत में पेंडिंग शिकायतें
1	बाल मजदूर / बलात् मजदूर / अस्वैच्छिक मजदूर	शून्य	शून्य
2	यौन उत्पीड़न	शून्य	शून्य
3	भेदभावपूर्ण रोजगार	शून्य	शून्य

8. पिछले वर्ष आपके यहां के कितने उल्लिखित कर्मचारियों को सुरक्षा व कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया गया था ।

कर्मचारियों को सुरक्षा प्रशिक्षण मॉयल में व्यावसायिक व सुरक्षा नीति का एक महत्वपूर्ण घटक है । हमारा लक्ष्य है मानव संसाधन, सामग्री व मशीनों के ईष्टतम उपयोग द्वारा उच्चतर उत्पादन व प्रेषण सहित शून्य दुर्घटना की स्थिति को प्राप्त करना ।

वर्ष 2017 – 18 में जिन कर्मचारियों को सुरक्षा व कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया गया था, उनका प्रतिशतः

क्रम सं.	विवरण	प्रतिशत	
		सुरक्षा प्रशिक्षण	कौशल उन्नयन प्रशिक्षण
1	स्थायी कर्मचारी	20%	32.16 %
2	स्थायी महिला कर्मचारी	20%	20.05 %
3	आकस्मिक अस्थायी संविदात्मक कर्मचारी	20%	4.00 %
4	विकलांग कर्मचारी	5%	33.33 %

सिद्धांत 4 व्यवसाय को सभी हितधारकों, विशेषकर वंचित, असुरक्षित व कमजोर हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए उनके प्रति संवेदनशील होना चाहिये।

1. क्या कंपनी ने अपने आंतरिक व बाहरी हितधारकों की रूपरेखा तैयार की है। हां / नहीं

हां, मॉयल ने अपने आंतरिक व बाहरी हितधारकों की रूपरेखा तैयार की है ।मुख्य श्रेणियां निम्नानुसार हैं–

- सरकार व विनियामक प्राधिकरण
- ग्राहक
- निवेशकर्ता
- कर्मचारी
- स्थानीय समुदाय
- एनजीओ व अन्य हितधारक

मॉयल अपने अभिनिर्धारित हितधारकों के संपर्क में रहता है और अपने प्रमुख पर्यावरण संबंधी, सामाजिक व सामुदायिक विकास से संबंधित अपनी पहलों के बारे में अलग – अलग ढंग से संप्रेषण करता है व भावी पहलों एवम् कार्यक्रमों के निर्धारण में हितधारकों की प्रतिसूचना पर विचार करता है ।

2. उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में क्या कंपनी ने वंचित, असुरक्षित व कमजोर शेयरधारकों का अभिनिर्धारण किया है ?

हां, मॉयल ने अपनी सीएसआर नीति गत उद्देश्यों के एक भाग के रूप मेंआयोजित आधारभूत सर्वेक्षण के जरिये समुदाय के सामाजिक – जनसांख्कीय डाटा की मदद से वंचित, असुरक्षित व कमजोर शेयरधारकों का अभिनिर्धारण किया है ।

3. क्या कंपनी ने वंचित, असुरक्षित व कमजोर शेयरधारकों के संबंध में कोई विशेष पहलें की हैं ? यदि हां तो लगभग 50 शब्दों में उसके विवरण दें ।

4. हां, मॉयल द्वारा लागू प्रमुख सीएसआर गतिविधियों में से एक है समुदाय विकास कार्यक्रम, जिससे वंचित, असुरक्षित व कमजोर शेयरधारक लाभान्वित हुए हैं जिसका विवरण निम्नानुसार है–

कंपनी ने समुदाय विकास कार्यक्रम हेतु बीएआइएफ की एक सहायक संस्था महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ट्रांसफर फॉर रूरल एरियाज (मित्राज) के साथ एक समझौता ज्ञापन करते हुए एक मॉयल फाउंडेशन का गठन किया है ।इस परियोजना में जीवन की बेहतर गुणवत्ता हेतु ग्राम स्तर पर ही संसाधन विकसित करने का प्रयास किया जाता है । मॉयल की खदानों के आसपास 21 गांवों को समुदाय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अभिनिर्दारित किया गया है, जिनमें 5 गांव नागपुर जिले में, 11 गांव महाराष्ट्र के भंडारा जिले में, 5 गांव मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में हैं जहां ग्राम संसाधनों के विकास हेतु एक विस्तृत सूक्ष्म योजना तैयार की गई है ।

परियोजना का उद्देश्य कृषि आधारित अन्वेषणों के जरिये सहभागी परिवारों की जीविका में सुधार लाना व स्वास्थ्य, ग्राम की मूलभूत संरचना में सुधार तथा महिला सशक्तिकरण के जरिये जीवन स्तर में सुधार लाना है । परियोजना में सरकारी विभागों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने पर ध्यान दिया जाता है । ताकि परियोजना के समापन के बाद भी विकास की प्रक्रिया निर्बाध रूप से जारी रहे ।

कार्यक्रम के अंतर्गत मॉयल ने विभिन्न कार्यक्रम शुरू किये हैं जैसे कृषि विकास (भू – स्वास्थ्य कार्ड, एसआरआइ प्रदर्शन, सब्जी पैदावार प्लॉट,फसल विविधता, कृमी खाद, ड्रिप सिंचाई, किसान मेळावा),जल संसाधन विकास(कुंओं को गहरा करना, जल भंडारों का नवीकरण, बाँधों में से गाद निकालना आदि) मवेशी विकास (गर्भाधान, गर्ब निदान,मवेशियों हेतु स्वास्थ्य शिबिर,बाँझपन के मामलों की जाँच,मवेशी विकास पर किसान प्रशिक्षण, टीकाकरण,कृमी नाशन आदि) । जीवन स्तर में सुधार, समुदाय स्वास्थ्य, (स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, स्वच्छ रसोई, बायोगैस स्थापना, शौचालय निर्माण आदि)स्व सहायता समूहों के जरिये महिला सशक्तिकरण, शिक्षण (स्कूलों में डिजिटल ई – लर्निंग, ग्रंथालय, जल शुद्धिकरण, प्रणाली आदि) ।

सिद्धांत 5– व्यवसाय को मानवाधिकारों का ध्यान रखना चाहिये व उनका संवर्धन करना चाहिये

1. क्या मानवाधिकारों पर कंपनी की नीति केवल कंपनी पर लागू होती है या समूह / संयुक्त उद्यम/ आपूर्तिकर्ताओं / ठेकेदारों गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) / अन्यों पर भी लागू होती है ?

हां, मॉयल की कोई सहायक संस्थाएं नहीं हैं ।वह अच्छे अभिशासन को बढ़ावा देने, खनिज संपदा का दायित्वपूर्ण ढंग से उपयोग करने व भ्रष्टाचार पर रोक लगाने हेतु सरकार, व्यवसाय तथा सिविल सोसायटी के हितधारकों के साथ मिलकर कार्य करने हेतु कृत संकल्प है ।मॉयल ने ट्रांसपेरेंसी इंटरनैशनल इंडिया (टीआइआइ)के साथ एक विश्वसनीयता समझौता पर भी हस्ताक्षर किये हैं ।मॉयल का सतर्कता विभाग निर्णय लेने की भेदभाव रहित, उचित व पारदर्शी प्रक्रिया को बढ़ावा देता है और सकारात्मक दृष्टिकोण सहित ऐहतियाती सतर्कता को प्राथमिकता देता है ।

2. विगत वित्तीय वर्ष में हितधारकों से कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं व उनमें से कितने प्रतिशत का प्रबंधन द्वारा संतोषजनक ढंग से समाधान किया गया ?

वित्तीय वर्ष 2017 – 18 के दौरान मानवाधिकार उल्लंघन के शून्य मामले हैं ।

सिद्धांत 6– व्यवसाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील रहते हुए उसके संरक्षण हेतु प्रयत्नशील रहना चाहिये ।

1. क्या सिद्धांत-6 से संबंधित नीति केवल कंपनी पर लागू होती है या समूह / संयुक्त उद्यम/ आपूर्तिकर्ताओं / ठेकेदारों गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) / अन्यों पर भी लागू होती है ?

मॉयल में पर्यावरण प्रबंधन उसकी कारपोरेट पर्यावरण नीति द्वारा नियंत्रित होती है ।यह नीति केवल मॉयल तक ही सीमित है क्योंकि उसकी कोई सहायक कंपनी नहीं है व संयुक्त उद्यम परिचालनाधीन नहीं हैं ।

2. क्या पर्यावरण संबंधी वैश्विक मामलों , जैसे मौसम परिवर्तन, वैश्विक तापमान वृद्धि आदि पर ध्या देने हेतु कंपनी के पास कोई रणनीति उपाय हैं । हां / नहीं । कृपया वेब पृष्ठ आदि हेतु हायपर लिंक प्रदान करें ।

हां, मॉयल मौसम परिवर्तन के उसके व्यवसाय, पर्यावरण और समुदाय पर पड़ने वाले असर को समझता है और वह एक निरंतर विकास हेतु खनन तथा खनिजों के प्रक्रमण हेतु पर्यावरण के प्रति और अधिक दायित्वपूर्ण भूमिका हेतु वचनबद्ध है । मॉयल पर्यावरण में प्रदूषण की रोकथाम व नियंत्रण हेतु तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु व अनुपालन सुनिश्चित करने व उसके अनुप्पवर्तन हेतु व पर्यावरण में सुधार लाने हेतु प्रतिबद्ध है । वह पर्यावरण के रक्षण व पर्यावरण की रक्षा के प्रति अपने कर्मचारियों व समुदायों को शिक्षित करने और पर्यावरण के नकारात्मक प्रभावों को कम करने व रोकने हेतु प्रबंधन की समयसिद्ध प्रथाओं को लागू करने हेतु कृतसंकल्प है ।

मॉयल इस बात में विश्वास करता है कि ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन आधुनिक व्यवसाय हेतु पर्यावरण की कीमत की प्रमुख चिंताओं में से एक है । एक पर्यावरण हितैषी संस्था बने रहने हेतु मॉयल ने अपनी खदानों में कुल 20 मे. वॅट, 10.5 मे. वॅट क्षमता के सौर्य ऊर्जा परियोजनाओं वाले पवन ऊर्जा के फार्म स्थापित किये हैं । राजगढ़ खास, म. प्र. में 20 मे. वॅट, क्षमता की सौर्य ऊर्जा परियोजना स्थापित करने का प्रस्ताव है । उसने अपने प्रधान कार्यालय में भी 48 कि. वॅट के रूफ टॉप सौर्य पैनल लगाए हैं और उसकी सभी खदानों पर स्थित प्रशासकीय भवनों में भी यह कार्य प्रगति पर है ।

http://moil.nic.in/writeraddata/pdf/Environment_policy.pdf

3. क्या कंपनी ने संभावित पर्यावरण जोखिमों का अभिनिर्धारण व मूल्यांकन किया है ।

हां / नहीं ।

हां, मॉयल ने संभावित पर्यावरण जोखिमों का अभिनिर्धारण व मूल्यांकन करने की पद्धतियां तय की हैं । वह अपनी खदानों के निकटवर्ती क्षेत्रों के पर्यावरण पर परिचालनों / गतिविधियों के प्रभावों का मूल्यांकन करता है व तदनुसार उन्हें कम करने के उपाय करता है । सभी खदानों में पर्यावरण पर प्रभावों का मूल्यांकन किया गया है और तदनुसार उन्हें कम करने हेतु उपाय किये गये हैं । कार्यान्वित उपायों की प्रभाविकता की जाँच करने हेतु तथा सीपीसीबी कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु पर्यावरण के परिमापों पर सतत रूप से निगरानी रखी जाती है ।

सभी प्रमुख खदाने व संयंत्र ओएचएसएएस18001-2007 आय एस ओ 9001: 2015 प्रमाणित हैं जो उद्येश्यों व लक्ष्यों के निर्धारण हेतु महत्वपूर्ण गतिविधियों के अभिनिर्धारण के लिये सभी परिचालनों एवम् गतिविधियों के पहलू – प्रभाव अध्ययन आयोजित करता है । इस प्रणाली की (प्रमाणित आंतरिक जाँचकर्ताओं द्वारा की जाने वाली आवधिक जाँच के अलावा) बाहरी जाँचकर्ताओं से द्विवार्षिक जाँच कराई जाती है ताकि प्रणाली प्रभाविकता व पर्याप्तता की जाँच की जा सके व आवश्यक होने पर उद्येश्यों, लक्ष्यों व प्रबंधन की योजनाओं में बदलाव का अभिनिर्धारण किया जा सके ।

4. क्या कंपनी की निर्बाध विकास यंत्रणा से संबंधित कोई परियोजना है ? यदि हां तो लगभग 50 शब्दों में उसके विवरण दें और यह भी बताएं कि क्या कोई पर्यावरण अनुपालन रिपोर्ट दायर की गई है ?

हां, मॉयल की निर्बाध विकास यंत्रणा से संबंधित परियोजना है । यह 2006 – 2007 में स्थापित 20 मे. वॅट की एक पवन परियोजना है। इस परियोजना को युनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेंशन फॉर क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) के साथ पंजीकृत किया गया है ।

5. क्या कंपनी ने निर्बाध प्रौद्योगिकी, ऊर्जा बचत, नवीकरणीय ऊर्जा आदि पर कोई अन्य उपाय किये हैं । हां / नहीं । यदि हां तो कृपया वेब पृष्ठ का हायपरलिंक प्रदान करें ।

हां, मॉयल पर्यावरण हितैषी प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देने हेतु कृतसंकल्प है । मॉयल के अनुसंधान और विकास केंद्रों के पास कार्यक्षम खनिज प्रक्रमण से संबंधित तकनीक विकास के अभियान चलाने की क्षमता भी है, कृपया नीचे दिया गया हायपरलिंक देखें–

http://moil.nic.in/writeraddata/pdf/MOIL_ren_en_proj.pdf

6. क्या रिपोर्टाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी के उत्सर्जन / अपशेष की मात्रा सीपीसीबी / एसपीसीबी द्वारा प्रदत्त अनुमेय सीमा के भीतर है ?

हां, कंपनी के उत्सर्जन / अपशेष की मात्रा की नियमित आधार पर निगरानी की जाती है और वह सीपीसीबी / एसपीसीबी द्वारा निर्धारित अनुमेय सीमा के भीतर है । आवश्यकता के अनुसार सांविधिक प्राधिकरणों में विवरणियां दर्ज की जाती हैं ।

7. क्या रिपोर्टाधीन वित्तीय वर्ष के अंत में सीपीसीबी / एसपीसीबी से कारण बताओ / कानूनी नोटिस प्राप्त हुईं, जो पेंडिंग हों (अर्थात जिनका संतोषजनक ढंग से समाधान न हुआ हो)

शून्य ।

सिद्धांत7 सार्वजनिक व विनियामक नीतियों के प्रभावित करने वाले व्यवसायों का आचरण जिम्मेदार होना चाहिये ।

1. क्या आपकी कंपनी किसी व्यापार या चेम्बर या संघ की सदस्य है । यदि हां तो केवल उन प्रमुख संघों के नाम बताएँ जिनसे आपकी कंपनी व्यवहार करती हो।

हां, मॉयल नीचे दिये गये कुछ चेंबरों संघों का सदस्य है–

- फेडरेशन ऑफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज, नई दिल्ली ।
- स्टैंडिंग कॉन्फरेंस ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेस, नई दिल्ली ।
- इंटरनैशनल मैंगनीज इंस्टीट्यूट, पैरिस ।

2. क्या आपने जन - कल्याण में सुधार हेतु उपर्युक्त संघों के माध्यम से समर्थन / दबाव डाला । हां / नहीं । यदि हां तो प्रमुख क्षेत्र बताएं (ड्रॉप बॉक्सः अभिशासन व प्रशासन, आर्थिक सुधार,समावेशी विकास नीतियां,ऊर्जा सुरक्षा, , जल, खाद्यान्न सुरक्षा, निरंतर व्यवसाय सिद्धांत, अन्य)

हां, निम्नलिखित क्षेत्र प्रमुख हैं-

- सहने योग्य खनन प्रथाएं
- ऊर्जा संरक्षण
- समावेशी विकास

सिद्धांत8 व्यवसाय को समावेशी व सम्यक विकास को बढ़ावा देना चाहिये

1. क्या कंपनी के पास सिद्धांत 8 के अनुशीलन में कोई निश्चित कार्यक्रम / उपाय / परियोजनाएं हैं । यदि हां, तो उसके विवरण दें ।

हां मॉयल सीएसआर नीति में पारिभाषित कई कार्यक्रम / उपाय / परियोजनाएं हैं । सीएसआर के अंतर्गत की गईंकुछ प्रमुख पहलें निम्नानुसार हैं-

साक्षरता व शिक्षण

- मॉयल का डीएवी विद्यालय
- कंपनी की खदानों के आसपास शिक्षा प्रदान करने वाले कई विद्यालयों को समर्थन
- कंपनी की खदानों के पास विभिन्न सरकारी विद्यालयों में कक्षा भवनों का निर्माण

स्वास्थ्य रक्षण

- निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य जाँच शिविर
- मोतियाबिंद शल्य क्रिया, क्लेफ्ट लिप व पैलेट शल्यक्रिया
- रुग्णवाहिका

ग्रामीण विकास व बुनियादी ढाँचा

- सड़क व पुलिया निर्माण
- ग्रमों का विद्युतीकरण व सौर्य स्ट्रीट लाइटों का प्रावधान
- पेयजल प्रदान करना
- किसान विकास योजनाएं
- शौचालय निर्माण
- नागपुर, भंडारा व बालाघाट जिलों के 21 गांवों में समुदाय विकास कार्यक्रम
- सामुदायिक भवनों का निर्माण

2. क्या कार्यक्रम / परियोजनाएं आंतरिक दल स्वतः के फाउंडेशन बाहरी गैर सरकारी संस्थाओं(एनजीओ) सरकारी संरचनाओं / किसी अन्य संस्था के जरिये चलाये जाते हैं ?

मॉयल विभिन्न सीएसआर गतिविधियां एक आंतरिक दल के जरिये व गैर सरकारी संस्था (एनजीओ), राज्य जिला प्राधिकरणों व ट्रस्टों के साथ भागीदारी में करता है, जो प्रस्तावित गतिविधियों की विशिष्टताओं पुर निर्भर होता है । भागीदारी के जरिये चलायी जाने वाली सीएसआर गतिविधियों कासीएसआर विभाग एवम् भागीदारी करने वाली संश्था द्वारा संयुक्त रूप से मूल्यांकन व अनुप्रवर्तन किया जाता है ।

3. क्या आपने अपने द्वारा की गई पहलों के प्रभाव का मूल्यांकन किया है ?

हां, कंपनी के प्रमुख सीएसआर कार्यों के प्रभाव का मूल्यांकन तृतीय पक्ष द्वारा किया जाता है । इसके अतिरिक्त मॉयल ने सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित विद्यालय का प्रभाव मूल्यांकन भी किया है ।

4. सामुदायिक विकास परियोजनाओं में कंपनी का प्रत्यक्ष योगदान क्या है - कृपया आइएनआर में रकम व चलायी गई परियोजनाओं के विवरण दें ।

मॉयल ने वित्तीय वर्ष 2017 - 18 में निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत विकास परियोजनाओं में रु.9.62 करोड की रकम खर्च की -

1) शिक्षा (2) पेय जल (3) स्वास्थ्य व आरोग्य (4)निःशुल्क चिकित्सा शिविर (5) बुनियादी ढाँचा (6) वित्तीय सहायता (7) ग्रामीण विकास (8)स्वच्छता

5. क्या आपने यह सुनिश्चित करने हेतु कदम उठाए हैं कि सामुदायिक विकास की यह पहल सफलतापूर्वक अपनायी गई है ? कृपया लगभग 50 शब्दों में स्पष्ट करें ।

व्यापारिक गतिविधियों व स्थलों के दौरों से समुदाय में और विशेषतः कृषि विकास में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलती है । अन्यों द्वारा गतिविधियों का प्रत्युत्तर जारी है जिससे गतिविधियों के सकारात्मक प्रभाव दिखायी देता है ।

मॉयल का सीएसआर दल सुधार की गुंजाइश व प्रभाव, यदि कोई हों, जानने हेतु लाभार्थियों से प्रतिसूचनाएं प्राप्त करता है । इसी प्रकार मॉयल के सीएसआर दल के साथ - साथ

अन्य पक्षों द्वारा आयोजित प्रभाव मूल्यांकन से समुदाय विकास परियोजनाओं की प्रभाविकता व कार्यों के बारे में समुदाय के लोगों के प्रतिसाद प्राप्त करता है ।इसके अतिरिक्त किसान विकास कार्यक्रम की सरकार में सर्वोच्च स्तरों पर सराहना हुई है ।

सिद्धांत 9 व्यवसाय को ग्राहकों एवम् उपभोक्ताओं का मूल्य संवर्धन करते हुए उनके साथ जिम्मेदारी से पेश आना चाहिये

1. वित्तीय वर्ष के अंत में कितने प्रतिशत ग्राहक शिकायतें / उपभोक्ता मामले पेंडिंग हैं ।

   वित्तीय वर्ष के अंत में कोई भी ग्राहक शिकायत पेंडिंग नहीं हैं ।

2. क्या कंपनी स्थानीय विधि में मौजूद अनिवार्यता से अधिक उत्पाद के लेबल पर उत्पाद की जानकारी प्रदर्शित करती है । हां / नहीं / अभ्युक्तियां (अतिरिक्त जानकारी)।

   लागू नहीं । हमारा उत्पाद एक थोक उत्पाद होने के नाते उत्पाद की विशेषताओं का उल्लेख कंपनी की वेबसाइट www.moil.nic.in पर और मूल्य सूची / संविदाओं के जरिये ग्राहकों को सूचित किया जाता है ।

3. क्या कंपनी के विरुद्ध पिछले 5 वर्षों के दौरान हितधारकों द्वारा अनुचित व्यापार प्रथाओं, गैर जिम्मेदाराना विज्ञापनों और या अस्पर्धात्मक आचरण के सूबंध में कोई मुकदमा दायर किया गया है, जो वित्तीय वर्ष के अंत में पेंडिंग हो । यदि हां, तो लगभग 50 शब्दों में उसके विवरण दें ।

   नहीं

4. क्या आपकी कंपनी ने कोई ग्राहक सर्वेक्षण / उपभोक्ता संतोष प्रवृत्ति जानने का आयोजन किया ।

   हां, मॉयल विभिन्न स्थानों पर ग्राहकों की बैठकें आयोजित करते हुए व नियमित आधार पर ग्राहकों को भेंट देते हुए ग्राहक संतोष सर्वेक्षण आयोजित करता है ।हालांकि इस प्रकार के सर्वेक्षण विशेष रूप से आयोजित नहीं किये गये हैं, किंतु ग्राहकों के साथ होने वाली बैठकों में ग्राहक संतोष के अत्युच्च स्तर के संकेत मिलते हैं । ऐसे संकेत नियमित आधार पर हमारे व्यावसायिक भागीदार बने रहने के ग्राहक आचरण से भी मिलते हैं ।

<table>
<tr><td>पी1</td><td colspan="2">क्रम सं.3- मॉयल में कंपनी की जालसाजियों के रोकथाम की एक नीति है , आचार संहिता, नैतिकता व सचेतक नीति । जाल,जी की रोकथाम की नीति में जालसाजी का पता लगाने व रोकथाम, पायी गई या संदिग्ध जालसाजी की रिपोर्टिंग व जालसाजी के मामलों के संबंध में उचित कार्रवाई करने की प्रणाली है । इसके अलावा सेबी (एलओडीआर) विनियमा 2015 के अंतर्गत कारपोरेट अभिशासन की आवश्यकताओं के अनुसार कंपनी ने पेशेवर व नैतिक मानकों के आधार पर आचार संहिता बनायी है और कंपनी को यह विश्वास है कि उसके सभी कर्मचारियों को उसे अपनाना चाहिये । इसके अतिरिक्त, सतर्कता की यंत्रणा के एक अंतर्निहित भाग के रूप में मॉयल की सचेतक नीति बनायी गई है ताकि मॉयल के निदेशकों एवम् कर्मचारियों को अनैतिक आचरण, वास्तविक या संदिग्ध जालसाजी या कंपनी के आचार संहिता के उल्लंघन के बारे में अपनी उचित चिंताओं व व्यथाओं की रिपोर्ट करने के अधिकार प्राप्त हो सकें । इसके अतिरिक्त कंपनी ने संबंधित पक्ष व्यवहारों के महत्व और संबंधित पक्ष व्यवहार नीति(आरपीटी नीति) भी बनाई है जिसमें ऐसे पक्षों से व्यवहार करने से पहले पर्याप्त कार्यविधियों का पालन करना होता है और प्रकटन करने होते हैं ।</td></tr>
<tr><td></td><td>नीति का नाम</td><td>वेबलिंक</td></tr>
<tr><td></td><td>जालसाजी के रोकथाम हेतु नीति</td><td>http://moil.nic.in/writereaddata/pdf/Fraud%20Prevention%20Policy_MOIL-FinalB.pdf</td></tr>
<tr><td></td><td>व्टीसल ब्लोअर नीती</td><td>http://moil.nic.in/WRITEREADDATA/PDF/Whistle_Blower_Policy_of_MOIL.pdf</td></tr>
<tr><td></td><td>आचार संहिता व नैतिकता</td><td>http://moil.nic.in/writereaddata/oldsite/coc.pdf</td></tr>
<tr><td></td><td>संबंधित पक्ष व्यवहार के महत्व पर नीति व संबंधित पक्ष से व्यवहार</td><td>http://moil.nic.in/WRITEREADDATA/PDF/Related_Party_Transaction_Policy.PDF</td></tr>
<tr><td></td><td>घटनाओं के महत्व के निर्धारण हेतु या स्टॉक एक्सचेंजों को जानकारी के प्रकटन हेतु मानदंडों पर नीति</td><td>http://moil.nic.in/writereaddata/pdf/Policy_on_Disclosure_Information.pdf</td></tr>
<tr><td></td><td>लाभांश वितरण नीति</td><td>http://moil.nic.in/writereaddata/PDF/Dividend_Policy_MOIL.PDF</td></tr>
<tr><td>पी2</td><td colspan="2">कंपनी आर्थिक पर्यावरण व सामाजिक चिंताओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर व्यवसाय की प्रथाओं का अनुसरण करती है ताकि विकास एवम् निरंतरता के दोहरे उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके । .कंपनी अपने उत्पादों व सेवाओं का नियंत्रण करने वाले विनियमों का अनुपालन करती है और उसने समावेशी विकास एवम् पर्यावरण की निरंतरता को बढ़ावा देने हेतु उपाय किये हैं ।
क्रम सं.6- कारपोरेट सामाजिक दायित्व व निरंतरता नीति कंपनी के निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है-
http://moil.nic.in/writereaddata/PDF/CSR_and_Sustainability_Policy_of_MOIL.pdf
http://moil.nic.in/writereaddata/pdf/Environment_Policy.pdf</td></tr>
<tr><td>पी3</td><td colspan="2">सामान्य विधि और विनियमावली तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनायी जाने वाली दृढ़ नैतिक प्रथाओं के अनुरूप कंपनी ने कर्मचारी उन्मुख नीतियां अपनायी हैं जैसे-कर्मचारी लाभ, व कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, जिससे रक्षा व सौहार्द का वातावरण बनता है और व्यावसायिक आकांक्षाओं को पूरा करने का अवसर मिलता है ।
क्रम सं.6- ये नीतियां भौतिक रूप से या ऑनलाइन केवल कर्मचारियों द्वारा ही देखी जा सकती हैं ।</td></tr>
</table>

पी4	इस सिद्धांत में सभी हितधारकों, विशेषकर वंचित, असुरक्षित व कमजोर हितधारकों के प्रति संवेदनशील रहने का प्रतिपादन किया गया है और कंपनी में इस उपलक्ष्य में कोई विशिष्ट नीति नहीं है । तथापि कंपनी ने इन उद्येश्यों की पूर्ति हेतु प्रक्रियाएं निर्धारित की हैं । इसके अतिरिक्त कंपनी अपनी कारपोरेट दायित्व व निरंतरता नीति के अनुशीलन में समावेशी विकास हेतु कुछ क्षेत्रों में काम कर रही है ,जैसे–रोजगार निर्माण हेतु कौशल विकास,शिक्षण, स्वास्थ्य रक्षण, वृद्ध व विकलांग व्यक्तियों की परिचर्या, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, गैर – परंपरागत ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा आदि ।। क्रम सं.6– कारपोरेट सामाजिक दायित्व व निरंतरता नीति कंपनी के निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है– link : http://moil.nic.in/writereaddata/PDF/CSR_and_Sustainability_Policy_of_MOIL.pdf
पी5	क्रम सं3– कंपनी द्वारा अपनायी गई बोर्ड के सदस्यों व वरिष्ठ प्रबंधन हेतु व्यवसाय की आचार संहिता व नैतिकता संहिता इस सिद्धांत की अपेक्षाओँ को पूरा करती है । संहिता में रोजगार की उचित प्रथाओं व विविधता, स्वस्थ स्पर्धा,कार्य स्थल पर उत्पीड़न निषेध व डाँट – डपट निषेध एवम् सुरक्षा पर बल दिया जाता है । क्रम सं6– व्यावसायिक आचार संहिता नीचे दिये गये लिंक पर उपलब्ध है– link: http://moil.nic.in/writereaddata/oldsite/coc.pdf http://moil.nic.in/writereaddata/pdf/safety_policy.pdf
पी6	इस सिद्धांत के अंतर्गत समाविष्ट पहलू कंपनी के व्यवसाय के स्वरूप के अनुसार प्रासंगिक नहीं हैं ।कंपनी अपने परिसर व परिचालनों के संबंध में पर्यावरण क् प्रयोज्य विनियमो का अनुपालन करती है । इसके अतिरिक्त कंपनी पर्यावरण की समस्याओं के समाधान हेतु किये जाने वाले प्रयत्नों में सहभागी होती है । कंपनी अपने परियोजना ऋणों के उधारकर्ताओं से भी यह अपेक्षा करती है कि वे पर्यावरण सूबंधी विभिन्न राष्ट्रीय मानकों / अपेक्षाओँ का अनुपालन करें ।
पी7	हालांकि इस सिद्धांत हेतु कोई विशिष्ट नीति नहीं बनायी गई है , फिर भी कंपनी राज्य सरकारों व अन्य संस्थाओँ के साथ मिल कर कौशल विकास के क्षेत्र में उपायों को बढ़ावा दे रही है जिनसे रोजगार निर्माण, शिक्षण, स्वास्थ्य रक्षण, ग्रामीण विकास परियोजनाएं, गैर – परंपरागत ऊर्जा स्रोतों के संवर्धन, के अवसर पैदा हो रहे हैं । अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक व पूर्णकालिक निदेशक इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित विभिन्न समितियों एवम् कार्यदलों की बैठकों में भाग लेते हैं ।.
पी8	मॉयल अपनी कारपोरेट सामाजिक दायित्व व निरंतरता नीति के अनुशीलन में समावेशी व सम्यक विकास सुनिश्चित करने का प्रयास करता है ।वित्तीय वर्ष 2017 – 18 के दौरान मॉयल ने इस संबंध में विभिन्न पहलें कीं जिनमें जीविका का सृजन करने वाले महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम / बुनियादी ढाँचागत विकास कार्यक्रम / चुनिंदा स्वास्थ्य प्रदायी संस्थाओं में सुविधाएं प्रदान करना / चुनिंदा ग्रामीण क्षेत्रों में पेय जल सुविधा देना / ग्रामीण जीवन स्तर के उत्थान हेतु किसान केंद्रित समन्वित जल विभाजन विकास कार्यक्रम शामिल हैं ।) क्रम सं.6– कारपोरेट सामाजिक दायित्व व निरंतरता नीति कंपनी के निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है– link: http://moil.nic.in/writereaddata/PDF/CSR_and_Sustainability_Policy_of_MOIL.pdf
पी9	क्रम सं.3– कंपनी में एक व्यावसायिक आचार संहिता एवम् नैतिकता संहिता है तथा व्यथा निवारण मंच है । क्रम सं.6– उपर्युक्त संहिता फॉर्म को निम्नलिखित लिंक पर ऑनलाइन देखा जा सकता है । http://moil.nic.in/writereaddata/oldsite/coc.pdf http://moil.nic.in/InvestorsFeedback.aspx?PageMasterID=40&AntiSpam1=uYVA4OFNHKt
	सभी नीतियां एवम् प्रक्रियाएं कंपनी द्वारा समय – समय पर आंतरिक रूप से किये जाने वाले जाँच एवम् पुनरीक्षण के अधीन हैं ।

फॉर्म नं.एम.आर.3

सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट

दि.31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु

(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा204(1) व कंपनी(प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति व पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियमक्र.9 के अनुशीलन में)

सेवा में,
सदस्य,
मॉयल लिमिटेड,
(एल99999एमएच1962जीओआय12398)
मॉयल भवन, 1ए, काटोल रोड,
नागपुर- 440013

हमने प्रयोज्य सांविधिक प्रावधानों एवम् अच्छी कारपोरेट प्रथाओं के मॉयल लिमिटेड(जिसे इससे आगे कंपनी कहा गया है) द्वारा पालन के संबंध में सचिवीय लेखा परीक्षा आयोजित की थी । सचिवीय लेखा परीक्षा इस ढंग से आयोजित की गई थी ताकि हमें कारपोरेट आचरण के मूल्यांकन / सांविधिक अनुपालनों के निर्धारण व उन पर अपनी राय व्यक्त करने का एक तर्कसम्मत आधार प्राप्त हो सके ।

दि. 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष की सचिवीय लेखा परीक्षा के दौरान, कंपनी की बहियों, कागजात,कार्यवृत्त बहियों, फॉर्मों व दर्ज की गई विवरणियों तथा कंपनी द्वारा रखे गये अन्य अभिलेखों की जाँच के आधार पर एवम् कंपनी, उसके पदाधिकारियों, एजेंटों व प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा प्रदत्त जानकारी की अपनी जाँच के आधार पर हम यह एतद्वारा रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में कंपनी ने नीचे सूचीबद्ध प्रावधानों का पालन किया है तथा कंपनी में यथोचित बोर्ड प्रक्रियाएं एवम् अनुपालन यंत्रणा निम्नलिखित रिपोर्टिंग की मात्रा तक व उसके अधीन उपलब्ध हैं ।

हमने निम्नलिखित में किये गये प्रावधानों के अनुसार व कंपनी की बहियों, कागजात,कार्यवृत्त बहियों, फॉर्मों व दर्ज की गई विवरणियों तथा कंपनी द्वारा रखे गये अन्य अभिलेखों की जाँच की है:

1. कंपनी अधिनियम, 3013 एवम् उसके अंतर्गत बनाये गये नियम।
2. प्रतिभूति संविदा(विनियम) अधिनियम व उसके अंतर्गत बनाये गये नियम।
3. डिपॉजिटरी अधिनियम, 1996 व उसके अंतर्गत बनाये गये विनियम व उप नियम।
4. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम,1999 व उसके अंतर्गत बनाये गये नियम व विनियम, विदोशी प्रत्यक्ष निवेश, समुद्रपारीय प्रत्यक्ष निवेश व विदेशी वाणिज्यिक उधारों की सीमा तक।
5. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम,1992 (सेबी एक्ट) के अंतर्गत निर्धारित निम्नलिखित विनियम एवम् दिशानिर्देश-
   - (क) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अधिग्रहण व समामेलन)विनियम,2011
   - (ख) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इन साईडर ट्रेडिंग प्रतिबंध) विनियम,2015
   - (ग) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी निर्गम व प्रकटीकरण आवश्यकता)विनियम,2009
   - (घ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना व कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना) दिशानिर्देश,1999, जो कंपनी पर लेखा परीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं हैं ।
   - (ड) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का निर्गम व लिस्टिंग) विनियम,2008 जो कंपनी पर लेखा परीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं हैं ।
   - (च) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम के पंजीकर्ता व शेयर अंतरण अभिकर्ता) विनियम,1993 कंपनी अधिनियम व ग्राहक से व्यवहार के संबंध में ।
   - (छ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (ईक्विटी शेयरों की डीलिस्टिंग)विनियम,2009, जो कंपनी पर लेखा परीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं हैं ।
   - (ज) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों का बायवॅक) विनियम,1998
   - (झ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग बाध्यता व प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम,2015
6. इसके अतिरिक्त हमने भौतिक अनुपालन रिपोर्टिंग प्रणाली की भी जाँच की है जिसे मॉयल लिमिटेड द्वारा 31 मार्च, 2018 के वित्तीय वर्ष हेतु निम्नलिखित विधियों के प्रयोज्य अनुपालनों के मामलों में संतोषजनक ढंग से रखा गया है ।
   - (1) खदान अधिनियम,1952
   - (2) खदान व खनिज(विकास व विनियम) अधिनियम,1957
   - (3) लौह अयस्क खान,मैंगनीज अयस्क खान और क्रोम अयस्क खान श्रम कल्याण निधि अधिनियम,1976

हमने निम्नलिखित के प्रयोज्य खंडों के अनुपालन की भी जाँच की है ।

(1) भरतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानक,

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने निम्नलिखित अभ्युक्तियों के अधीन उपर्युक्त अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है।

1 कंपनी के निदेशक बोर्ड के विधिवत गठन हेतुस्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के संबंध में भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेस (डीपीई) द्वारा जारी दिशानिर्देशों के जरिये निर्धारित आवश्यकताओं के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग बाध्यता व प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम,2015 के विनिमय17 के अनुपालन के संबंध में कंपनी ने दि.1 अप्रैल, 2017 सेदि. 31 मार्च, 2018 तक निदेशक बोर्डके गठन से संबंधित प्रावधान को छोड़ कर शेष शर्तों का पालन किया है ।

हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि

कंपनी के निदेशक बोर्ड का कार्यपालक निदेशकों, गैर – कार्यपालक निदेशकों एवम् संवतंत्र निदेशकों के समुचित संतुलन सहित विधिवत् गठन किया गया है ।समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक बोर्ड की संरचना में परिवर्तन अधिनियम के प्रावधानों का पालन करते हुए किया गया है ।

बोर्ड की बैठकों के आयोजन हेतु सभी निदेशकों को पर्याप्त सूचना दी जाती है , कार्यसूची व कार्य सूची पर विस्तृत टिप्पणियां कम से कम सात दिन पहले ही भेज दिये गये थे और बैठकों में सार्थक सहभाग हेतु और अधिक जानकारी प्राप्त करने व बैठक से पहले कार्यसूची की मदोंपर स्पष्टीकरण मांगनेकी प्रणाली मौजूद है ।

बोर्ड की बैठकों एवम् समितियों की बैठकों में सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिये जाते हैं, जैसा कि यथास्थिति बोर्ड की बैठकों और बोर्ड की समितियों की बैठकों में रेकॉर्ड किया जाता है । हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी के आकार एवम् परिचालनों के अनुरूप कंपनी में पर्याप्त प्रणालियां तथा प्रक्रियाएं मौजूद हैं ताकि प्रयोज्य विधियों, नियमों, विनियमों तथा दिशानिर्देशों का अनुप्रवर्तन व अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि लेखा परीक्षा की अवधि के दौरान,

1. कंपनी ने रु.10/– प्रति शेयर के 87,66,720 ईक्विटी शेयरों का बायवॅक.240/– प्रति ईक्विटी शेयर के दर से की जो कंपनी के समादत्त शेयर पूंजी में कुल ईक्विटी शेयरों का 3.29 % हैं ।
2. कंपनी ने रु.10/– प्रति ईक्विटी शेयर हेतु रु. 10/– प्रति नये ईक्विटी शेयर के अनुपात में रु.10/– के 13,31,87,804(तेरह करोडइकतीस लाख सतासी हजार आठसौ चार) बोनस शेयर जारी व आबंटित किये हैं । किये हैं।

स्थानः इन्दौर
दिनांकः 02.08.2018

कृते ए.मेहता एंड कं.

ह/–
अशोक मेहता
(प्रोप्रायटर)
एफसीएस नं.2566
सीपी नं.2028

स्वतंत्र लेखा परीक्षा रिपोर्ट

सेवा में,
मॉयल कंपनी के सदस्य,
नागपुर

एकल वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

हमने मॉयल लिमिटेड (कंपनी) के संलग्न एकल वित्तीय विवरणों की जाँच की है, जिसमें दि.31 मार्च, 2018 का तुलन पत्र, लाभ – हानी विवरण (अन्य सघन आय सहित), नकदी प्रवाह विवरण और तत्समय समाप्त वर्ष हेतु ईक्विटी में परिवर्तन का विवरण एवम् महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश व अन्य विवेचनात्मक जानकारियां शामिल हैं (जिन्हें इससे आगे एकल वित्तीय विवरण कहा गया है) ।

एकल वित्तीय विवरणों हेतु प्रबंधन का दायित्व

इन एकल वित्तीय विवरणों के निर्माण एवम् प्रस्तुतीकरण के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 134(5) में उल्लिखित मामलों के लिये कंपनी का निदेशक मंडळ जिम्मेदार है, जो कंपनी(भारतीय लखांकन मानक) नियम,2015 व भारत में आमतौर पर स्वीकृत लेखांकन के अन्य सिद्धांतों के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित लेखांकन के भारतीय मानकों(इंड ए एस) के अनुसार कंपनी की वित्तीय स्थिति,अन्य सघन आय,नकदी प्रवाह व कंपनी की ईक्विटी में परिवर्तनों समेत वित्तीय कार्य निष्पादन का सही व स्पष्ट चित्र प्रस्तुत करते हैं ।

इस जिम्मेदारी में कंपनी की संपत्ती की रक्षा हेतु व जालसाजियों व अन्य अनियमितताओं का पता लगाने व उन्हें रोकने हेतु अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लेखांकन के पर्याप्त अभिलेख रखना, यथोचित लेखांकन नीतियों का चयन और अनुप्रयोग करना, तर्कसम्मत व विवेकपूर्ण निर्णय लेना व पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का स्वरूप तैयार करना, उन्हें कार्यान्वित करना व रखरखाव करना भी शामिल है, जो लेखांकन के अभिलेखों की सटीकता व संपूर्णता को सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे थे व एकल वित्तीय विवरण बनाने व प्रस्तुत करने में प्रासंगिक थे, जो एक सही व स्पष्ट चित्र प्रस्तुत करते हैं व किसी भी महत्वपूर्ण गलत बयानी से मुक्त हैं, चाहे वह जालसाजी के कारण हो या चूक के कारण ।

लेखा परीक्षक का दायित्व

हमारा दायित्व अपनी लेखा परीक्षा के आधार पर इन एकल वित्तीय विवरणों पर अपनी राय व्यक्त करना है । अपनी लेखा परीक्षा करने में हमने अधिनियम के प्रावधानों, लेखांकन व लेखा परीक्षा के मानकों, अधिनियम व उसके अंतर्गत बनाये गये नियमों के प्रवधानों के अनुसार लेखा परीक्षा में शामिल किये जाने वाले विषयों तथा अधिनियम की धारा143(11) के अंतर्गत जारी आदेश का विचार किया है ।

हमने एकल वित्तीय विवरणों की अपनी लेखा परीक्षा अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्धारित लेखांकन के मानकों के अनुसार आयोजित की है । उन मानकों की यह अपेक्षा है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का पालन करें और लेखा परीक्षा का आयोजन व निष्पादन यह तर्कसम्मत आश्वासन प्राप्त करने हेतु करें कि एकल वित्तीय विवरण किसी महत्वपूर्ण गलतबयानी से मुक्त हैं अथवा नहीं ।

लेखा परीक्षा में एकल वित्तीय विवरणों की रकमों एवम् प्रकटन के बारे में लेखा परीक्षा के साक्ष्य जुटाने हेतु कार्यविधियां करना शामिल होता है । चयनित कार्यविधियां लेखा परीक्षक के निर्णय पर आधारित होती हैं , जिनमें एकल वित्तीय विवरणों में महत्वपूर्ण गलतबयानी के जोखिम का निर्धारण शामिल है, चाहे वह जालसाजी के कारण हो या चूक के कारण हो । ऐसे जोखिम निर्धारणों में, लेखा परीक्षक कंपनी के एकल वित्तीय विवरण तैयार करने में प्रासंगिक आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को ध्यान में रखता है, जो उन परिस्थितियों में आवश्यक लेखा परीक्षा की कार्यविधियों के स्वरूप के निर्धारण में एक सही व स्पष्ट चित्र प्रस्तुत करें । लेखा परीक्षा में उपयोग में लायी गई लेखांकन की नीतियों के औचित्य का मूल्यांकन व कंपनी के निदेशकों द्वारा किये गये लेखांकन के प्राक्कलनों के औचित्य का निर्धारण तथा एकल वित्तीय विवरण के शमग्र प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन भी शामिल होता है ।

हमें विश्वास है कि एकल वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा पर अपनी राय देने हेतु हमने जो लेखा परीक्षा के साक्ष्य जुटाए हैं वे पर्याप्त हैं और लेखा परीक्षा की हमारी राय बनाने हेतु एक उचित आधार प्रदान करते हैं ।

राय

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी व हमें प्रदत्त स्पष्टीकरणों के अनुसार उपर्युक्त वित्तीय विवरण अधिनियम में अपेक्षित जानकारी यथापेक्षित ढंग में प्रदान करते हैं और भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन के सिद्धांतों के अनुसार कंपनी के दि.31 मार्च,2018 के कार्यों का व उस दिनांक को समाप्त वर्ष हेतु उसके लाभ, कुल व्यापक आय, ईक्विटी में परिवर्तनों और उसके नकदी प्रवाह का सही व स्पष्ट चित्र प्रस्तुत करते हैं ।

अन्य विधिक व विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

1) कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 143(5) की अपेक्षानुसार लेखा परीक्षा उस पर की गई कार्रवाई व कंपनी के खातों एवम् एकल वित्तीय विवरण पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में सुझायी गयी प्रथा के अनुपालन के बाद हम **अनुबंध "क"** में भारत के नियंत्रक एवम् महा लेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देशों का विवरण प्रस्तुत कर रहे हैं ।

2) अदिनियम की धारा 143(11) के अनुसारभारत की केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश,2016 (आदेश) में की गई अपेक्षानुसारहम **अनुबंध "ख"** में आदेश के परि.3 व 4 में निर्धारित मामलों पर प्रयोज्य सीमा तक लागू एक विवरण दे रहे हैं ।

3) अधिनियम की धारा 243(3) की अपेक्षा के अनुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि –

   (क) हमने अपनी हमने वह सभी जानकारियां व स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिये हैं, जो सर्वोत्तम जानकारी एवम् विश्वास के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजनार्थ आवश्यक थे ।

   (ख) हमारी राय में कंपनी द्वारा लेखों की यथोचित बहियां रखी गई हैं जिन्हें विधि द्वारा रखना अपेक्षित है, जैसा कि हमारे द्वारा उन बहियों की गई जाँच से प्रतीत होता है ।

   (ग) तुलन पत्र, लाभ हानी विवरण (अन्य व्यापक आय सहित),नकदी प्रवाह विवरण और ईक्विटी में परिवर्तनों का विवरण, जिनकी चर्चा इस रिपोर्ट में की गई है, खाता बहियों के साथ मेल खाती हैं ।

(घ) कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दि. 5 जून, 2015 के अधिसूचना क्र.जीएसआर463(ई) के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164(2) कंपनी पर लागू नहीं है ।

(ङ) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता के संबंध में **अनुबंध "ग"** में दी गई हमारी अलग रिपोर्ट देखें और

(च) कंपनी (लेखा परीक्षा व लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसारलेखा परीक्षा रिपोर्ट में शामिल अन्य मामलों के संबंध में हमारी राय में व हमारी सर्वोत्तम जानकारी व हमें दिये गये स्पष्टिकरणों के अनुसार–

1) कंपनी ने अपने एकल वित्तीय विवरण में(देखें टिप्पणी 14.4.7) अपनी वित्तीय स्थिति पर पेंडिंग मुकदमे के प्रभाव का प्रकटीकरण किया है ।

2) कोई दीर्घकाविक संविदाएं(व्युत्पन्न संविदाओं सहित) नहीं हैं जिनके लिये महत्वपूर्ण परिहार्य हानियों हेतु प्रावधान आवश्यक हो ।

3) कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षण व संरक्षण निधि को अँतरित की जाने वाली रकम को अंतरित करने में कोई विलंब नहीं हुआ ।

कृते मे.जे.एस.उबेरॉय एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म का पंजीकरण क्र.–111107डब्ल्यू

सीए अमरजीत सिंह संधू
भागीदार
सदस्यता क्र.108665

हस्ताक्षर का स्थानः नई दिल्ली
रिपोर्ट का दिनांक– 24 मई, 2018

वित्तीय वर्ष 2017 – 18 हेतु मॉयल कंपनी की स्वतंत्र लेखा परीक्षा रिपोर्ट का अनुबंध क

(भारत के नियंत्रक एवम् महा लेखा परीक्षक द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के अंतर्गत जारी निर्देशों के विवरण पर हमारी रिपोर्ट की विधिक व विनियामक आवश्यकताओं की रिपोर्ट के परि.1 में दिये गये संदर्भ के अनुसार)

क्रम सं.	निर्देश	उत्तर
1.	क्या कंपनी के पास पूर्ण स्वामित्व वाली व पट्टेवाली भूमि हेतु क्रमशः स्पष्ट हक / पट्टा विलेख हैं । यदि नही, तो कृपया पूर्ण स्वामीत्व और पट्टेवाली भूमी का श्रेत्र बताए जिसके लिए शिर्षक/पट्टा उपलब्ध नही है।	हां, कंपनी के पास पूर्ण स्वामित्व वाली व पट्टेवाली भूमि हेतु क्रमशः स्पष्ट हक / पट्टा विलेख हैं ।
2.	क्या ऋणों / ब्याज आदि से छूट देने / बट्टे खाते डालने के कोई मामले हुए हैं । यदि हां, तो उसके कारण व उसमें शामिल रकम बताएं	जैसा कि सूचित किया गया है व हमारी लेखा परीक्षा के दौरान पता चला है, ऋणों / ब्याज आदि से छूट देने / बट्टे खाते डालने के कोई मामले नहीं हुए हैं । हालांकि, ग्राहकों को व्यावसायिक शर्तों पर उधार पर्चियां जारी की गई हैं ।
3.	1) क्या अन्य पक्षों के पास पड़े माल हेतु व सरकार तथा अन्य प्राधिकरणों से प्राप्त उपहारों का उचित अभिलेख रखा गया है ।	(क) हां। (ख) सरकार अन्य प्राधिकरणों से कोई उपहार प्राप्त नहीं हुए ।

कृते मे.जे.एस.उबेरॉय एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म का पंजीकरण क्र.–111107डब्ल्यू

सीए अमरजीत सिंह संधू
भागीदार
सदस्यता क्र.108665

हस्ताक्षर का स्थानः नई दिल्ली
रिपोर्ट का दिनांक– 24 मई, 2018

मॉयल लिमीटेड के स्वतंत्र लेखा परीक्षा रिपोर्ट का अनुबंध "ख" वर्ष 2017 – 2018 लीए

(भारत सरकार द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(11) के अनुसार जारी कंपनी (लेखा परीक्षा रिपोर्ट) आदेश, 2016 की विधिक व विनियामक आवश्यकताओं पर हमारी रिपोर्ट के परि.2 में दिये गये संदर्भ के अनुसार)

हमारे द्वारा चाही गई व कंपनी द्वारा प्रदत्त जानकारियों व स्पष्टीकरणों के अनुसार व सामान्य लेखा परीक्षा के दौरान हमारे द्वारा जाँची गई बहियों व अभिलेखों के अनुसार व हमारी सर्वोत्तम जानकारी व विश्वास के अनुसार हम यह उल्लेख करते हैं कि–

(1) कंपनी की स्थायी संपत्तीयों के संबंध में–

(क) कंपनी पूर्ण मात्रात्मक विवरण देते हुए व स्थायी संपत्तीयो की स्थिति दर्शाते हुए उचित अभिलेख रखती है ।

(ख) जैसा कि हमें बताया गया है, प्रबंधन ने भौतिक रूप से स्थायी संपत्तीयों की जाँच की है और ऐसी जाँच करने पर कोई महत्वपूर्ण विसंगति नहीं पायी गई है । हमारी राय में कंपनी के आकार और संपत्तीयो के स्वरूप को देखते हुए वर्श के अंत में की गई स्थायी संपत्तीयो की जाँच उचित है ।

(ग) हमें प्रदत्त जानकारी व स्पष्टीकरणों के अनुसार व कंपनी के अभिलेखों की हमारे द्वारा की गई जाँच के आधार पर अचल संपत्ति के हक विलेख कंपनी के नाम पर हैं ।

(2) कंपनी अपने माल की नियमित रूप से भौतिक जाँच करती है, वर्ष के दौरान इस प्रकार की जाँच की गई थी व ऐसी जाँच करने पर कोई महत्वपूर्ण विसंगति नहीं पायी गई ।

(3) हमें प्रदत्त जानकारियों व स्पष्टीकरणों के अनुसार कंपनी नेकंपनियों, सीमित देयता वाली भागीदारी फर्मों या कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के अंतर्गत रखे गये रजिस्टर में शामिल अन्य पक्षों को कोई जमानती या गैर – जमानती ऋण नहीं दिया है ।

(4) हमारी राय में व हमें प्रदत्त जानकारियों एवम् स्पष्टीकरणों के अनुसार कंपनी ने ऋणों, निवेशों, गारंटियों व प्रतिभूति के संबंध में कंपनी अधिनियम की धारा 185 व 186 के प्रावधानों का पालन किया है ।

(5) हमें प्रदत्त जानकारियों एवम् स्पष्टीकरणों के अनुसार कंपनी ने कंपनी अधिनियम की धारा 73 से 76 या उसके अंतर्गत बनाये गये किसी भी नियम के अंतर्गत कोई जमाराशि स्वीकार नहीं की है ।

(6) केंद्र सरकार ने कंपनी अधिनियम की धारा 148 की उप धारा (1) के अंतर्गत लागत अभिलेखों का रखरखाव निर्धारित किया है और प्रथम दृष्ट्या निर्धारित लागत अभिलेख रखे गये हैं । किंतु हमने लागत अभिलेखों की इस दृष्टि से विस्तृत जाँच नहीं की है कि यह पता लगाया जा सके कि वे सही व पूर्ण हैं या नहीं ।

(7) (क) हमें प्रदत्त जानकारियों एवम् स्पष्टीकरणों के अनुसार व हमारे द्वारा की गई बहियों की जाँच के आधार पर, कंपनी आम तौर पर यथोचित प्राधिकारियों को अविवादित सांविधिक देय रकमों जैसे भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आय कर, बिक्री कर, सेवा कर,सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्य वर्धित कर, उपकर तथा वर्ष के दौरान उस पर लागू अन्य सांविधिक देय रकमों को नियमित रूप से जमा करती रही है ।

हमें प्रदत्त जानकारियों एवम् स्पष्टीकरणों के अनुसार भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आय कर, बिक्री कर, सेवा कर,सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्य वर्धित कर, उपकर व अन्यसांविधिक रूप से देय रकमें दि.31 मार्च, 2018 को देय दिनांक से 6 माह से अधिक अवधि हेतु बकाया नहीं थी ।

(ख) निर्धारण देय से संबंधित विभिन्न विवादों के कारण कंपनी द्वारा जमा न की गई आय कर, प्रवेश करव मूल्य वर्धित कर तथा उत्पाद शुल्क की देय रकमों का विवरण निम्नानुसार है–

कानून का नाम	मांगी गई रकम(रु. लाख में)	आपत्ति सहित अदा की गई रकम (रु. लाख में)	अवधि जिससे रकम संबंधित है	वह फोरम जहां विवाद लंबित है।
आयकर अदिनियम, 1961	384.82 451.79 60.01 584.96 45.01	384.82 451.79 60.01 584.96 45.01	2006-07 2008-09 2009-10 2009-10 2010-11	उच्च न्यायालय
	116.99 310.23 45.61 82.62 169.53	116.99 310.23 45.61 82.62 169.53	2011-12 2012-13 2013-14 2014-15 2015-16	आयकर आयुक्त (अपील)
आयकर आयुक्त (अपील), 1975	13.68 6.28	6.70 6.28	2008-09 2012-13	म.प्र.वाणिज्यिक कर,अपीलीय बोर्ड, भोपाल
	2.86	0.72	2013-14	म.प्र.वाणिज्यिक कर,अपील, जबलपुर
महा.रा..वैट अदि, 2002	13.68 0.40 2.01	0.00 0.00 0.00	2009-10 2010-11 2011-12	बिक्री कर अपीलीय, महा.रा.
म.प्र.वैट अधि, 2002	2.28 3.68 9.15	0.65 1.47 6.66	2010-11 2011-12 2012-13	म.प्र.वाणिज्यिक कर,अपीलीय बोर्ड, भोपाल
महा.रा.सीएसटी अधि,1956	3.24 0.71	1.08 0.47	2010-11 2011-12	बिक्री कर अपीलीय(महा.रा.)
महा.रा.सीएसटी अधि,1956	6.10	1.53	2013-14	म.प्र.वाणिज्यिक कर,अपील, जबलपुर
म,प्र.प्रवेश कर अधिनियम,1975	21.75 10.72	2.18 1.07	2014-15 2015-16	म.प्र.वाणिज्यिक कर,अपील, जबलपुर

(8) कंपनी का किसी भी वित्तीय संस्था,बैंक, सरकार या डिबेंचर धारक से ऋण या उधार नहीं है । तदनुसार, आदेश का परि.3(9) लागू नहीं है ।

(9) कंपनी ने वर्ष के दौरान प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आइपीओ) या आगे के सार्वजनिक प्रस्तावों (ऋण लिखतों सहित) के रूप में कोई रकम नहीं जुटाई है । तदनुसार, आदेश का परि.3(9) लागू नहीं है।

(10) हमें प्रदत्त जानकारियों एवम् स्पष्टीकरणों के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा के दौरान कंपनी द्वारा या कंपनी के किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा कंपनी पर कोई जालसाजी नतो पायी गई और न ही रिपोर्ट की गई ।

(11) हमें प्रदत्त जानकारियों एवम् स्पष्टीकरणों के अनुसार कंपनी को अधिनियम की अनुसूची V के साथ पठित धारा 197 के प्रावधानों से छूट प्राप्त है ।

(12) हमारी राय में व हमें प्रदत्त जानकारियों एवम् स्पष्टीकरणों के अनुसार कंपनी निधि कंपनी नहीं है । तदनुसार, आदेश का परि.3(12) लागू नहीं है।

(13) हमें प्रदत्त जानकारियों एवम् स्पष्टीकरणों के अनुसार व हमारे द्वारा की गई कंपनी के अभिलेखों की जाँच के आधार पर संबंधित पक्षों से किये गये व्यवहार अधिनियम की धारा 177 व 188 के अनुसरण में हैं जहां प्रयोज्य लेखांकन के मानकों के अनुसार एकल वित्तीय विवरण में, जहां भी लागू हो, ऐसे व्यवहारों के विवरण प्रकट किये गये हैं ।

(14) हमें प्रदत्त जानकारियों एवम् स्पष्टीकरणों के अनुसार व हमारे द्वारा की गई कंपनी के अभिलेखों की जाँच के आधार पर कंपनी ने कोई अधिमानी आबंटन नहीं किये हैं या वर्ष के दौरान शेयरों या पूर्णतः या आंशिक रूप से परिवर्तनीय डिबेंचरों का निजी तौर पर आबंटन नहीं किया है ।

(15) हमें प्रदत्त जानकारियों एवम् स्पष्टीकरणों के अनुसार व हमारे द्वारा की गई कंपनी के अभिलेखों की जाँच के आधार पर कंपनी ने निदेशकों या निदेशकों से संबंधित व्यक्तियों के साथ कोई गैर – नकदी व्यवहार नहीं किया है अतः कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 192 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते ।

(16) कंपनी को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934के अंतर्गत पंजीकृत करना आवश्यक नहीं है ।

कृते मे.जे.एस.उबेरॉय एंड कं.
सनदी लेखाकार

फर्म का पंजीकरण क्र.–111107 डब्ल्यू
सीए अमरजीत सिंह संधू
भागीदार

सदस्यता क्र.108665
हस्ताक्षर का स्थानः नई दिल्ली
रिपोर्ट का दिनांक– 24 मई, 2018

वित्तीय वर्ष 2017 – 18 हेतु मॉयल कंपनी की स्वतंत्र लेखा परीक्षा रिपोर्ट का "अनुबंध ग"

(हमारी रिपोर्ट की विधिक व विनियामक आवश्यकताओं पर हमारी रिपोर्ट के परि.3(एफ) में दिये गये संदर्भ और अधिनियम की धारा 143(3)(1) के अनुसार के अनुसार)

कंपनी अधिनियम(अधिनियम) की धारा 143 की उपधारा3 के खंड(1) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्ट

हमने दि.31 मार्च, 2018 को **मॉयल लिमिटेड** (कंपनी) की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा उसी दिनांक को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु कंपनी के एकल वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के साथ मिला कर की है ।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों हेतु प्रबंधन के दायित्व

कंपनी का प्रबंधन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा पर मर्गदर्शन टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आधारित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रखने व स्थापित करने हेतु जिम्मेदार है । इन जिम्मेदारियों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का स्वरूप निर्धारण, कार्यान्वयन व रखरखाव शामिल है, जो उसके व्यवसाय के प्रभावी एवम् सुचारू संचालन हेतु कार्यरत थे, जिसमें कंपनी की नीतियों का पालन, व उसकी आस्तियों की रक्षा व कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत की गई अपेक्षानुसार विश्वसनीय वित्तीय जानकारी को समय पर तैयार करना शामिल है ।

लेखा परीक्षक का दायित्व

हमारी जिम्मेदारी अपनी लेखा परीक्षा के आधार पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर अपनी राय व्यक्त करने की है । हमने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा पर मर्गदर्शन टिप्पणी एवम् आइसीएआइ द्वारा जारी लेखा परीक्षा के मानकों के अनुसार अपनी लेखा परीक्षा आयोजित की, जो वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर प्रयोज्य सीमा तक कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा143(10) के अंतर्गत निर्धारित मानी जाती है, जो दोनों आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा पर लागू हैं और दोनों इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ) द्वारा जारी हैं ।उन मानकों एवम् मार्गदर्शन टिप्पणी की यह मांग है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का पालन करें और लेखा परीक्षा का आयोजन व निष्पादन यह तर्कसम्मत आश्वासन प्राप्त करने हेतु करें कि क्या वितितीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित किये गये थे और क्या ऐसे नियंत्रण सभी महत्वपूर्ण पहलुओं के संबंध में प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे ।

हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता व उनकी परिचालनगत प्रभाविकता के बारे में साक्ष्य जुटाने हेतु की जाने वाली कार्यविधि शामिल होती है । वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना,कोई महत्वपूर्ण जोखिम होने की संभावना का पता लगाना और इस प्रकार निर्धारित जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रणों की प्रभाविकता का परीक्षण करना शामिल था । चयनित प्रक्रियाएं लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर होती हैं , जिसमें एकल वित्तीय विवरणों में महत्वपूर्ण गलत बयानी का जोखिम शामिल होता है, चाहे वह जालसाजी के कारण हो या चूक के कारण हो ।

हमें विश्वास है कि जो लेखा परीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त की है वह पर्याप्त है और कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर लेखा परीक्षा की राय बनाने हेतु एक उचितआधार तौयार करता है ।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का तात्पर्य

कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के संबंध में एक तर्कसम्मत आश्वासन प्रदान करने और लेखांकन के आम तौर पर स्वीकृत सिद्धांतों के अनुसार बाहरी प्रयोजनार्थ वित्तीय विवरणों को बनाने हेतु बनाया गया है । कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में उन नीतियों एवम् कार्यविधियों का समावेश होता है जो (1) अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित हों, जो पर्याप्त विस्तार में कंपनी की आस्तियों के सही व स्पष्ट व्यवहारों एवम् निपटान का चित्र प्रस्तुत करें (2) इस आशय का एक तर्कसम्मत आश्वासन दे सकें कि यथावश्यक ल्यवहारों को इस प्रकार रेकॉर्ड किया गया है जो आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन के सिद्धांतों को बनाने हेतु आवश्यक हों और कंपनी की प्राप्तियों तथा व्यय का व्यवहार कंपनी के प्रबंधन एवम् निदेशकों के प्राधिकार से ही किये जाते हों व (3) कंपनी की आस्तियों के अनधिकृत अधिग्रहणों,उपयोग या निपटान के संबंध में एक तर्कसम्मत आश्वासन प्रदान करं, जिनका वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है ।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाएं

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाओं, जिसमें मिलीभगत की संभावना या नियंत्रणों की प्रबंधन द्वारा अवहेलना शामिल हो, के कारण चूक या जालसाजी की वजह से महत्वपूर्ण गलतबयानी हो सकती है जिसका पता लगाना भी संभव न हो । भविष्य की अवधियों की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के मूल्यांकन का कोई भी पूर्वानुमान इस जोखिम के अधीन हो सकता है कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण अपर्याप्त हो जाएं या नीतियों या कार्यविधियों में गिरावट आ जाए ।

राय

हमारी राय में कंपनी में सभी महत्वपूर्ण संबंधों में वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण मौजूद हैं और वित्तीय रिपोर्टिंग पर ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा पर मर्गदर्शन टिप्पणी के आधार पर दि.31 मार्च, 2018 को प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे थे ।

कृते मे.जे.एस.उबेरॉय एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म का पंजीकरण क्र.–111107डब्ल्यू

सीए अमरजीत सिंह संधू
भागीदार
सदस्यता क्र.108665

हस्ताक्षर का स्थानः नई दिल्ली
रिपोर्ट का दिनांक– 24 मई, 2018

दि.31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष हेतु मॉयल लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(b) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक व महा लेखापरीक्षक द्वारा जारी टिप्पणियां

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के अंतर्गत निर्धारित ढाँचे के अनुसार दि.31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष हेतु वित्तीय विवरण बनाने का दायित्व कंपनी का है । अधिनियम की धारा 139(5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक व महा लेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक का यह दायित्व है कि अधिनियम की धारा 143(10) में निर्धारित लेखा परीक्षण के मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखा परीक्षा के आधार पर अधिनियम की धारा 143 के अंतर्गत राय व्यक्त करें । ऐसा उनके द्वारा दि.24 मई, 2018 की लेखा परीक्षा रिपोर्ट में किये गये उल्लेख के अनुसार किया गया है ।

मैंने भारत के नियंत्रक व महा लेखा परीक्षक की ओर से मॉयल लिमिटेड के दि.31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष हेतु वित्तीय विवरणों का धारा 143(6) (a) के अंतर्गत पूरक लेखा परीक्षा की है । यह पूरक लेखा परीक्षा सांविधिक लेखा परीक्षकों के कामकाजी कागजात देखे बगैर स्वतंत्र रूप से की गई है और यह प्राथमिक रूप से सांविधिक लेखा परीक्षकों व कंपनी के कार्मिकों से पूछताछ और कुछ लेखांकन अभिलेखों की चुनिंदा जाँच तक सीमित है । मेरी लेखा परीक्षा के आधार पर कोई भी ऐसी महत्वपूर्ण बात मेरी जानकारी में नहीं आयी जिससे सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी करने या जोड़ने की आवश्यकता हो ।

कृते

भारत के नियंत्रक व महा लेखा परीक्षक

स्थान:नई दिल्ली
दिनांक:25 जुलाई,2018

(विक्रम डी मुरुगराज)
वाणिज्यिक लेखा परीक्षा के प्रधान निदेशक एवम्
लेखा परीक्षा बोर्ड–3
के पदेन सदस्य
नई दिल्ली

दि.31 मार्च, 2018 को एकल तुलन पत्र

(₹ in lakhs)

	विवरण	टिप्पणी क्र.	दि.31मार्च,2018 को चालू वित्तीय वर्ष के अंत के आंकड़े	दि.31मार्च,2017 को पिछले वित्तीय वर्ष के अंत के आंकड़े
	आस्तियां			
1	गैर– चालू आस्तियां			
	(क) संपत्ति, संयंत्र व उपकरण	2.1	33354.90	30532.28
	(ख) चालू पूंजीगत कार्य	2.2	23377.45	11616.14
	(ग) अन्य अगोचर आस्तियां	2.3	1422.38	2087.28
	(घ) विकासाधीन अगोचर आस्तिया	2.4	471.60	0.00
	(ङ) वित्तीय आस्तियां			
	(1) निवेश	3.1	21.29	21.29
	(2) ऋण	4.1	114.65	123.03
	(च) अन्य गैर - चालू आस्तिया	4.2	4795.51	6469.71
2	चालू आस्तियां			
	(क) मालसूची	5.1	9728.37	12217.44
	(ख) वित्तीय आस्तिया			
	(1) निवेश	5.2	2329.87	0.00
	(2) व्यापार की प्राप्य रकमें	5.3	19001.67	24125.09
	(3) नकदी व नकदी समकक्ष	5.4	2417.57	10621.86
	(4) उक्त(3) के अलावा बैंक में शेष	5.5	211495.11	198490.90
	(5) ऋण	6.1	500.82	482.41
	(ग) चालू कर आस्तियां(निवल)	6.2	3243.34	0.00
	(घ) अन्य चालू आस्तियां	6.3	11778.75	12430.70
	कुल आस्तियां		324053.28	**309218.13**
	ईक्विटी आणि देयता			
	ईक्विटी			
	(क) इक्विटी शेयर पूंजी	7.1	25760.89	13318.78
	(ख) अन्य इक्विटी	7.2	254158.87	267216.28
	देयताएं			
1	गैर चालु देयताएं			
	(क) प्रावधान	8.1	1029.09	934.57
	(ख) अस्थगित कर देयताएं (निवल)	14.4.2	229.56	603.07
	(ग) अन्य गैर–चालु देयता	8.2	644.68	378.54
2	चालु देयता			
	(क) वित्तीय देयताएं			
	(1) व्यापार के देय	9.1	5157.69	4170.17
	(2) अन्य वित्तीय देयताएं	9.2	10061.37	5723.31
	(ख) अन्य चालु देयताएं	10.1	17271.45	10901.89
	(ग) प्रावधान	10.2	9739.68	4089.62
	(घ) चालु कर देयताएं (निवल)	10.3	0.00	1881.90
	कुल इक्विटी व देयता		324053.28	**309218.13**
महत्त्वपूर्ण लेखांकन की महत्वपूर्ण नीतियां व लेखों पर टिप्पणियां		1 । 14.4		

हमारी समदिनांकित रिपोर्ट के अनुसार
कृते मे.जे.एस.उबेरॉय एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म का पंजीकरण नं. 111107 डब्ल्यू

सी ए अमरजीत सिंह संधू
भागीदार
सदस्यता क्र. 108665
स्थान: नई दिल्ली
दिनांक:24 मई, 2018

कृते निदेशक बोर्ड

मुकुंद पी. चौधरी
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डी आय एन: 05339308

राकेश तुमान
निदेशक(वित्त)
डीआइएन: 06639859

नीरज पांण्डेय
कंपनी सचिव

दि.31 मार्च, 2018 को लाभ एवं हानी लेखा विवरण

	विवरण	टिप्पणी क्र.	दि.31मार्च,2018 को चालू वित्तीय वर्ष के अंत के आंकड़े	दि.31मार्च,2017 को पिछले वित्तीय वर्ष के अंत के आंकड़
1.	परिचालनों से आय	11.1	132346.08	98984.49
2.	अन्य आय	11.2	17772.15	22112.74
3.	**कुल आय(1+2)**		150118.23	**121097.23**
4.	**व्यय**			
(क)	उपभोग की गई सामग्री का लागत	12.1	2985.32	2646.68
(ख)	तैयार माल, विक्रेय माल व चालू कार्य की सूची में परिवर्तन	13.1	1944.15	4841.62
(ग)	कर्मचारी लाभ व्यय	14.1	40619.16	30766.21
(घ)	संविदात्मक व्यय (परिवहन, रेलिंग व ठेकेदारों के जरिये अन्य कार्य)		6780.49	6987.94
(ङ)	भंडार व पुर्जों पर व्यय		6134.58	5298.49
(च)	ऊर्जा व इंधन		4478.77	4051.34
(छ)	बिक्री व्यय	14.2	9759.30	8497.31
(ज)	मूल्यह्रास व ऋण परिशोधन व्यय	2.1 व 2.3	6244.96	5471.17
(झ)	अन्य व्यय	14.3	7975.18	7835.47
			86921.91	76396.23
	घटाए:अंतर युनिट अंतरण		1596.08	1488.96
5.	**कुल खर्च**		85325.83	**74907.27**
	लाभ / हानी अपवादात्मक मदों व कर से पूर्व(3-4)		64792.40	46189.96
6.	अपवादात्मक मदें		0.00	0.00
7.	**कर - पूर्व लाभ / हानी**		64792.40	**46189.96**
8.	**कर व्यय:**			
(क)	चालू कर		22966.55	16051.01
(ख)	लाभांश कर	14.4.2	-373.51	-444.24
			22593.04	**15606.77**
9.	सतत परिचालनों से लाभ / हानी(7-8)		42199.36	**30583.19**
10.	अन्य व्यापक आय:			
(1)	मदें जिन्हें लाभ या हानी में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा		-3601.27	-655.61
(2)	आयकर से संबंधित मदें जिन्हें लाभ या हानी में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा		1256.79	0.00
11.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय(9-10)		-2344.48	**-655.61**
12.	रु.10 के प्रति ईक्विटी शेयर अर्जन	14.4.18	39854.88	**29927.58**
	(1) मूल(रु.)		21.08	20.21
	(2) तनूकृत(रु.)		21.08	20.21
लेखांकन की महत्वपूर्ण नीतियां व लेखों पर टिप्पणियां		1 व 14.4		

हमारी समदिनांकित रिपोर्ट के अनुसार
कृते मे.जे.एस.उबेरॉय एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म का पंजीकरण नं. 111107 डब्ल्यू

सी ए अमरजीत सिंह संधू
भागीदार
सदस्यता क्र. 108665
स्थान: नई दिल्ली
दिनांक:24 मई, 2018

कृते निदेशक बोर्ड

मुकुंद पी. चौधरी
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डी आय एन: 05339308

राकेश तुमान
निदेशक(वित्त)
डीआइएन: 06639859

नीरज पांण्डेय
कंपनी सचिव

दि.31 मार्च,2018 को समाप्त वर्ष हेतु ईक्विटी में परिवर्तनों का एकल विवरण

अ ईक्विटी शेयर पूंजी

(रु.लाख में)

रिपोर्टिंग अवधि के प्रारंभ में शेष	वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परीवर्तन			रिपोर्टिंग अवधि के अंत में शेष
	बोनस शेयरों का निर्गम	शेयरों की पुनर्खरीद	निवल	
13318.78	13318.78	876.67	12442.11	25760.89

ब अन्य इक्विटी

	शेयर आवेदन रकम बनाया आंबटन	चक्रवर्धित वित्तीय लिखत का ईक्विटी घटक	प्रारक्षित व अधिशेष				अन्य व्यापक आय के जरियेऋण लिखत	अन्य व्यापक आय के जरिये ईक्विटी लिखत	नकदी प्रवाह बचाव का प्रभावी अंश	पुनर्मूल्यांकन अधिशेष	एक विदेशी परिचालन के अंतरण पर विनिमय अंतर	अन्य व्यापक आय की अन्य मदें(स्वरूप बताएं)	शेयर वारंटों पर प्राप्त धन	कुल
			पूंजी मोचन प्रारक्षित	प्रतिभूति प्रीमियम प्रारक्षित	अन्य प्रारक्षित सामान्य प्रारक्षित	प्रतिधारित अर्जन								
रिपोर्टिंग अवधि के प्रारंभ में शेष	–	–	3481.22	–	253664.36	10070.70	–	–	–	–	–	–	–	267216.28
लेखांकन नीति में परिवर्तन या पूर्व अवधि की चूकें	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	0.00
रिपोर्टिंग अवधि के प्रारंभ में पुरउल्लिखित शेष	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	0.00
वर्ष हेतु कुल व्यापक आय	–	–	–	–	–	39854.88	–	–	–	–	–	–	–	39854.88
सामान्य प्रारक्षित निधि को अंतरित	–	–	–	–	–	-22000.00	–	–	–	–	–	–	–	-22000.00
लाभांश व लाभांश कर	–	–	–	–	–	-19236.20	–	–	–	–	–	–	–	-19236.20
प्रतिधारित अर्जन से अंतरण	–	–	–	–	22000.00	–	–	–	–	–	–	–	–	22000.00
कोई अन्य परिवर्तन-बोनस शेयरों का निर्गम	–	–	-3481.22	–	-9837.56	–	–	–	–	–	–	–	–	-13318.78
शेयरों की पुनर्खरीद व उस पर व्यय	–	–	876.67	–	-21233.98		–	–	–	–	–	–	–	-20357.31
रिपोर्टिंग अवधि के अंत में शेष	–	–	876.67	–	244592.82	8689.38	–	–	–	–	–	–	–	254158.87
कुल ईक्विटी(क+ख)	–	–	–	–			–	–	–	–	–	–	–	279919.76

हमारी समदिनांकित रिपोर्ट के अनुसार
कृते मे.जे.एस.उबेरॉय एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म का पंजीकरण नं. 111107 डब्ल्यू

सी ए अमरजीत सिंह संधू
भागीदार
सदस्यता क्र. 108665
स्थानः नई दिल्ली
दिनांक:24 मई, 2018

कृते निदेशक मंडल

मुकुंद पी. चौधरी
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डी आय एनः 05339308

राकेश तुमाने
निदेशक(वित्त)
डीआइएनः 06639859

नीरज पांण्डेय
कंपनी सचिव

दि. 31 मार्च,2018 को समाप्त वर्ष हेतु एकल नकदी प्रवाह विवरण

रु.लाख में

